# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 25 दिसंबर 2023




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## श्रमिकों के हितों के लिए संकल्पित

## मध्यप्रदेश सरकार



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# "मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित" कार्यक्रम

गरिमामयी उपस्थिति

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

25 दिसम्बर 2023 । प्रातः 11.00 बजे से

कनकेश्वरी धाम ग्राउंड, इंदौर

"32 वर्षों से लंबित श्रमिकों की बकाया राशि के भुगतान के मध्यप्रदेश सरकार के निर्णय से मिल मजदूरों को बड़ी राहत मिली है। श्रमिकों का जीवन रोशन करने का हर संभव कदम उठाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।"

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in DDNEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11156/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

### खुशियों की झिलमिल रोशनी से चमके चर्च, धूमधाम से मनाया क्रिसमस

# यीशु के जन्मोत्सव पर देर रात गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थनाएं, चर्च व घरों में सजाई घास-फूस की झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रविवार को शहर क्रिसमस की खुशियों में मानो झूम उठा। रोशनी से जगमगाते शहर के गिरजाघरों से कैंडल रैलियां निकाली गई। वहीं कैरोल गीत गूंजते रहे, देर रात तक क्रिसमस पर्व को मनाया गया। इस दौरान बालक यीशु का जन्म हुआ, वैसे ही शहर के गिरजाघरों में मैरी क्रिसमस की स्वरलहरियां गूंज उठी। लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी, केक काटकर खुशियां मनाई। बच्चों को उपहार बांटे गए। क्रिसमस पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना होगी।

सेंट जॉन्स इवेन्जलिकल लूथरन चर्च गोविंदपुरा के फादर अनिल मार्टिन ने बताया कि बालक यीशु के जन्मोत्सव के साथ ही क्रिसमस की शुरुआत हो गई। शहर के गिरजाघरों में देर रात प्रार्थनाएं शुरू हुई। इस साल क्रिसमस को बड़ी धूमधाम देखने को मिल रही है। कैथोलिक समाज इस बार प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में क्रिसमस का त्यौहार उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इसी के तहत 24 दिसंबर (रविवार) की रात को प्रभु के आगमनकाल पर चर्चों में रातभर विशेष आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने देर रात केक काटकर प्रभु के जन्म की खुशियां मनाई। ईसाई समाज के प्रवक्ता ने बताया कि जन्मोत्सव पर बाईबिल पाठ के साथ विशेष प्रार्थना हुई। सेंट फ्रांसिस केथड्रल में रात दस बजे विशेष प्रार्थना की गई। जिसका नेतृत्व आर्चबिशप दुरईराज ने किया। आर्चबिशप सेबेस्टिन दुरईराज ने बाइबिल का पाठ कर प्रभु यीशु का संदेश सुनाया। चर्च व घरों में प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित झांकियां सजाई गईं।

### आर्चबिशप सेबेस्टिन दुरईराज ने बाइबिल का पाठ कर प्रभु यीशु का संदेश सुनाया

**आज मनाया जाएगा क्रिसमस पर्व**

**ईसाइयों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई देकर मनाई खुशियां, बच्चों को बांटे उपहार**





**यहां हुई प्रार्थना सभाएं**
सेंट फ्रांसिस चर्च जहांगीराबाद, अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज, गोविंदपुरा, बरखेडा, बरखेड़ी, अशोका गार्डन, बैरागढ़, कोलार व सुभाष नगर स्थित चर्च में देर रात तक विशेष प्रार्थनाओं के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**एक-दूसरे के घर जाकर कैरोल सिंगिंग**
फादर आनंद मुटुंगल समाजजन एक-दूसरे के घर जाकर कैरोल सिंगिंग का आयोजन किया गया। राजधानी में 25 दिसंबर को इस बार क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले रविवार को चर्च में विशेष प्रार्थना सभाएं हुई और कैंडल रैलियां निकाली गईं। रात करीब 12:00 बजे केक काटने के बाद कैरोल सॉन्ग के माध्यम से प्रभु यीशु की महिमा का बखान किया गया।

## ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस सहस्त्रबाहु नगर सेवा केंद्र में मनाया क्रिसमस

भोपाल। ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस सहस्त्रबाहु नगर सेवाकेंद्र में क्रिसमस पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें सेवा केंद्र प्रभारी बीके डॉ. रीना दीदी ने सभी को क्रिसमस का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि खुशहाल रहना है, खुशहाली बांटना है। सभी के जीवन में क्रिसमस ट्री की तरह खुशियों की जगमगाहट रहे।





**खुश रहने व खुशी बांटने का लिया संकल्प**
ब्रह्माकुमारीज संस्थान के बच्चों एवं भाई बहनों ने सांता क्लॉस की वेशभूषा में जिंगल बेल जिंगल बेल गाने पर डांस किया। सेंटा क्लॉस ने उपस्थित सभी भाई बहनों को टॉफी, ग्रीटिंग्स दिए। सभी ने खुश रहने एवं खुशी बांटने का संकल्प लिया। सभी ने मिलकर इस सुंदर अवसर पर केक कटिंग भी की।

## जाटखेड़ी में गुरु घासीदास जयंती उत्साह से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



छत्तीसगढ़ के गिरोदपुरी की पावन धरा पर जन्म लेकर समस्त जीव जगत सत के मार्ग पर ले जाने वाले ऐसे महान संत शिरोमणि सतगुरु गुरु घासीदास बाबाजी की 267वीं जयंती गुरु घासीदास सेवा समिति के द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास से रविवार स्थान जाटखेड़ी भवानी नगर में मनाया गया। इस दौरान चौका पूजा, पंथी नृत्य और भंडारे का कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा गौर, पार्षद अर्चना परमार, समाज के अध्यक्ष चमन बघेल, उपाध्यक्ष उत्तम कांठले, सहा उपाध्यक्ष गोकरण कोसले, सचिव उमेश गहेरवार, कोषाध्यक्ष कमलेश सत्यम, सह सचिव रवि कोसले व संरक्षक सदस्य रामप्रसाद ब्रिज कोसले आदि लोग मौजूद रहे।

**5 स्थानों पर 500 कंबल का किया वितरण**

## भोजपाल महोत्सव मेला समिति की पहल, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भेल जनसेवा समिति द्वारा आयोजित भोजपाल महोत्सव मेला टीम द्वारा रविवार को गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया गया। मेला समिति द्वारा गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में 5 जगहों पर 500 कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर इंदिरा नगर, चांदमारी बी सेक्टर, 100 क्वार्टर, 60 क्वार्टर, 50 क्वार्टर के रहवासियों को कम्बल दिया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता और मेला संयोजक विकास वीरानी और विशिष्ट अतिथि मेला अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री हरीश कुमार राम, वीरेंद्र तिवारी रहे। बता दें कि भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा लगातार सामाजिक और समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम और आयोजन किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को कम्बल वितरण किया गया। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि आगे भी कम्बल वितरण के साथ ही अन्य सामाजिक पहल और आयोजन किए जाएंगे। बता दें कि भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा बीते वर्ष भेल दशहरा मैदान पर दो बड़े संतों की कथा कराई गई थी। इसमें मोटिवेशनल स्पीकर व भागवताचार्य जया किशोरी और जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज द्वारा नौ दिवसीय रामकथा की गई थी। इस मौके पर महेंद्र नामदेव, विनय सिंह, केश कुमार शाह आदि मौजूद थे।

## युवा, समाज और देश के विकास में योगदान दें: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विन्ध्य में शिक्षा की अलख जगा रहा है। शिक्षा विकास का आधार है। शिक्षा ही हमें कर्तव्यों का बोध कराकर श्रेष्ठ नागरिक बनाती है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगारमूलक पाठयक्रम भी संचालित करें, जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को नई शिक्षा नीति तथा रोजगार के अवसर देने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। सभी युवा समाज और देश के विकास में सहभागी बनें। विद्यार्थी का जीवन अनुशासित होना चाहिए। बिजली और पानी की बचत करके भी देश के विकास में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य और अच्छी सफलता की शुभकामनाएं दी।

**मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ है: स्वामी ऋतेश्वर**

**विद्यार्थियों को पदक और उपाधि प्रदान की**



राज्यपाल तथा कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को पदक तथा उपाधि प्रदान की। समारोह का आयोजन पंडित शंभुनाथ शुक्ल सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल तथा अन्य अतिथियों के साथ विवि के आचार्यों ने शोभा यात्रा निकाली। समारोह में विवि की पत्रिका दीक्षा पर्व, पुस्तिका विन्ध्य भारती और दीक्षांत प्रोफाइल का विमोचन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वृंदावन के आनंद पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी ऋतेश्वर ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और सनातन धर्म का मेल कराकर नई तरह की शिक्षा देने के लिए शीघ्र ही सनातन विवि की स्थापना की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय कुनबी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ

■ 800 लोग आयोजन में जुड़े

**भोपाल।** केंद्रीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन भारत एवं समग्र क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज महासभा मप्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ। इसमें मप्र सहित देश विदेश से 800 से अधिक युवक-यवती व उनके अभिभावक जुड़े। अमेरिका, कनाडा, दुबई एवं ऑस्ट्रेलिया अन्य देशों के 278 युवक-युवतियों ने विवाह के लिए ऑनलाइन अपना परिचय दिया।

## बेटी को जन्म देने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**पति की प्रताड़ना से दुखी होकर मायके रह रही थी पीड़िता, मायके पहुंचकर कहा तीन तलाक**

गांधी नगर थाना क्षेत्र में पति द्वारा तीन तलाक कहकर पत्नी से संबंध खत्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार अब्बास नगर की एक कॉलोनी में रहने वाली 35 साल की महिला बैंक में नौकरी करती हैं। वर्ष 2017 में उनकी शादी में बैंक में साथ काम करने वाले कोहेफिजा निवासी शख्स से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा था। पति की




जुल्मो-ज्यादती उस समय बढ़ गई, जब करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। पति का कहना था कि वह बेटा चाहता था। इसी बात को लेकर वह महिला को परेशान करने लगा। तंग आकर पीड़ित कुछ समय से अपने मायके आकर रहने लगी थी। पीड़िता का कहना है कि पिछले दिनों पति कुछ लोगों के साथ उनके अब्बास नगर की कॉलोनी वाले घर आया और पीड़िता के माता-पिता के सामने तीन बार तलाक-तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी पति ने बाद में कजियात के तलाक के पेपर भी उसके पास भेज दिए।

**21 प्रवासी भारतीय साहित्यकार सम्मानित**

## विवि के 40 स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन करने मेंटर बनेंगे सम्मानित प्रवासी भारतीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने प्रवासी साहित्यकार सम्मान समारोह का किया आयोजन**

पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा 23 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर में विश्वरंग कार्यक्रम अंतर्गत कला एवं साहित्य महोत्सव में प्रवासी साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने बताया हम विश्वरंग के माध्यम से हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार का कार्य कर रहे हैं और हमारे इस कार्य को पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर जैसी जनसंपर्क की प्रामाणिक संस्था द्वारा सहयोग मिलना गर्व का विषय है। मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी आलोक अवस्थी ने विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए पब्लिक रिलेशनस सोसाइटी का भी आभार प्रकट किया।



**40 स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन करेंगे: भार्गव**
सम्मानित प्रवासी भारतीयों की तरफ से यूएसए के अनूप भार्गव ने बताया हम सभी प्रवासी विविध क्षेत्रों से आते हैं और रबींद्रनाथ टैगोर विश्विद्यालय के लगभग 40 स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन करने मेंटर बनेंगे।

**उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रवासी साहित्यकारों को चुना**
पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया भोपाल के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी नेबताया कि इस वर्ष साहित्य एवं भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 21 प्रवासी भारतीयों को चुना गया है। प्रवासी साहित्यकार सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व आईएएस आलोक अवस्थी, प्रख्यात चिकित्सक डॉ. एस.पी.दुबे., माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अविनाश वाजपेयी एवं जनसंपर्क एवं विज्ञापन विभाग तथा सिनेमा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव तथा रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के चांसलर संतोष चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में विजय बोंद्रिया, केके शुक्ला, योगेश पटेल, रुचि मिश्र तिवारी एवं अन्य उपस्थित रहे।



**इन प्रवासी भारतीयों का किया सम्मान**
पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया भोपाल द्वारा प्रवासी भारतीयों में यूनाईटेड किंगडम से वंदना मुकेश, जय वर्मा, ऋचा जैन, दिव्या माथुर, नीदरलैंड से पुष्पिता अवस्थी, रामा तक्षक, आयरलैंड से अभिषेक त्रिपाठी, श्रीलंका से अतीला कोतलावाल, बैंकाक थाईलैंड से शिखा रस्तोगी, यू.एस.ए. से सुनीता चांदला, अनूप भार्गव, इंद्रजीत शर्मा, रूस से प्रगति टिपणीस, ताशकंद से गुलेरा शेरमतोवा, ऑस्ट्रेलिया से मृदुल कीर्ति, उज्बेकिस्तान से उल्फत मुखीबोवा, लिस्बन वि.वि. पुर्तगाल से शिवकुमार सिंह, मॉरीशस से डॉ. माधुरी रामधारी, सिंगापुर से विनोद दुबे, कनाडा से डॉ. स्नेह ठाकुर एवं जापान से डॉ. रमा शर्मा को प्रवासी साहित्यकार सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।

**हिंदी वैश्विक संस्थाओं का भी किया सम्मान**
वैश्विक हिंदी संस्थाओं का भी सम्मान हुआ, जिनमे यूके वातायन, साझा संसार, निदरलैंड, वैश्विक हिंदी परिवार, हिंदी से प्यार है अनूप भार्गव की पुस्तक, हिंदी राइटर्स गिल्ड, कनाडा, इंडियन सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर संगम, गीतांजलि बहुभाषिक साहित्यिक समुदाय बर्मिंघम, हिंदुस्तानी समाज रूस, काव्य रंग नॉटिंघम के प्रतिनिधियों को सम्मान दिया गया।

## अटलजी के गीतों की प्रस्तुति आज



**भोपाल।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शहीद भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में पहली बार अटलजी के गीतों को शास्त्रीय नृत्य में पेश किया जाएगा। लायन्स इंटरनेशनल क्लब और एक्सिलेंसी टाइम इंटरनेशनल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कथक नृत्यांगना डॉ. विजया शर्मा एवं कलाकार प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम शाम 4 बजे शुरू होगा।

## भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक सम्मेलन आज, वक्ता देंगे मार्गदर्शन

**भोपाल।** भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक सम्मेलन 25 दिसंबर को 9 मसाला रेस्तरां में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन, समाज के वरिष्ठ सदस्यों व प्रतिभावान प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। समाज के सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि वार्षिक सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सफल हस्तियों द्वारा समाज के युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। ताकि वे भी प्रेरित होकर अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## सेवा मंडल दत्त मंदिर में 60 चिकित्सकों का सम्मान

**भोपाल।** श्री गुरुदेव सेवा मंडल दत्त मंदिर में शहर के 60 सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित चिकित्सकों का सम्मान किया गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष संजय जोशी ने बताया कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सकों की अहम भूमिका होती है। इसी को देखते हुए महाराष्ट्रीय समाज ने सम्मान का आयोजन किया।

## चंद्रमा पर मनुष्य और पृथ्वी पर ईश्वर, क्रिसमस: येसु दुनिया की रोशनी



चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण और विक्रम लैंडर तथा प्रज्ञान रोवर की सुरक्षित लैंडिंग के साथ, इसरो 2040 तक पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने की योजना बना रहा है। मनुष्य जहां चंद्रमा पर निवास की संभावना तलाश रहा है, जबकि ईश्वर मनुष्यों के बीच रहने के लिए धरती पर 2000 वर्ष पूर्व आये। उन्हीं प्रभु येसु को हमारे बीच वास करते हुए देखना अदभुत है। हम यह दृढता से मानते हैं कि ईश्वर प्रेम, शांति और सेवा में जीवन जीने के लिए हमें प्रबुद्ध करने के लिए पृथ्वी पर आए थे। पवित्र बाईबिल के योहन 3/16 में लिखा है "ईश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए"। क्रिसमस उस प्यारे ईश्वर के बारे में है जो अंधेरे और संकट में पड़ी मानवता के लिए प्रकाश और जीवन लाने के लिए इस पृथ्वी पर अवतरित हुए। क्रिसमस का उत्सव हम खीस्तीयों को विश्व के प्रकाश येसु की आराधना करने और जीवन का प्रकाश प्राप्त करने के लिए आमंत्रित करता है। ईश्वर स्वयं उतरकर इस धरती पर आये। दुनिया की रोशनी येसु ने हमें जीवन जीने का एक तरीका दिया है जो हमारे जीवन को रोशन करता है और हमें दूसरों के जीवन को रोशन करने के लिए प्रेरित करता है। क्रिसमस का उत्सव हमें समानता, न्याय और सद्भाव के साथ समाज के कमजोर वर्गों में जीवन और आशा लाने के लिए प्रेरित करता है। हम उन्हीं प्रभु के प्रकाश से प्रेरणा पाते हुए अस्पताल और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र के जरिये गांवों में कई गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य देखभाल, आय सृजन, आजीविका, सशक्तिकरण, पुनर्वास, शिक्षा, चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। हमारे प्रभु येसु का जन्मदिवस एक बड़ा त्यौहार है जिसे हम सार्थक रूप से मनायें। आने वाला हर दिन आपके जीवन में आशा की किरण लाये। आप सबको क्रिसमस की हार्दिक बधाई और नया साल 2024 आप सबके लिये मंगलमय हो। शुभकामनाओं साथ

**डॉ. ए.ए.एस. दुरईराज एस.व्ही.डी., महाधर्माध्यक्ष, भोपाल महाधर्मप्रांत**

भोपाल महाधर्मप्रांत
Archdiocese of Bhopal



क्रिसमस हमारे उस ईश्वर के बारे में है
जो अंधेरे और संकट में घिरी मानवता के लिए प्रकाश और जीवन का सन्देश लेकर इस पृथ्वी पर आये।
क्रिसमस का उत्सव समानता, न्याय और सद्भाव को सदैव प्राथमिकता देते हुए हमारे जीवन में आशा का संचार करता है।
यह क्रिसमस का पर्व हम प्रेम और सौहार्द के साथ मनाये।
आने वाला हर दिन आपके जीवन में आशा की किरण लाये।
**क्रिसमस की हार्दिक बधाई और नए साल की शुभकामनाओं के साथ!**



डॉ. ए. ए. एस. दुरईराज एस. व्ही. डी.
भोपाल महाधर्मप्रांत



भोपाल
सोमवार, 25 दिसंबर 2023
अगहन मास शुक्ल पक्ष–14
वर्ष : 10, अंक : 278
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4 .00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मेरी क्रिसमस

haribhoomi.com

## कुश्ती संघ निलंबित

इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन को एडहॉक कमेटी बनाने का आदेश, अगली व्यवस्था तक यह कमेटी डब्ल्यूएफआई का कामकाज देखेगी

# पहलवानी में 'मनमानी'... 'दांव' उल्टा पड़ा, कुश्ती संघ ही 'चित'

1 नए चुनाव से नाखुश थे प्रमुख पहलवान, फिर डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा कर दी थी

2 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बदले ब्रजभूषण शरण सिंह के सुर, कहा-मैंने तो कुश्ती से संन्यास ले लिया। मैं लोकसभा चुनाव पर ध्यान दे रहा हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ कड़ा फैसला लिया। उसने कई नियमों के उल्लंघन के कारण कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया। 21 दिसंबर को हुए चुनाव में भाजपा सांसद और डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह विजयी हुए थे। वह नए अध्यक्ष बने। उनके ▶▶ शेष पेज 4 पर



### संजय ने कहा-पहले पत्र देख लूं, फिर करुंगा टिप्पणी



निलंबित कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के बाद उन्हें अभी तक कोई पत्र नहीं मिला है। मैं फ्लाइट में था। पहले मुझे पत्र देखने दीजिए, उसके बाद ही कोई टिप्पणी करूंगा। मैंने सुना है कि कुछ गतिविधि रोक दी गई है।

### महिला को बनाया जाए अध्यक्ष



साक्षी मलिक ने कहा कि कुश्ती संघ का अध्यक्ष किसी महिला को बनाया जाए और एक अच्छा फेडरेशन हो। हमें तो यही चाहिए कि आगे आने वाले समय में जो महिला पहलवान आएं, वे सुरक्षित रहें।

**खेल मंत्रालय का यह है बयान**

### नवनिर्वाचित निकाय पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में

खेल मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया है कि नवनिर्वाचित निकाय खेल संहिता की पूरी तरह से उपेक्षा करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में प्रतीत होता है। केंद्र सरकार ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन को कुश्ती संघ चलाने के लिए पैनल बनाने का निर्देश दिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हुकुमचंद मिल मजदूरों को आज मिलेगा हक



**भोपाल।** हुकुमचंद मिल के मजदूरों को सोमवार को उनका हक मिलने वाला है। सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में इंदौर के कनकेश्वरी धाम में एक बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे और मजदूरों से चर्चा करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस के खास दिन में मजदूरों को उनका हक मिलेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### सुशासन दिवस आज होंगे कई कार्यक्रम



**भोपाल।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के मापदंडों का पालन करने के लिए उनके जन्म-दिवस 25 दिसंबर को सूबे की सरकार इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। इस मौके पर जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अविमुक्तेश्वरानंद करेंगे शीतकालीन चार धाम यात्रा



**वाराणसी।** ठंड के मौसम में चार धाम की यात्रा के मिथक को तोड़ने की पहल ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य ने की है। अब तक के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब शंकराचार्य शीतकालीन चार धाम यात्रा करेंगे। उत्तराखंड में ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 27 दिसंबर को इस यात्रा का श्रीगणेश अपने भक्तों के साथ करेंगे।

### शपथ ग्रहण का कार्यक्रम राजभवन में आज को दोपहर 3.30 बजे होगा

# मोहन सरकार आज लेगी 'आकार', 22 से अधिक विधायक लेंगे 'मंत्री पद' की शपथ

करीब डेढ़ हजार अतिथियों को आज भेजा जाएगा आमंत्रण, सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी ने शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू कर दी

*रविवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और फिर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में सौजन्य मुलाकात की। शाम को उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और मंत्रियों की संभावित सूची को लेकर उनसे सहमति ली।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में 12 दिन के इंतजार के बाद आखिरकार मंत्रियों को शपथ दिलाने की घड़ी आ ही गई।

राजभवन में सोमवार को भव्य कार्यक्रम रखा गया है। इसमें 22 से अधिक (ये संख्या 24 तक भी हो सकती है) नए व पुराने विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ही सुबह राज्यपाल से मिलकर मंत्रियों की सूची सौंपेंगे। इसके बाद शाम करीब 3.30 बजे ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार की सुबह राज्यपाल से मिलकर उन्हें मंत्रियों की सूची सौंपेंगे। मंत्री बनने वाले विधायकों को इसकी सूचना देर रात दे दी गई।

### 12 दिन बाद आखिरकार...आज मंत्रिमंडल 'विस्तार'





### मंत्री बनने वाले विधायक परिवार सहित आएंगे

डॉ. यादव ने 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दो उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व जगदीश देवड़ा ने भी शपथ ली थी। यह कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद से ही मंत्रिमंडल विस्तार की उल्टी गिनती शुरू हो गई थी। लगभग हर दिन कयास लगाए जाने लगे थे कि एक दो दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। किंतु अब जाकर यह घड़ी आई और पूरे जश्न के साथ राजभवन में मंत्रियों को शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। मंत्री बनने वाले विधायकों को इसकी सूचना देर रात दे दी गई। ताकि, वे परिवार सहित राजभवन में शिरकत कर सकें। सामान्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विंध्य, महाकौशल एवं चंबल से इनके नाम

विंध्य अंचल में रीवा से रीति पाठक, सीधी जिले के विश्वमित्र पाठक व नए जिले मऊगंज से प्रदीप पटेल को मंत्री पद का मौका मिल सकता है। महाकौशल से राकेश सिंह के साथ ही मंडला व डिंडोरी से ▶▶ शेष पेज 4 पर



रविवार रात को ही राजभवन के आसपास बैरिकेडिंग का काम शुरू हो गया।

### सीएम ने मीडिया को बताया...

#### बड़ा कार्यक्रम हो गया, गर्वनर शपथ दिलाएंगे

दिल्ली से भोपाल लौटने के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से बात की। सीएम ने कहा कि सोमवार को मध्यप्रदेश के मंत्रिमंडल की शपथ होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के नेतृत्व में हम फिर से विकास के लिए डबल इंजन सरकार के रूप में आएंगे। उन्होंने कहा कि गवर्नर मंत्रियो को शपथ दिलाएंगे। हालांकि इस दौरान कोई बड़ा कार्यक्रम होने की बात यादव टाल गए।



### इन नामों पर लग सकती है मुहर

नई सरकार में क्षेत्रीय व जातीय संतुलन को प्रमुखता दी जाएगी। मध्य भारत में भोपाल, रायसेन, राजगढ़ तथा नर्मदापुरम संभाग में बैतूल से मंत्री बनाए जाने के आसार हैं। मध्यभारत में भोपाल से रामेश्वर शर्मा व विष्णु खत्री पहले पायदान पर हैं, जबकि कृष्णा गौर और विश्वास सारंग भी उसी दायरे में हैं। हालांकि, चारों में दो को ही मंत्री बनाए जाने की संभावना है। रायसेन ने डॉ. प्रभुराम चौधरी का नाम चल रहा है। बैतूल से हेमंत खंडेलवाल का नाम चल रहा है। राजगढ़ से हजारी लाल दांगी को मंत्री बनाया जा सकता है।

### मालवा-निमाड़ व बुंदेलखंड से इन्हें मिल सकता है मौका

मालवा अंचल में इंदौर से रमेश मेंदोला, तुलसी सिलावट, कैलाश विजयवर्गीय में किन्हीं दो को मौका मिल सकता है। इसके अलावा जीतू पटवारी को हराने वाले मधु वर्मा भी मंत्री बन सकते हैं। निमाड़ क्षेत्र में बुरहानपुर से मंजू राजेंद्र दादू भी मंत्री बन सकती हैं। सागर से वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव व भूपेंद्र सिंह का नाम है। प्रदीप लारिया, हरिशंकर खटीक व महिला विधायक ललिता यादव मंत्री बनने की कतार में हैं। इसके साथ ही वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री रह चुके प्रह्लाद पटेल का भी नाम है। जबकि जवेरा व पवई से दो लोधी विधायकों में से किसी एक को मंत्री बनाए जाने के आसार हैं।

### 'वतन को जानो' यात्रा पर निकले

## पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के 250 विद्यार्थियों से की 'बात'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के 250 छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की सीख दी। इस दौरान बच्चों ने खूब तालियां बजाई। यह विद्यार्थी 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत देश भ्रमण पर निकले हैं।

■ खूब बजीं तालियां, पीएम ने दी आगे बढ़ने की सीख



विद्यार्थी जयपुर, अजमेर और दिल्ली के प्रमुख स्थलों का दौरा कर चुके हैं। इससे पहले, समाज कल्याण विभाग की आयुक्त सचिव शीतल नंदा ने जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों से चुने गए 250 बच्चों के एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वाहनों की रफ्तार धीमी होने से जनहानि नहीं

## कोहरे के कारण फोरलेन पर सात ट्रक आपस में टकराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

रविवार को घने कोहरे के कारण फोरलेन पर रविवार को सुबह एक साथ 7 ट्रक आपस में टकरा गए। ट्रक एक के पीछे एक चल रहे थे, इस हादसे में एक चालक घायल हुआ है, जिसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह 8.30 बजे हुआ। सुबह

■ आवन-जंजाली संजय सागर बांध तिराहा के पास हुई घटना



9 बजे तक घना कोहरा छाया हुआ था। इसके बाद काफी देर तक धुंध छाई रही। इससे कुछ दूरी तक देखने में परेशानी हो रही थी। कोहरे के कारण हाईवे पर वाहनों की रफ्तार भी कम हो गई थी। यही वजह रही कि इस हादसे में जनहानि ज्यादा नहीं हुई। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## एक साथ करीब 1 लाख लोगों ने किया गीता पाठ



### अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों ने लिया हिस्सा

**कोलकाता।** कोलकाता के परेड मैदान में एक अनूठे समागम के तहत अलग-अलग पृष्ठभूमि के करीब एक लाख लोगों ने सामूहिक रूप से भगवत गीता का पाठ किया। पारंपरिक परिधान पहने अलग-अलग आयु वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक जगह पर इकट्ठा हुए। सभी लोगों ने संतों के साथ मिलकर गीता का पाठ किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम को लेकर अपनी शुभकमनाएं दी हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### कटरा से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत को लेकर आई खुशखबर

## पीएम मोदी 30 को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को करेंगे लॉन्च

नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उधमपुर और कठुआ रेलवे स्टेशनों पर भी रुकेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में एक के बाद एक वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग हो रही है। अब तक लगभग सभी राज्य में सेमी हाईस्पीड ट्रेन शुरू हो चुकी है।

इससे न सिर्फ यात्रियों का टाइम बच रहा है, बल्कि उन्हें कम रुपए में हवाई जहाज जैसी सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। साल 2019 में पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू हुई थी। अब हाल में एक बार फिर से इसी रूट पर वंदे भारत लॉन्च की गई है। अब पीएम



मोदी 30 दिसंबर को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च करने जा रहे हैं। इसी में एक ट्रेन कटरा से दिल्ली के बीच चलेगी। मालूम हो कि पहले भी दिल्ली से कटरा के बीच एक वंदे ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ठहराव की लगातार मांग हो रही थी

केंद्रीय मंत्री ने कठुआ और उधमपुर में इसके ठहराव की लगातार मांग का जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा उधमपुर और कठुआ के लिए खुशी की खबर। जब से 2019 में कटरा और दिल्ली से पहली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ है, तब से कठुआ और उधमपुर में भी इसके ठहराव की लगातार मांग हो रही है। हमारा अनुरोध मानने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

### पहली जीत : भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टेस्ट मैच को 8 विकेट से अपने नाम किया

## गजब संयोग : भारतीय पुरुष टीम ने 64 साल पहले 24 दिसंबर को दी थी आस्ट्रेलिया को मात, अब 'करिश्मा' महिला टीम ने दोहराया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन वुमेंस क्रिकेट टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया वुमेंस टीम के लिए एक मैच की टेस्ट सीरीज को 8 विकेट से अपने नाम किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ये टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली जीत है।


इस जीत के साथ एक गजब का संयोग भी देखने को मिला है, जिसमें भारतीय पुरुष टीम ने भी 24 दिसंबर के दिन ही पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। गुलाबराय रामचंद की कप्तानी में भारत ने 1959 में 119 रनों से मात दी थी।

### गुलाबराय रामचंद की कप्तानी में भारत ने साल 1959 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट फॉर्मेट में 119 रनों से मात दी थी



### स्नेह राणा ने गेंद से दिखाया कमाल, वे प्लेयर ऑफ द मैच

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत में स्नेह राणा ने गेंद से काफी अहम भूमिका निभाते हुए मैच में कुल 7 विकेट हासिल किए। इसके अलावा बल्ले से पहली पारी में स्मृति मंधाना, रिचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्ज और दीप्ति शर्मा की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत पहली पारी में एक बड़ी बढ़त लेने में कामयाब हो सका था। स्नेह राणा को इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



राजधानी की बड़ी झील पर शाम 5 :30 बजे से ही धुंध नजर आई जो सुबह होते होते कोहरे में बदल जाएगी। ऐसे खुशनुमां मौसम में लोगों ने जमकर बोटिंग का लुत्फ उठाया।

## भोपाल सहित दर्जनभर जिलों में रहा घने कोहरे का असर, 6 में दृश्यता रही शून्य

# राजधानी में सुबह 8 बजे तक नहीं दिख रहा था 500 मीटर पार, आज भी ऐसा ही मौसम

### सबसे घना कोहरा टीकमगढ़, खजुराहो और दतिया में, गुना, ग्वालियर, उज्जैन, दमोह और सागर में भी रहा घना कोहरा, शाजापुर की रात 6 डिग्री के साथ रही सबसे सर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में रविवार को तापमान में घट-बढ़ के बीच कोहरे का असर बढ़ गया। करीब एक दर्जन जिलों में घना कोहरा रहा, जबकि आधा दर्जन से अधिक जिलों में सुबह 8:30 बजे तक विजिबिलिटी शून्य रही।

प्रदेश में सबसे घना कोहरा टीकमगढ़, खजुराहो और दतिया में रहा। सोमवार को भी मौसम का ऐसा ही मिजाज रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवा में पर्याप्त नमी होने और रात में सर्द हवाओं के कारण कोहरे का असर बढ़ा है। यह सिलसिला दो दिन और जारी रह सकता है। रविवार को दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री की घट-बढ़ रही। भोपाल में दिन का पारा आधा डिग्री कम होकर 27 डिग्री रहा। रात का तापमान एक डिग्री बढ़कर 13 डिग्री हो गया। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान खंडवा में 31 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम रात का पारा शाजापुर में 6 डिग्री रहा।

*रविवार एक तरफ अवकाश और दूसरी तरफ मौसम सुहाना। इसलिए बोट क्लब पर बड़ी संख्या में लोग जुटे।*





#### यहां विजिबिलिटी रही शून्य

रविवार सुबह 6 से 8:39 बजे तक करीब आधा दर्जन जिलों में दृश्यता शून्य रही। दरअसल, 50 से 500 मीटर तक की विजिबिलिटी को शून्य माना जाता है, इसलिए इस दायरे में यह शहर आ रहे हैं। इनमें सबसे कम दृश्यता टीकमगढ़ में 20 से 50 मीटर रही। यह शून्य मानी गई है। खजुराहो, दतिया 50 से 200 मीटर, गुना, ग्वालियर, सागर, दमोह और उज्जैन में दृश्यता 500 मीटर तक सिमट गई। इन जिलों में भी यह शून्य के लेबल पर रही है। यहां घना कोहरा रहने से आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों ने धीमी गति से सफर के दौरान हेड लाइट का भी इस्तेमाल किया।

#### वाहन चालक और राहगीर परेशान

*राजधानी में भी सुबह 6 से 8 बजे तक घना कोहरा रहा। इस बीच दृश्यता 500 मीटर के करीब रही। यह सूरज निकलने के बाद धीरे-धीरे बढ़ गई। हालांकि, यहां दृश्यता शून्य नहीं रही, लेकिन घने कोहरे के कारण वाहन चालकों और अन्य राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर शहर के बाहरी इलाकों में घने कोहरे का असर अधिक रहा।*

---

## ईंटखेड़ी पुलिस की जांच में कई की रॉयल्टी खत्म मिली तो कुछ ने दिखाई पुरानी रसीद

# बिना रॉयल्टी चुकाए निकल रहे 90% डंपर, हर साल 43 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में अवैध खनन के साथ परिवहन का मामला तेजी के चल रही है। खनन के बाद खनिज को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाने सरकार को रायल्टी देनी होती है। ऐसे में शहर में 90 फीसदी ट्रक बिना रायल्टी के निकाले जा रहे हैं। इससे सरकार को साल भर के अंदर 43 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। खनिज विभाग के साथ ही पुलिस भी परेशान है। पुलिस भी कई एक्सीडेंट के मामलों में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर पा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डंपर पकड़ में नहीं आएं, इसलिए ड्रायवर पीछे वाली नंबर प्लेट के नंबरों को मिटा देते हैं। इसके अलावा मिट्टी या कालिख लगाने से नंबर नहीं दिखाई देते। ऐसे में वे हादसे का प्रत्यक्षदर्शी नंबर नोट नहीं कर पाता। हाल ही ईंटखेड़ी पुलिस ने अज्ञात वाहनों के टक्कर मारने के बाद जांच की तो 7 ऐसे डंपर मिले जिनकी प्लेट पर नंबर चालाकी से साफ किए हुए थे। इनके खिलाफ कार्रवाई की गई। यही नहीं, पिछले दिनों खनिज विभाग ने जांच की तो कई डंपर के नंबर नहीं मिले या फिर नंबर ही पूरे नहीं थे। कई डंपर में रॉयल्टी खत्म हो चुकी थी। पुरानी रसीद दिखाई गई। पिछले दो महीने से एसईआईएए (स्टेट इनवारमेंट एपैक्ट एसेसेसमेंट एथारिर्टी) ने क्रेशर को बंद करने के लिए आदेश जारी किया था। इस आदेश के मुताबिक खदानों को बंद किया जाना था। फिर भी खनन हुआ और माफियों ने अवैध परिवहन किया। क्योंकि खनिज विभाग ने रायल्टी भी बंद रखी थी।

### चेकिंग और जुर्माने से बचने ट्रकों के नंबर मिटाए, इसीलिए कई केस नहीं हो सके हल

#### अवैध खनन पर विभागों की जिम्मेदारी

**पुलिस** : ट्रैफिक पुलिस गश्त के दौरान डंपर को रोक सकती है और जांच कर सकती है,लेकिन नहीं करती। थाने वाले नो एंट्री में प्रवेश करने पर रोक सकते हैं। इस कारण नो एंट्री की कोई पाबंदी नहीं लेकिन ये डंपर निशातपुरा से निकलते हैं। फिर भी यहां की पुलिस कार्रवाई नहीं करती।



**आरटीओः** परिवहन दस्ते का काम है कि ओवरलोडिंग वाहन की जांच करे। डंपर में माल ज्यादातर ओवर लोड होता है। आरटीओ इसकी जांच कही नहीं करते। ओवर लोड डपंर पर 70 हजार जुमार्ना लगता है।

#### ऐसे हो रहा सरकार को करोड़ों का नुकसान

400 फीट डंपर पर 11 घन मीटर रॉयल्टी जरूरी है। इस पर रॉयल्टी 1760 रुपए सरकार को राजस्व देना है, जबकि 500 फीट पर 15 घन मीटर रॉयल्टी देनी पड़ेगी। यानी 2400 रुपए और 12 पहिये पर 23 घन मीटर रॉयल्टी मतलब 3680 रुपए रॉयल्टी सरकार को देनी पड़ती है। औसत 600 फीट की 500 डंपर पर रॉयल्टी 4 रुपए के हिसाब से 12 लाख रुपए रोजाना देना हैं। अब एक महीने में 3.6 करोड़ और एक साल के 3.6 गुणा 12 मतलब करीब 43 करोड़ रुपए का नुकसान सरकार को हुआ है। इसमें 5% जीएसटी का नुकसान भी अतिरिक्त है।

#### एनजीटी और एसईआईएए का भी उल्लंघन

कई सालों से खदानों की नपती नहीं हुई है। एनजीटी और एसईआईएए का नियम है कि प्रति हैक्टेयर में 1200 पौधे लगाने अनिवार्य हैं, लेकिन नहीं लगे हुए हैं। सीसीटीवी भी नहीं लगाते और 6 मीटर से ज्यादा खनन नहीं कर सकते, करना है तो डीजीएम से परमिशन लेनी पड़ती है।

#### 7 डंपरों के चालान काटे

हमारे पास एक्सीडेंट में अज्ञात वाहन की शिकायतें आ रही थी। जांच की तो खदानों से मिट्टी-गिट्टी लेकर निकलने वाले डंपर के नंबर छिपाए हुए मिले। कई ऐसे थे जिन पर नंबर ही नहीं थे। ऐसे में 7 डंपरों के चालान काटे गए।

**दुर्जन सिंह वरकड़े**
टीआई, ईंटखेड़ी

---

## महापौर राय ने दिए हैं निर्देश

# सड़क किनारे सो रहे लोगों को रैन बसेरा पहुंचा रहे निगम कर्मी

◆ महापौर ने पिछले दिनों शहर में भ्रमण कर फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कंबल वितरित कर रैन बसेरा पहुंचाने के दिए थे निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में रात को कहीं भी सड़क किनारे या फुटपाथ पर सो रहे निर्धन लोगों को रैन बसेरा पहुंचाने के लिए नगर निगम कर्मचारी रोजाना रात में भ्रमण कर रहे हैं। रविवार को भी निगम कर्मियों ने पुराने शहर के कुछ हिस्सों का दौरा किया।

महापौर मालती राय ने इस संबंध में नगर निगम कर्मियों को उस समय निर्देश दिया था, जब वो रात में इन लोगों को कंबल वितरण करने के लिए निकलीं थीं। महापौर ने हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित आश्रय स्थल का किया निरीक्षणए रात्रि विश्राम करने वालों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु बेहतर व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए थे। जबकि पूर्व मंत्री व विधायक विश्वास कैलाश सारंग के साथ रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म 1 की ओर सड़कोंए फुटपाथ आदि पर रात व्यतीत करने वाले असहाय गरीब लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरित किये थे। इसके महापौर राय ने हमीदिया अस्पताल स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की थी। यहां विश्राम कर रहे नागरिकों से भी चर्चा की और उन्हें भी कंबल वितरित किए।

इसके साथ ही महापौर राय ने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार सड़कों, फुटपाथों आदि पर कड़कड़ती सर्दी में रात्रि व्यतीत करने वालों को समझाइश देकर समीप के आश्रय स्थल पर लाएं और यहां बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

---

# 5 जनवरी तक भरे जाएंगे पीजी के लिए परीक्षा आवेदन

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी परीक्षा के लिए आवेदन 26 दिसंबर से ऑनलाइन के माध्यम से शुरू होंगे। एमपी ऑनलाइन से परीक्षा आवेदन सत्र 2023-2024 के लिए सामान्य शुल्क के साथ 5 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे। बीयू से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर स्नातकोत्तर, जिनमें एमए, एम.काम., एमएससी, एमएससी होमसांइस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक सांइस/पीजी डिप्लोमा इन यौगिक सांइस नियमित, स्वाध्यायी अथवा एटीकेटी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र (सत्र 2023-2024) एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से भरे जाएंगे। सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की तिथि 26 दिसंबर 2023 से 5 जनवरी 2024 है। 300 रुपए लेट फीस के साथ 9 जनवरी तक आवेदन जमा होंगे। इसके अलावा विशेष विलंब फीस के साथ परीक्षा आवेदन परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

---

## डीपीआई ने निकाला नया रास्ता

# माशिमंः 10वीं-12वीं के विद्यार्थी करेंगे प्रैक्टिस पेपर हल, नहीं होगी प्री-बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) से संबद्वता प्राप्त स्कूलों के कक्षा दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड नहीं होगी।

इस बार विद्यार्थी 8 जनवरी से 13 जनवरी के बीच प्रैक्टिस पेपर हल करेंगे। डीपीआई द्वारा माशिमं की नवीन अंक योजना के आधार पर 9वीं से 12वीं तक के प्रैक्टिस पेपर कराए जाएंगे। डीपीआई ने इस संबंध में स्कूल प्राचार्यों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके पेपर लोक शिक्षण संचालनालय जिलों में ऑनलाइन भेजेगा। स्कूल स्तर पर प्राचार्य पेपरों की फोटो कॉपी करवाकर 8 से 13 जनवरी के बीच में प्रैक्टिस पेपर से विद्यार्थियों की तैयारी करवाएंगे। 15 जनवरी से वार्षिक परीक्षा शुरू होने तक शिक्षक विद्यार्थियों के डाउट क्लीयर कर तैयारी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाएंगे।




#### घर ले जाकर भी हल कर सकेंगे

विद्यार्थी इन पेपरों को घर ले जाकर भी हल कर सकते हैं। प्रैक्टिस पेपर के दौरान स्कूलों की अन्य गतिविधियां सामान्य रूप से चलेगी। स्कूलों के प्राचार्य 9वीं से 12वीं की कक्षाओं के सी, डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों का रिकार्ड स्वयं की डेस्क पर रखा जाएगा तथा वार्षिक परीक्षा के पूर्व अभ्यास में समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करानी होगी। यह सिर्फ प्रैक्टिस पेपर ही रहेंगे। इनका वार्षिक परीक्षा से कोई संबंध नहीं होगा।

#### लेटलतीफी का शिकार हुई प्री-बोर्ड परीक्षा

जानकारों की माने तो, लोकसभा चुनाव के चलते इस बार माशिमं की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं निर्धारित समय से एक महीने पहले पांच फरवरी से आयोजित की जा रही हैं। बोर्ड ने टाइम टेबल सत्र के प्रारंभ में जारी कर दिया गया था। लेकिन, डीपीआई स्कूलों में अद्धवार्षिक परीक्षा और प्री बोर्ड एग्जाम कराने का सुनियोजित प्लान नहीं बना पाया। अधिकारी पूरे साल उच्च पद के प्रभार व ट्रांसफर-पोस्टिंग में ही व्यस्त रहे। अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं अक्टूबर नवंबर में खत्म हो जाना चाहिए थीं, लेकिन दिसंबर के महीने में अनुगूंज व बालरंग कार्यक्रम के बीच कराई गईं। इससे कई बच्चे प्रभावित हुए। अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी हाल ही में दिसंबर के तीसरे सप्ताह में समाप्त हुईं। अब वार्षिक परीक्षा में करीब एक महीने का समय शेष होने से लोक शिक्षण संचालनालय इस बार प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं करा पाएगा। इसके स्थान पर 9वीं से 12वीं तक प्रैक्टिस पेपर के आधार पर तैयारी कराई जाएगी।

---

## 10 नंबर मार्केट में शनिवार की शाम हुआ था बड़ा अग्निकांड

# पांच हजार से ज्यादा नोटिस, फिर भी भवनों में नहीं लगे फायर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के भवनों व आवश्यक स्थानों पर फायर सिस्टम लगाने नगर निगम पिछले दो साल में 5 हजार से ज्यादा नोटिस दे चुका है, लेकिन कहीं पर आधे अधूरे और कहीं पर सिस्टम लगाए ही नहीं गए।

जहां भी फायर सिस्टम लगे हैं, वो काम नहीं कर रहे। शहर में नए और पुराने करीब 40 हजार भवन हैं, जहां फायर सिस्टम की प्रक्रियाएं ही शुरू नहीं की गई हैं। नगर निगम के फायर अधिकारी रामेश्वर नील के अनुसार उनके पास नोटिस देने के अलावा ऐसा कोई अधिकार नहीं है, जिससे फायर सिस्टम नहीं लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सकें।

**जूते के शोरूम में** लगी आग में लाखों के ब्रांडेड जूते जलकर हुए थे खाक

**फायर सिस्टम लगा** होता तो आग नहीं लेती कॉम्प्लेक्स में भीषण रूप

फॉलोअप



#### सतपुड़ा में भी इसी कारण भड़की थी आग

इस साल सतपुड़ा भवन में लगी भीषण आग भी फायर सिस्टम न होने के कारण ही भड़क गई थी और पूरा भवन अपनी चपेट में ले लिया था। इसके बाद पूरे शहर में सभी भवनों में फायर सिस्टम की जांच की गईए लेकिन कहीं भी अपडेट नहीं हुए और न ही नए सिस्टम लगाए गए।

#### गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग

नगर निगम फायर ब्रिगेड अमले के अनुसार 10 नंबर मार्केट के जिस काम्पलेक्स में शनिवार को आग लगी थी, वो शार्ट सर्किट के कारण ही लगी थी। यहां भी फायर सिस्टम नहीं लगा है। यही कारण रहा कि आग ने भीषण रूप ले लिया था। रविवार को आग में हुए नुकसान का आंकलन करते रहे शो रूम से संबंधित लोग, लेकिन अभी सही आंकड़े पता लगने में एक दो दिन का समय लगेगा।

---

## राजधानी में कोरोना मरीजों की संख्या हुई चार

# केरल से आया युवक हुआ कोरोना पॉजिटिव, अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में शनिवार के बाद रविवार को भी एक युवक कोरोना पॉजिटिव पाया गया। जानकारी के मुताबिक युवक एक सप्ताह पहले केरल से लौटा था, वहां से आने के बाद सर्दी जुकाम और वायरल के लक्षण होने पर हमीदिया अस्पताल में कोरोना की जांच करवाई। यहां पॉजिटिव होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। युवक ने कोविशील्ड वेक्सीन के दो डोज लगवाए हैं। युवक की स्थिति ठीक है। मालूम हो कि शहर में कोरोना एक्टिव मरीजों की संख्या अब चार हो गई है।

#### सर्दी-खांसी है तो ओपीडी में दिखाएं

प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा है कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए सर्दी जुकाम वाले रोगी भी कोविड-19 ओपीडी में उपस्थित हो सकते हैं। समस्त संदिग्ध व्यक्ति आईएलआई लक्षण वाले जिन्होंने पिछले 14 दिनों में विदेश यात्रा की हो, जो पुष्टि किए गए केस के संपर्क में आए हों। संदिग्ध व्यक्ति जो हॉटस्पाट अथवा कन्टेंमेंट जोन के निवासी हों उन सभी को अपना आरटीपीसीआर टेस्ट अवश्य कराना चाहिए।



#### रोजाना होगा ड्रॉय रन

अपर मुख्य सचिव ने निर्देशों में कहा कि डॉक्टर ऑक्सीजन की आवश्यकता, ऑक्सीजन की फ्लोदर तथा यथोचित सैचुरेशन नियंत्रित कर आक्सीजन थैरेपी का तर्कसंगत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता तथा क्षमता के अवलोकन के लिए नियमित रूप से ड्रॉय रन का आयोजन, सभी गभीर रूप से संकमित पाए व्यक्तियों की कांटेक्ट ट्रेसिंग सुनिश्चित की जाएं।

---

## शिविरों में नागरिकों ने शासन की विभिन्न योजनाओं संबंधी जानकारी ली

### बाग मुगालिया में आयोजित शिविर में पहुंची विधायक कृष्णा

# नागरिक जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए बाल विहार और बाग मुगालिया शिविर में पहुंचे लोग, विधायक गौर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


नगर निगम द्वारा वार्ड व जोन स्तर पर आयोजित किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर रविवार को बाल बिहार व बागमुगालिया में आयोजित किए गए। इस मौके पर महापौर मालती राय ने नागरिकों से आह्वान किया कि उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अवसर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मिला है। निगम अधिकारी लाभ उठाने के इस अवसर को अधिक से अधिक नागरिकों तक सुगमता के साथ पहुंचाएं।

आज बाग सेवनिया व करोंद चौराहा क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे शिविर



योजनाओं का लाभ उठाने का अवसर मिल रहा

यह निर्देश विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर निगम द्वारा बाल विहार ग्राउंड में शिविर का विधायक ने अवलोकन करते हुए दिए। वहीं विधायक गौर बाग मुगालिया के शिविर में भी पहुंचीं और अवलोकन किया। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने शासन की विभिन्न योजनाओं ऋण संबंधी जानकारियां प्राप्त की और आवेदन भी किये। वार्ड 19 के शिविर में पार्षद वसीम उद्दीन व बाग मुगालिया के शिविर में अपर आयुक्त पवन सिंह, महापौर परिषद सदस्य जितेन्द्र शुक्ला, पार्षद प्रताप बारे व अर्चना परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# अभिनेत्री श्रिया बनीं टॉप ऑफ द टाउन...

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी ने 'सालार' में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों को इंप्रेस कर दिया है। मूवी में उन्होंने 'राधा रामा' का रोल प्ले किया है और स्क्रीन पर एक्ट्रेस को देखकर लोग उनके दीवाने हो गए हैं। 17 साल बाद श्रिया ने 'सालार' से टॉलीवुड में वापसी की है और अपने शानदार कमबैक से मूवी लवर्स को अपना मुरीद कर दिया है। वहीं, एक्ट्रेस भी फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील की आभारी हैं कि उन्होंने 'राधा रामा' के किरदार के लिए उन्हें चुना है। सालार में 'राधा रामा' के किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी के जन्म के बाद फिल्मी पर्दे से लंबे समय से दूरी बनाकर रखी हुई थी।



# '12वीं फेल' अब ओटीटी पर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन शानदार रहा। दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं थिएटर्स में धमाल मचाने के बाद अब 12वीं फेल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 29 दिसंबर को स्ट्रीम होगी। विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने उम्मीद से ज्यादा कमाई कर सभी को हैरान कर दिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 62 करोड़ कमाए थे। इस फिल्म को देखने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की एक्टिंग का मुरीद हो गया था।

# 150 करोड़ के पार पहुंचा 'डंकी' का कलेक्शन..

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' ने दुनियाभर में टिकट खिड़की पर तीन दिन में 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डंकी' शाहरुख खान की इस साल प्रदर्शित हुई तीसरी फिल्म है, जो बृहस्पतिवार को रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। 'डंकी' के निर्माण में शामिल कई प्रोडक्शन हाउस में से एक 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पृष्ठ पर टिकट खिड़की के आंकड़े साझा किए।



# नए साल में इन फिल्मों की रहेगी धूम

**मुंबई।** जिस तरह साल 2023 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहतर रहा उसी तरह साल 2024 से भी यही उम्मीद की जा रही है। अब रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की 'फाइटर' जैसी फिल्मों के अलावा और भी बड़े बैनर की मूवी बनकर तैयार हैं, जो जनवरी 2024 में रिलीज होने की लिस्ट में लगी हुई हैं।




**12 जनवरी को रिलीज होगी 'कल्कि 2898':** इस साल की शुरूआत दीपिका पादुकोण की फिल्म 'कल्कि 2898' से हो रही है। ये मूवी 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दीपिका के अलावा प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी हैं। 2023 तो दीपिका के लिए बहुत लकी रहा लेकिन देखने वाली बात है कि 2024 की शुरूआत उनके लिए कैसी रहती है।

**'मेरी क्रिसमस':** इस लिस्ट में अगली फिल्म है मेरी क्रिसमस जिसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति हैं। कैट की ये फिल्म दो भाषाओं में रिलीज होने को तैयार है, जो 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

**लाल सलाम:** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' भी साल 2024 में रिलीज होने को तैयार है। ये एक तमिल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म, जिसका फैंस को इंतजार है। आपको बता दें कि ये भी 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**'गुंटूर करम'** : महेश बाबू की अपकमिंग फिल्म, 'गुंटूर करम'एक एक्शन एंटरटेनर है, जो त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित है। टॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्मों में से एक मूवी 13 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों के अनुसार मूवी का ट्रेलर 1 जनवरी को आएगा, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं।

**फाइटर:** नए साल के पहले महीने के अंत में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर रिलीज होने वाली है। ये मूवी 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म हवाई एक्शन ड्रामा भारत का पहला हवाई एक्शन है, जो सभी के लिए रोचक होने वाली है।




UNESCO अधिमान्य संगीत नगरी ग्वालियर

99वाँ विश्व संगीत समागम
तानसेन समारोह
22 से 28 दिसम्बर, 2023 - सायं 7 बजे
तानसेन समाधि परिसर, हजीरा, ग्वालियर

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

24 दिसम्बर-प्रात: 10 बजे से
पारम्परिक कार्यक्रम
हरिकथा एवं मीलाद
तानसेन समाधि परिसर, हजीरा, ग्वालियर

24 दिसम्बर -सायं 7 बजे से
तानसेन समाधि परिसर, हजीरा, ग्वालियर
माधव संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर-ध्रुपद गायन
पण्डित गणपति भट्ट हासणगि, धारवाड़ -गायन
यखलेश बघेल, ग्वालियर-ध्रुपद गायन
पद्मभूषण विदुषी एन.राजम एवं संगीता शंकर, (वाराणसी) मुम्बई-वायोलिन (जुगलबंदी)
निर्मल्य डे, दिल्ली-ध्रुपद गायन

अलंकरण
25 दिसम्बर -सायं 5.30 बजे से
तानसेन समाधि परिसर, हजीरा, ग्वालियर
तानसेन सम्मान वर्ष 2022
पण्डित गणपति भट्ट हासणगि, धारवाड़ -गायन
राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष 2022
मालव लोक कला केन्द्र, उज्जैन

विशेष सभा-ताल दरबार
25-26 दिसम्बर 2023, सायं 4 बजे
कर्ण महल के बाजू का परिसर, किला ग्वालियर
तबला वादन
1500 से अधिक तबला वादकों द्वारा समवेत प्रस्तुति

प्रात: कालीन सभाएँ-10 बजे से
25 दिसम्बर (प्रात:)
राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय-ध्रुपद गायन
सुमित आनन्द, दिल्ली-ध्रुपद गायन
ईशान घोष, मुम्बई-तबला
मधुमिता भट्टाचार्य उपाध्याय, वाराणसी-गायन
फारूख लतीफ खाँ एवं सरवर हुसैन, मुम्बई, कोलकाता-सारंगी (जुगलबंदी)
26 दिसम्बर (प्रात:)
भारतीय संगीत महाविद्यालय-ध्रुपद गायन
नथाली रामिरेज़, मैक्सिको-बाँसुरी (विश्व संगीत)
पारूल दीक्षित उपाध्याय, ग्वालियर-गायन
चिन्तन उपाध्याय, पुणे-ध्रुपद गायन
अनुपमा भागवत, बैंगलोर-सितार
पद्मिनी राव, बैंगलोर-गायन
27 दिसम्बर (प्रात:)
साधना संगीत महाविद्यालय-ध्रुपद गायन
मोहम्मद अलनुमा, इराक-ऊद (विश्व संगीत)
अनिल दण्डोतिया, मुरैना-गायन
हिमांशु विश्वरूप, खैरागढ़-वायोलिन
गीतिका उमड़ेकर, पुणे-गायन
जयदीप घोष, कोलकाता-सरोद
27 दिसम्बर, (प्रात:) बटेश्वर
एकता जैन, मुरैना-गायन
आचार्य दिव्येश गोस्वामी, इंदौर-पखावज
पण्डित राजेन्द्र प्रसन्ना, दिल्ली-बाँसुरी
28 दिसम्बर (प्रात:) बेहट
ध्रुपद केन्द्र, बेहट-ध्रुपद गायन
अनिकेत तारलेकर, ग्वालियर-वायोलिन
सुजल जैन, ग्वालियर-गायन
पण्डित उदय कुमार मलिक, दिल्ली-ध्रुपद गायन

सायंकालीन सभाएँ-6 बजे से
25 दिसम्बर (सायं)
तानसेन संगीत महाविद्यालय-ध्रुपद गायन
विनय रामदासन, पुणे-गायन
आनन्द कुमार मलिक, वृन्दावन-ध्रुपद गायन
अखिलेश गुन्देचा एवं साथी, भोपाल-पखावज वृन्द
भाग्येश मराठे, पुणे-गायन
पद्मश्री पण्डित उल्हास कशालकर, पुणे-गायन
26 दिसम्बर (सायं)
शंकर गांधर्व संगीत महाविद्यालय-ध्रुपद गायन
सुल्तान मसूद, अफ़गानिस्तान-वायोलिन (विश्व संगीत)
हेमांगी नेने, हैदराबाद-गायन
अमान-अयान अली बंगश, दिल्ली-सरोद (जुगलबंदी)
पण्डित रघुनंदन पणशीकर, पुणे-गायन
पद्मश्री पण्डित विजय घाटे, (जबलपुर) पुणे-तबला
27 दिसम्बर (सायं)
ध्रुपद केन्द्र ग्वालियर-ध्रुपद गायन
लोइक सैनलाविले, फ्रांस-गिटार (विश्व संगीत)
समीर भालेराव, झाँसी-गायन
पद्मश्री पण्डित सिरकाली जी. शिवा चिदम्बरम्, चेन्नई-गायन (कर्नाटक संगीत)
ओंकार दादरकर, कोलकाता-गायन
लक्ष्य मोहन एवं आयुष मोहन (मोहन ब्रदर्स), दिल्ली सितार-सरोद (जुगलबंदी)
28 दिसम्बर (सायं) गूजरी महल
ध्रुपद केन्द्र, भोपाल-ध्रुपद गायन
सारदा नाद मंदिर-ध्रुपद गायन
अनास्तासिया मिखाइलिचेंको, रशिया-वायोलिन (विश्व संगीत)
दीपिका वरदराजन, चेन्नई-गायन
श्रुति अधिकारी एवं साथी, भोपाल-पंचनाद

पर्यटन गतिविधियाँ
म्यूज़िकल स्ट्रिंग्स ऑफ ग्वालियर
समय: प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक
बेहट, बंधोली, तानसेन समाधि, गौस मोहम्मद मकबरा, ग्वालियर का किला
ज्वेल्स ऑफ द रेवाइन्स
समय: प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक
ग्वालियर-मितावली, पदावली, बटेश्वर, ककनमठ
बोटिंग-बैजा ताल
प्रात: 9 बजे से सायं 6 बजे तक
पैडल बोट एवं स्पीड बोट (ऑपरेटर-रूबी एडवेंचर)
डे एक्सकर्ज़न टू द मिडिवल लैंड-ओरछा
समय: प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक
ग्वालियर-दतिया-ओरछा
ग्वालियर सनराइज टूर
समय: प्रात: 6 बजे से 11 बजे तक
सूर्य मंदिर-ग्वालियर का किला
गूजरी महल-डिजिटल संग्रहालय-महाराज बाड़ा
फूड फेस्टिवल
अवधि: 22 से 28 दिसम्बर, 2023
समय: सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक
एम.पी.टी. तानसेन रेसीडेंसी, ग्वालियर
अधिक जानकारी एवं टूर बुकिंग हेतु संपर्क करें
मध्यप्रदेश पर्यटन, क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर 7828876288

वादी-संवादी
राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर
26 दिसम्बर-अपराह्न 3 बजे
पण्डित रघुनंदन पणशीकर, पुणे
गान सरस्वती किशोरी अमोनकर का योगदान और जयपुर घराना-सोदाहरण व्याख्यान
27 दिसम्बर-अपराह्न 3 बजे
विनय उपाध्याय एवं डॉ. स्नेहा कामरा 'श्वेतांबरा'-भोपाल
राग कथा : संगीत के प्रमुख रागों के आत्मपरक विवेचन पर एकाग्र पुस्तक पर-सोदाहरण व्याख्यान
कल्पना झोकरकर, इंदौर
सप्त सूरन के भेद
राग संगीत के अलग-अलग प्रकारों पर-सोदाहरण व्याख्यान

रंग सम्भावना एवं कार्यशाला
(ललित कला प्रदर्शनी)
24 से 27 दिसम्बर
संगीत सभाओं के समय में तानसेन समारोह स्थल



समारोह की सभी संगीत सभाओं में आप सादर आमन्त्रित हैं।
◈ प्रवेश नि: शुल्क ◈ कार्यक्रम परिवर्तनीय
मध्यप्रदेश शासन
संस्कृति विभाग का आयोजन
एम.पी. कल्चर एप
Google play
Available on the App Store
लाइव @MP culture department
@tansensamaroh
@tansensamaroh
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11157/23



# आतंकी हमले में शहीद चार जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल ने की अगुवाई

- जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह नगर में भेजा गया
- दूसरे दिन भी दोनों जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं

एजेंसी ▸▸ पुंछ

पुंछ जिले के राजौरी में आतंकी हमले में शहीद सेना के 4 जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को इस भावुक कर देने वाले क्षण की अगुवाई उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने की। सैन्य शिविर में नायक बीरेंद्र सिंह, नायक करण कुमार, राइफलमैन गौतम कुमार और राइफलमैन चंदन कुमार को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह नगर उत्तराखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में उनके गृहनगर भेज दिया गया। मौके पर उत्तरी कमांड के कई सेना महत्वपूर्ण अफसर मौजूद रहे। आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते समय मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए घटनास्थल के पास तलाशी अभियान जारी है, जबकि रविवार को दूसरे दिन भी दोनों जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं।



## शहीद सैनिकों के परिजनों से बातचीत की

जम्मू स्थित व्हाइट-नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, राजौरी के उपायुक्त विकास कुंदल, राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमृतपाल सिंह और सेना के अन्य अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने इस दौरान शहीद सैनिकों के परिजनों से बातचीत भी की। बता दें गुरुवार को सेना के जवानों को ले जा रहे वाहनों पर सुरनकोट थाना क्षेत्र में ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में चार सैनिक शहीद हो गए थे।

मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता

# अरेरा ने अकीरा को 6 रन से, इंदौर ने भोपाल मास्टर्स को 76 रन से हराया

## नमन और जितेंद्र बने मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़ भोपाल द्वारा आयोजित मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज का पहला मुकाबला अरेरा क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया, जिसमें अकीरा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर मे 9 विकेट खोकर 144 रन बनाए। अयान ने 44, राजवीर ने 21, रणवीर ने 20, नमन प्रजापति ने 15 और मधुर ने 14 रन की पारी खेली। अकीरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से गौरव धाकड़ ने 3, आकाश ने 2 विकेट लिए जबकि पियूष, संकल्प और मुकुल को एक-एक विकेट मिले।



### 6 रन से जीता मैच

जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा क्रिकेट अकादमी की टीम 19.5 ओवर मे 138 रन बनाकर ऑलआउट हों गई। अरेरा ने यह मैच 6 रन से जीत लिया। अकीरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से शुभम शर्मा ने 35, प्रखर ने 26, संकल्प ने 28 रन की पारी खेली जबकि पियूष ने 19 रन बनाए। अरेरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से नमन और तनिष्क यादव ने दो दो विकेट जबकि नमन, मधुर और आदि ने एक-एक विकेट लिए। नमन प्रजापति को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## सेंट्रल स्ट्राइकर के 179 रनों के सामने 103 पर ढेर हुए भोपाल मास्टर्स

मास्टर्स ग्रुप में भोपाल मास्टर्स और सेंट्रल स्ट्राइकर के बीच मैच खेला गया जिसमें सेंट्रल स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 18 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए, जिसमें जितेंद्र लिखर ने 66 रन, अक्षय श्रीवास्तव ने 44, राजेश कनोजिया ने 28 और राजेश सोनी ने 13 रनो की पारी खेली। भोपाल मास्टर्स की तरफ से लक्ष्मण सोनकर ने तीन, अतुल खरे ने दो और विक्रम ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल मास्टर्स की पूरी टीम 17.1 ओवर मे 103 रन बनाकर ऑलआउट हों गई। देवेंद्र सिंह परिहार ने 21, सूरज बागोरा और समीर मिरिकार ने 18 18 रन की पारी खेली जबकि अमिताभ ने 10 रनो का योगदान दिया। सेंट्रल स्ट्राइकर की तरफ से शेख़ सादिक ने तीन और तन्मय ने दो विकेट लिए। जितेंद्र लिखर को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।

# डीएमके नेता मारन के बयान पर भड़के तेजस्वी

एजेंसी ▸▸ पटना

डीएमके नेता दयानिधि मारन का बिहार और यूपी के लोगों पर किए गए कमेंट पर बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भड़क गए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह निंदनीय है। दूसरे राज्यों के नेताओं को, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, ऐसी टिप्पणी करने से बचना चाहिए। यह देश एक है। हम दूसरे राज्यों के लोगों का सम्मान करते हैं और यही उम्मीद करते हैं कि ऐसी टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, इस बयान पर तेजस्वी यादव ने गैर हिंदी राज्यों को नसीहत दी है। उधर, डीएमके ने दावा किया है कि पुराने वीडियो को भाजपा ने ध्यान भटकाने के लिए फिर से वायरल किया है।



### क्या कहा था दयानिधि मारन ने

ज्ञात हो कि एक वीडियो में दयानिधि मारन, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ने वालों की तुलना करते हुए कह रहे कि केवल हिंदी पढ़ने वाले बिहार या यूपी के लोग जब यहां आते हैं तो तमिलनाडु में टॉयलेट साफ करते या सड़क की सफाई करते। यहां के लोग अंग्रेजी पढ़ते हैं और आज वे आईटी कंपनियों में मोटी तनख्वाह पाते हैं। वे 'हिंदी हिंदी' कहते हैं।

## पेज एक का शेष

### पहलवानी में 'मनमानी'...

जीतने के बाद कई विवाद सामने आए। नवनिर्वाचित निकाय द्वारा पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में की गई घोषणा के बाद खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया। पर, अघोषित वजह ये भी रही कि संजय सिंह की जीत और उसके बाद ब्रजभूषण शरण सिंह के बयान कि दबदबा है, दबदबा रहेगा से पहलवान खास तौर से साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया बुरी तरह से नाराज हो गए। साक्षी ने कुश्ती को अलविदा कह दिया। बजरंग ने पद्मश्री लौटा दिया था। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद ब्रजभूषणशरण सिंह के सुर बदल गए। उन्होंने कहा कि मैंने तो कुश्ती से संन्यास ले लिया। अब सरकार के फैसले पर जो भी बात करनी होगी, वो नई फेडरेशन करेगी। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैं सांसद हूं और अपने काम पर फोकस करूंगा। उन्होंने कहा कि 'दबदबा तो है दबदबा तो रहेगा' के पोस्टर लगाए जाने से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। माना जा रहा है कि साक्षी मलिक अब अखाड़े में लौट आएंगी और बजरंग पूनिया भी अपना अवॉर्ड वापस ले लेंगे।

### मोहन सरकार आज लेगी...

से शाम 4 बजे के बीच में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और फिर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में सौजन्य मुलाकात की। शाम उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और मंत्रियों की संभावित सूची को लेकर उनसे सहमति ली। डॉ. यादव देर रात भोपाल पहुंचे। उनका राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार को सुबह नौ बजे के आसपास मिलने का कार्यक्रम है। इस मुलाकात में वे मंत्री बनने वाले विधायकों की सूची उन्हें सौंपेंगे। राजभवन के बाद वे हुकुमचंद मिल वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर निकल जाएंगे। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल तरीके से शामिल होंगे। सीएम यादव का सप्ताह भर में यह तीसरा दिल्ली दौरा था।

### मंत्री बनने वाले विधायक ...

प्रशासन विभाग जीएडी ने शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम में करीब डेढ़ हजार लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। आमंत्रण पत्र का वितरण सोमवार को ही होगा।

### विंध्य, महाकौशल ....

आदिवासी विधायकों में से दो को मंत्री बनाए जाने के आसार हैं। चंबल व ग्वालियर संभाग से प्रद्युम्न सिंह तोमर व अंबरीश शर्मा को मंत्री बनाया जा सकता है। इसके साथ ही गुना से प्रियंका मीणा के नाम की भी चर्चा है।

### पीएम मोदी ने ...

समूह को जम्मू, कश्मीर और लद्दाख मामलों के विभाग वतन को जानो के तहत 12 दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए 10 समन्वयकों और कार्यवाहकों के साथ जयपुर और नई दिल्ली के लिए रवाना किया था। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं को देश की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता से परिचित कराना है।

### कोहरे के कारण...

हादसा आवन और जंजाली के बीच संजय सागर बांध तिराहा के पास हुआ। घटना की जानकारी लगते ही जंजाली पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि वाहनों की गति धीमी थी, इससे बड़ा हादसा नहीं हो सका। हालांकि कई ट्रकों के आगे हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक एक-दूसरे में घुस गए। किसी में प्याज भरी थी तो किसी में कोई अन्य सामान। कोई ऑयल का टैंकर था तो किसी में अनाज लदा था। हादसे के बाद ट्रकों का सामान भी सड़क पर बिखर गया। इसके बाद उन्हें अलग-अलग कर रास्ता खुलवाया गया। घायल चालक का नाम विष्णु गुर्जर (20) पुत्र साहब सिंह निवासी बाबरीपुरा बसेड़ी धौलपुर बताया गया है। वहीं एक अन्य हादसा आरोन-गुना रोड पर ट्रक और बैन के बीच भिड़ंत का बताया जा रहा है, यह भी कोहरे के कारण होना बताया जा रहा है।

### पीएम मोदी 30 को...

भारत ट्रेन चल रही है, जिससे मां वैष्णो देवी के भक्तों को काफी फायदा मिल रहा है। कटरा-दिल्ली वंदे भारत को लेकर एक गुड न्यूज सामने आई है। कटरा-दिल्ली वंदे भारत पर जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि कटरा से दिल्ली के लिए 30 दिसंबर से शुरू होने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उधमपुर और कठुआ रेलवे स्टेशनों पर भी रुकेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रेन के उधमपुर और कठुआ में रुकने से बड़ी राहत मिलेगी, यात्रा में आसानी होगी, व्यापार में आसानी होगी और समग्र रूप से जीवनयापन में आसानी होगी।

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि जय वन्ती पत्नी श्री वासदेव कामदार निवासी- पी-5 प्रीमियम आकृति ईको सिटी, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।
राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल.आई.जी. 3सी साकेत नगर, भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि कृष्णा पुत्र श्री वासदेव कामदार निवासी - पी - 5 प्रीमियम आकृति ईको सिटी, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदक को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।
राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल.आई.जी. 3सी साकेत नगर, भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि हर्षा पुत्री श्री वासदेव कामदार निवासी- पी-5 प्रीमियम आकृति ईको सिटी, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।
राजेश वर्मा (एडवोकेट)
एल.आई.जी. 3सी साकेत नगर, भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 9074777911

# मोहन द्विवेदी भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के मैनेजर नियुक्त



**भोपाल।** पिछले तीन साल से दिव्यांग क्रिकेटरों को प्रोत्साहित कर रहे सीनियर क्रिकेटर मोहन द्विवेदी को भारतीय दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत नेपाल क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति बोर्ड के सचिव हारून राशिद ने आगरा में हुई एक बैठक के दौरान की। मोहन द्विवेदी भारत नेपाल के बीच एक टेस्ट मैच और तीन टी 20 मैचों में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के प्रबंधक का कार्य संभालेंगे। टी 20 मैचों की सीरीज 25 से 31 दिसंबर तक भारत में खेली जाएगी। मोहन द्विवेदी 24 दिसंबर को भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें इस पद पर चुने जाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।







Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/ फुलटाइम घर बैठे SMS Job करके लड़के/लड़कियां, गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीन लैपटॉप मोबाइल मुक्त नाम पता Whatsapp करें 6296026501 R- 23/12 to 29/12/23

!!नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम / फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाएं (जरूरमंद लोग ही Whatsapp / कॉल करें) NOC-2150/- +91 85830 47417 B- 22/12 to 26/12/23

WANTED ENGINEERS. A reputed company in Pune requires Apprentice Mechanical Engineers and Mechanical Engineers with 1 – 2 years experience in Production and Quality Assurance. Call 9822301629 or send resume at ajaykaul01@gmail.com. R- 22/12 to 26/12/23

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5374



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5373 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | बा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5384

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर डेंटल कॉलेज में प्री क्रिसमस सेलिब्रेशन, पेपर डांस की थीम पर झूमे विद्यार्थी




भोपाल। मानसरोवर डेंटल कॉलेज के प्री क्रिसमस सेलिब्रेशन में जहां एक ओर पेपर डांस और म्यूजिकल चेयर रेस की थीम पर विद्यार्थी और टीचर्स ने जमकर मस्ती की वहीं दूसरी ओर गिफ्ट रेपिंग, कार्ड मेकिंग और कैंडल मेकिंग कॉम्पीटीशन में विद्यार्थियों का हुनर देखते ही बना। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चांसलर मंजुला तिवारी ने मानसरोवर डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. गुरूदत्त नायक, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, कुलपति डॉ. ए.एस यादव सहित डेंटल कॉलेज के शिक्षकों के साथ क्रिसमस केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल डॉ. तृप्ति रहंडाले, डॉ. अमिता गुप्ता, डॉ. ऋचा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। क्रिसमस सेलिब्रेशन में रेड एंड व्हाइट थीम में सजे विद्यार्थियों ने सेंटा क्लॉज से खूब गिफ्ट बटोरे। इस दौरान जिंगल बेल सॉग पर विद्यार्थियों डांस, म्यूजिक और जमकर मस्ती की। क्रिसमस सेलिब्रेशन के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें गिफ्ट पैकिंग कॉम्पिटीशन में गायत्री साहू, हिमांशु चंद्रा, कार्ड मेकिंग में एशा किरन, नैनी निगम, साक्षी, कैंडल मेकिंग में एलीना, अनुराधा और कीर्ति सैनी, पेपर डांस में ज्ञाना और संस्कृति, हर्षदा और अपूर्वा, म्यूजिकल चेयर में कामना पुष्प और हर्षदा ने पुरस्कार प्राप्त किए।

### दिल्ली पब्लिक किड्स स्कूल में वार्षिक उत्सव



भोपाल। दिल्ली पब्लिक किड्स स्कूल होशंगाबाद रोड भोपाल का वार्षिक उत्सव संस्कृत यूनिवर्सिटी के ऑडिटॉरीयम में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी की पूजा एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। समारोह के मुख्य अतिथि मेजर भदोरिया और उनकी पत्नी एवं मेजर प्रभाकर सिंह का स्कूल के द्वारा सम्मान किया गया । सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की वंदना के रूप में नन्हें- मुन्ने बच्चों द्वारा प्रथम नृत्य प्रस्तुत किया गया । सभी नन्हे मुन्ने छात्र- छात्राओं ने बहुत ही उत्साह के साथ रंगारंग कार्यक्रम में मन को मोहित करने वाले नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे मुन्ने बच्चे ने बहुत ही सुंदर पोशाक पहन कर शिव शम्भु तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव को बखूबी दिखाया । मेजर प्रभाकर सिंह ने आर्मी लाइफ के बारे में बताया जिसको सुनकर सभी को देश भक्ति का जोश आ गया । भारतीय सेना के रूप में एक बहुत ही सुंदर प्रस्तुति बच्चों ने प्रस्तुत की ।पेड़ लगाओ एवं पेड़ बचाओ* पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर नाट्य प्रस्तुत किया । अंत में स्कूल की प्राचार्या कुसुम माथुर ने सभी अतिथियों एवं माता-पिता का इस कार्यक्रम में पधारने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और सभी को मेरी क्रिसमस एवं नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी ।

### एलएनसीटी में हुआ नॉन स्टॉप स्मॉर्ट इंडिया हैकथॉन ग्रैंड फिनाले



भोपाल। एलएनसीटी के आडिटोरियम में पांच दिवसीय नॉन स्टॉप स्मार्ट इंडिया हेकेथान हार्डवेयर एडिशन ग्रैंड फिनाले का समापन एक गरिमामय समारोह में हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ.) एसके जैन, कुलपति बरकतउल्लाह विवि ने सभी से अपने कार्य में राष्ट्रीय उद्धेश्य और आवश्यकता को शामिल करने का आह्वान करते हुए की वे समाज, कालेज और राष्ट्र के लिए कार्य करें। सहायक नवाचार निदेशक, नवाचार सेल, एआईसीटीई, भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. ईलागोवन करियपन ने स्मार्ट इंडिया हेकथांन के उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए एलएनसीटी के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। राहुल दहिया समन्वयक एमआईसी, भारत सरकार ने निरंतर नवाचार पर जोर दिया। एलएनसीटी समूह की वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे ने कहा हमे सदेव ऐसी रिसर्च और सॉल्यूशन के लिए सोचना चाहिए जो समाज के लिए लाभप्रद हो, हमें पूर्ण विश्वास है आप सभी नए आईडिया, इन्नोवेशन, रिसर्च, और उधमिता के द्वारा हमारे राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे। एलएनसीटी नोडल के स्पोक डॉ विवेक रिछारिया ने बताया कि मध्य प्रदेश के अलावा इसमें कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान , महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और पंजाब की टीमों ने भाग लिया । विजेताओं को 100000 ,75000, 50000 रुपए के चेक , प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। भाग लेने वाली 23 टीमों के मैंटर और 12 मार्गदर्शकों और परीक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक राय, डॉ. वीके साहू, डॉ.अनूप चर्तुवेदी , प्राचार्य, डायरेक्टर, ओएसडी, एचओडी, शिक्षक, स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### साहित्य की दुनिया में मर्डर मिस्ट्रीलवर्स के लिए स्पेशल ट्रीट द डेडमैंस प्लान हुआ री-लांच



भोपाल। पुस्तक प्रेमियों के लिए एक बढ़िया खबर में द डेडमैंस प्लान बुक का रीलांच होने जा रहा है। इस कहानी की रचना मर्डर मिस्ट्रीस्टोरीज पर प्रेजेंट किया एक नया टेक भोपाल स्थित बिजनेसमैन समीर सागर ने की है। दरअसल द डेडमैंस प्लान एक थ्रिलर नॉवेल है जिसमें बहुत से उतार-चढ़ाव शामिल हैं। कहानी रहस्यमयी पहेलियों से लैस एक रोमांचक मर्डर मिस्ट्री है जिसे सुलझाना पाठकों के लिए एक कठिन टास्क साबित हो रहा है। यही कारण है कि वे बुक का आखिरी पन्ना पूरा होने तक उससे नजरें नहीं हटा पा रहे। कहानी का प्रेमिस एक अनूठे नायक पर आधारित है जिसकी मृत्यु का समय पहले से ही तय है। ये बात जानने के बावजूद पाठक मुख्य किरदार की कहानी से गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं। किताब को मिले कई यूजर रिव्यूस में उसे रोमांचक और पैसा-वसूल बताया गया है। इस किताब का पेपरबैक संस्करण जल्द ही प्रमुख ई-शॉपिंग वेबसाइटों पर उपलब्ध होगा। किताब के लेखक समीर सागर को बचपन से ही साहित्य और शब्दों से लगाव रहा है। वे कहतें हैं मैं कोई कहानीकार नहीं हूं। मैं तो एक बिजनसमैन हूं जिसे प्लांस बनाना आता हैं। बस इस बार मैंने अपने प्लान्स को एक कहानी में बांध कर पन्नों पर उतार दिया। बिजनेस और लेखन के अलावा समीर सागर एक उत्कृष्ट वक्ता भी हैं। द डेडमैंस प्लान यह उनका पहला उपन्यास है जो मूल रूप से पिछले साल प्रकाशित हुआ था

### आईआईएम में तीन दिवसीय पूर्व छात्र समारोह नॉस्टेल्जिया 2023 की शुरुआत हुई

भोपाल। भारतीय प्रबंधन संस्थान अपने 3 दिवसीय वार्षिक पूर्व छात्र घर वापसी कार्यक्रम, नॉस्टेल्जिया 2023 की शुरुआत हुई। विभिन्न कॅरियर क्षेत्रों के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को एक साथ लाते हुए। इस कार्यक्रम ने 250 से अधिक पूर्व छात्रों को आकर्षित किया है, जो आईआईएम की शौकीन यादों को याद करने के लिए अपने अल्मा मेटर में लौट आए हैं। भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ कैम्पस 22 से 24 दिसंबर 2023 तक यह तीन दिवसीय सप्ताहांत उत्सव समय में पीछे की एक उल्लेखनीय यात्रा के रूप में आयोजित किया जाता है। अपने परिवारों के साथ 1988, 1993, 1998, 2003, 2008 और 2013 के बैचों के पूर्व छात्र एक मजेदार सप्ताहांत के लिए एक छत के नीचे एकत्र हुए हैं, जहां वे विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। कई गतिविधियों में भाग लेंगे और अतीत को फिर से जीवंत करेंगे। रिश्तों। उद्घाटन समारोह, उत्सव ने नॉस्टेल्जिया 2023 की आधिकारिक शुरुआत को चिह्नित किया। जिसमें संकाय सदस्यों के मुख्य भाषण और छात्र क्लबों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन शामिल थे। समारोह में आईआईएम लखनऊ की निदेशक प्रो.अर्चना शुक्ला ने पुराने बैचों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहाकि तेजी से विकसित हो रहे व्यावसायिक जगत में प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए पूर्व छात्र हमारे छात्रों के लिए लंबे समय तक चलने वाले कनेक्शन और परामर्श के अवसरों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### राजीव गांधी आयुर्वेद महाविद्यालय में शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम



भोपाल। चौहान शिक्षा समिति भोपाल द्वारा संचालित राजीव गांधी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा आयोजित अभ्युदय तृतीय शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.राकेश पंडित राष्ट्रीय अध्यक्ष आरोग्य भारती एवं मुख्य प्रवक्ता डॉ.अशोक कुमार वाष्र्णेय राष्ट्रीय संगठन सचिव अरोग्य भारती, भोलानाथ क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्यक्षेत्र एवं महाविद्यालय के सचिव डॉ.सय्यैद साजिद अली तथा प्राचार्य डॉ.भगवती प्रसाद शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

---

जियो के 4 करोड़ से ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक

## ट्राई की ताजा रिपोर्ट में मप्र-छग सर्किल में जियो सबसे आगे




हरिभूमि न्यूज ▶▶। भोपाल

टेलीकॉम रेगुलेटर अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( ट्राई ) ने ताजा रिपोर्ट जारी कर दी है। सितंबर 2023 की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो शानदार प्रदर्शन के साथ नंबर वन पर है। ट्राई के आंकड़ो के मुताबिक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 7.76 करोड़ मोबाइल ग्राहक है। वहीं, वायरलाइन इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 14.97 लाख है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या सबसे ज्यादा 4 करोड़ से अधिक हो गई है।

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी टेलीकॉम ऑपरेटर की ग्राहक संख्या इस मुकाम तक पहुंची है। वहीं,जियो फाइबर वायरलाइन इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहक लगभग 6.7 लाख है।

### फाइबर ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या में भी इजाफा

ट्राई की रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 तक जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा मोबाइल ग्राहकों को जोड़ा है। जियो का मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में मार्केट शेयर 52 फिसदी से ज्यादा हो चुका है। सितंबर 2023 में मोबाइल ग्राहकों के साथ ही जियो ने फाइबर ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या में भी इजाफा किया है। मध्यप्रदेश ऋ छत्तीसगढ़ में सभी वायरलाइन इंटरनेट प्रदाता कंपनियों के 14.97 लाख ग्राहक है। इनमें से करीब 6.7 लाख उपभोक्ता जियो फाइबर की ब्रॉडबैंड सेवा का उपयोग कर रहे है। मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ में जियो फाइबर ब्रॉडबैंड की बाजार हिस्सेदारी 45.1 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो की 5जी सेवा तेजी से लॉच हो रही है। दोनों प्रदेश के 86 जिलें और 645 कस्बों में जियो ट्रू 5जी सेवा दे रहा है। जियो के दोनों प्रदेश में 10 हजार से अधिक मोबाइल टावर है, जो कि दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटर्स से तीन गुना से भी ज्यादा है।

---

न्यूमार्केट में नगर निगम अमले को नहीं दिखा अतिक्रमण

# मार्केट में पन्नी फाड़...निगम के ऐसे 'एक्शन' से व्यापारी हतप्रभ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶। भोपाल

न्यूमार्केट में तीन तरह से (संरक्षण, अतिक्रमण और किराएदारी) फैले अतिक्रमण को लेकर मार्केट के लोग और क्षेत्रीय रहवासी व्यापारियों के साथ-साथ नगर-निगम अमले को दोषी करार दे रहे हैं। तो मार्केट में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर 'हरिभूमि' द्वारा प्रकाशित खबरों के बाद बीते दिनों नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी द्वारा जारी फरमान के अनुरूप निगम के अमले ने मार्केट के अंदर कार्रवाई की। जो कि अतिक्रमण की नहीं, बल्कि पन्नी फाड़ और पन्नी हटाओ कार्रवाई रही। इससे व्यापारी हतप्रभ हुए।

निगम अमले के इस कारनामें पर मार्केट के व्यापारियों खूब ठहाके लगा रहे हैं। अतिक्रमण से पीड़ित लोगों के अनुसार निगम अमले को मार्केट में चौतरफा फैला अतिक्रमण नहीं दिखा, उसे दिखा तो जमीन से 15 फीट ऊपर बंधी पन्नी और तिरपाल। जो दुकानदारों ने ग्राहकों को धूप और पानी से बचाने के लिए लगा रखे थे।

» निगम ने 15 फीट पर ऊपर बंधे तिरपाल व पन्नियों को हटाया



रोजाना मार्केट में करीब 40 से 50 हजार रुपए की अवैध वसूली

### हॉकर्स और वेंडरों ने बिगाड़ी फिजा

बाजार सूत्रों के अनुसार न्यूमार्केट अतिक्रमण को लेकर 'हरिभूमि' द्वारा प्रकाशित की जा रही खबर के बाद निगम अमला व्यापारियों में दहशत फैलाने यह पन्नी फाड़ और तिरपाल हटाओ कारवाई की। निगम अमले को अतिक्रमण नहीं दिख रहा जो हॉकर्स और वेंडरों ने मार्केट की फिजा बिगाड़ रखी है।

व्यापारी बताते हैं कि मार्केट में अंदर -बाहर करीब 900 वेंडर और हॉकर्स हैं। इन सभी से संरक्षण प्रदाता और किराएदारों द्वारा प्रतिदिन 400 से 500 रुपए की अवैध वसूली की जाती है। इस प्रकार रोजाना मार्केट में करीब 40 से 50 हजार रुपए की अवैध वसूली होती है। हॉकर्स और वेंडर से वसूली गई रकम संरक्षण प्रदाता, अतिक्रमणकर्ता और किराएदारी चलने वाले लोगों द्वारा निगम को 6 से 7 लाख रूपए महीना दिया जाता है जो नीचे से लेकर ऊपर तक बंदरबाट होती है। यही वजह है कि मार्केट नो व्हीकल जोन तो हो गया, लेकिन नो हॉकर्स और वेंडर जोन अभी तक नहीं हुआ।

---

### सफाई कर्मियों को माला पहनाकर किया सम्मान, सौ कंबलों का किया वितरण



भोपाल। दस नंबर व्यापारी संघ के तत्वावधान में राजधानी शहर को स्वच्छता बनाए रखने में प्रमुख सहयोगी के रूप में कार्यरत नगर निगम के सफाई कर्मियों को फूलों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया और एक सौ कंबल वितरण डॉ.सुरजीत सिंह चौहान एवं इमरान भाई मित्रमंडली द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरजीत सिंह चौहान, जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव ,एमआईसी सदस्य सुषमा बाबिसा, पार्षद शिखा गोहिल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी,उपाध्यक्ष विनोद खटवानी, एहफाज भाई, अमृत गहलोत, सुनील सचदेवा, जीतू भाई, इंदर तलरेजा, इमरान भाई, गुफरान सिद्दीकी, भारके तपिश मनुजा, आरके शर्मा, प्रकाश नेवारे, आशीष वर्मा, विनय मैथिली मालवीय नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, जोन अधिकारी, वार्ड प्रभारी दरोगा इत्यादि उपस्थित रहे।

### मप्र के किसानों ने एग्रोस्टार की मीटिंग्स में शामिल होकर सीखी प्रगतिशील कृषि तकनीक

भोपाल। एग्रोस्टार ने मध्यप्रदेश के किसानों को प्रगतिशील कृषि पद्धतियों के बारे में शिक्षित करने और किसानों द्वारा प्राप्त उत्कृष्ट परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण हिस्सों में 100 से अधिक किसानों की मीटिंग्स आयोजित किए। मक्का, गेहूं, धान, मिर्च और अन्य फसल उत्पादक किसानों को इस प्रोग्राम में शामिल किया गया। बाजार में अच्छी मांग के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपयुक्त होने के कारण पिछले कुछवर्षों में इन फसलों ने क्षेत्र के किसानों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है। एग्रोस्टार उच्च गुणवत्ता वाले कृषि प्रोडक्ट्स और कृषि सलाह प्रदान करने के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में जैसे सिवनी, रतलाम, छिंदवाड़ा, भोपाल, इंदौर, मुरैना, सतना और और अन्य क्षेत्र में किए गए। एग्रोस्टार के एसोसिएट डायरेक्टर, मार्केटिंग, अक्षय हलबे ने कहाकि पिछले 10 वर्षों में, हमने विश्वास के आधार पर क्षेत्र के किसानों के साथ मजबूत रिश्ते बनाए हैं। इन फसल प्रदर्शन के माध्यम से हम उनके भरोसे को प्रमाणित करने, उनके साथ जुड़ने और एग्रोस्टार द्वारा प्रदान की गई समय पर सलाह और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि प्रोडक्ट्स के रिजल्ट के बारे में सूचित करने के लिए एक प्रयास किया।




छात्रों ने कैट 2023 में 99 प्रतिशत अंक से अधिक प्राप्त किए

## टॉपरैंकर्स के सुपरग्रेड्स ने फिर से लहराया परचम

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक, सुपरग्रेड्स - टॉपरैंकर्स, जो छात्रों को मैनेजमेंट और केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेशों जैसे कि आईपीएमएट, सीयूईटी, कैट और अन्य की तैयारी करने में मदद करता है, को यह घोषणा करते हुए गर्व है की उनके 10 से अधिक छात्रों ने 99 फीसदी प्राप्त किया है, 30 से अधिक छात्रों ने 98 फीसदी प्राप्त किया है जबकि 55 से अधिक छात्रों ने 95 फीसदी, हाल ही में हुए कैट 2023 परीक्षा में प्राप्त किए है। संस्थान सालो से निरंतर परिणाम देता आ रहा है जैसे ऑल इंडिया रैंक 3, 5, 7 के साथ आईपीएमएट इंदौर 2023 में, सीयूईटी 2023 में 650+ छात्रों ने 100 प्रतिशत प्राप्त किए। सुपरग्रेड्स बाय टॉपरैंकर्स के कैट विभाग के शैक्षिक प्रमुख, भूषण बापट ने कहाकि कैट 2023 में हमारे छात्रों की अभूतपूर्व सफलता टॉपरैंकर्स के लिए एक और उपलब्धि है।

### एक्टर्स बनेंगे सीक्रेट सांता, देंगे उपहार

मुंबई। क्रिसमस के मौके पर खुशियों और उल्लास का माहौल छा जाता है। इसी के साथ सीक्रेट सांता को लेकर उत्सुकता भी बढ़ रही है, त्यौहार के उत्साह में चार-चांद लगा देता है। इस मौके पर एंडटीवी के कलाकारों ने भी सीक्रेट सांता बनकर अपने प्रियजनों को उपहार देने की योजना बनाई है। कलाकार व्योम ठक्कर, गीतांजलि मिश्रा और विदिशा श्रीवास्तव ने कहा कि सीक्रेट सांता का मिशन सेट पर खूब खुशियां लेकर आएगा।

---

**कार्यालय थाना कोतवाली नगरीय पुलिस जिला भोपाल**

क्र.-थाप्र/कोत/भो/मर्ग क्र.-10/23 दिनांक 22.12.2023



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली भोपाल के मर्ग क्रमांक 10/2023 धारा 174 जा.फौ. मे मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 50 साल निवासी अज्ञात जिसका हुलिया- रंग सांवला, चेहरा लंबा, सिर के बाल अधपके, दाढी मूंछ हल्की बडी होकर बाल अधपके है सीने पर बायी तरफ मिथुन गुदा है शरीर पर नीले रंग की फुल आस्तीन की जैकेट व खाकी रंग की पेंट पहने है। मांग खाकर गुजर बसर करने वाला प्रतीत होता है । जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है । यदि इस मृत व्यक्ति के संबंध मे किसी को कोई जानकारी हो या वह इसके परिजन हो तो थाना कोतवाली भोपाल मे आकर संपर्क करे अथवा दूरभाष नं. 0755-2677309 अथवा 0755-2443220 पर संपर्क करें ।

थाना प्रभारी
थाना कोतवाली भोपाल

जी-22179/23

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक 1, राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि. ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र. | टेण्डर नं | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय, डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_CPA_320962_1 | 100/SAC dt. 18.12.23 | राज्य सूचना आयोग कार्यालय भवन, अरेरा हिल्स भोपाल का वार्षिक रख रखाव का | Rs.25.55 | Rs.50,000.00 | Rs.5,000/- | 05-01-2024 |
| | 2023_CPA_320964_1 | 101/SAC dt. 18.12.23 | राज्य सूचना आयोग कार्यालय भवन, अरेरा हिल्स भोपाल का वार्षिक हाऊसकीपिंग का कार्य | Rs.13.88 | Rs.27,760.00 | Rs.2,000/- | 05-01-2024 |
| | 2023_CPA_320965_1 | 102/SAC dt. 18.12.23 | राज्य सूचना आयोग कार्यालय भवन, अरेरा हिल्स भोपाल में लॉन एवं गार्डन प्लांट्स आवश्यक फ्लावर पाट्स आदि का वार्षिक रख रखाव कार्य | Rs.8.23 | Rs.16,460.00 | Rs.2,000/- | 05-01-2024 |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05/01/2024 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक 1
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.
ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

दूर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

जी-22164/23

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां,) संभाग क्र. 1, रोड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन-कोड 462003**

web site: www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

निविदा क्रमांक 125 से 129/2023-24 // निविदा आमंत्रण सूचना // भोपाल, दिनांक -19.12.2023

निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2023_PWDRB_320532_1 | रायसेन | बजट कार्य | बेगमगंज-सगर रोड से महुआखेड़ा-राजधर पड़रिया-रतनहारी से सिलवानी रोड, बेगमगंज जिला रायसेन तक 11 केवी, एलटी लाइन और ट्रांसफार्मर की पोल शिफ्टिंग एवं ऊंचाई बढ़ाने का कार्य। | प्रथम | 169.535 |
| 2 | 2023_PWDRB_320533_1 | रायसेन | बजट कार्य | भाग बी-दरगाह शरीफ से सागर तिराहा रोड जिला रायसेन तक स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य। (शेष सड़क लंबाई 2.0 किमी) | प्रथम | 49.749 |
| 3 | 2023_PWDRB_320693_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विधुत कार्य | निर्माण भवन अरेरा हिल्स भोपाल में स्थापित 8 यात्री क्षमता वाली 2 नंग पैसेंजर लिफ्ट के वार्षिक रखरखाव एवं संचालन का कार्य। (02 वर्षो के लिए) | प्रथम | 28.482 |
| 4 | 2023_PWDRB_320697_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | गांधी मेडिकल कॉलोज भोपाल में लाइब्रेरी वीआरवी एसी सिस्टम की मरममत और एडमिन ब्लॉक एवं लाइब्रेरी में वीआरवी एयर कंडीशनिंग सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव का कार्य। (एक वर्ष के लिए) | द्वितीय | 35.624 |
| 4 | 2023_PWDRB_320702_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | हमीदिया अस्पताल भोपाल में सीटीवीएस ओ टी में सभी भागों और पाइप लाइन के प्रतिस्थापन का कार्य। | प्रथम | 17.675 |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से दिनांक 08/01/2024 सांय 5:30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mprenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि/यां.)
संभाग क्र. 1, भोपाल

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

जी-22159/23

---

**Online Tender Document for M.P police**

**पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल**

No. PHQ/15/GPC/7282-2/2023 Bhopal, // ऑनलाईन निविदा सूचना // Dated 11/12/2023

पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश की और से उप पुलिस महानिरीक्षक (प्रबंध) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला हेतु निम्नानुसार सामग्री क्रय के लिये 3 माह का दर अनुबंध हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:।

| Technical specifications of required items with quantity of MP FSLs | | | EMD Paid Online Through mptenders.gov.in | Tender Fees (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| S No. | Name of Chemical | Approk Quantiy | | |
| 1 | Tris base-(MB Grade), 500gm Pack Size | 20 nos | 60,000 | 2,000/- |
| 2 | EDTA (MB Grade), 500gm pack size | 30 nos | | |
| 3 | SDS(MB Grade), 500gm pack size | 10 nos | | |
| 4 | Sodium chloride (MB Grade), 500gm pack size | 30 nos | | |
| 5 | Proteinase-K(MB Grade), 100mg pack size | 500 nos | | |
| 6 | DTT(MB Grade), 25gm pack size | 30 nos | | |
| 7 | Tris Saturated Phenol (MB Grade), 500ml | 75 nos | | |
| 8 | Chloroform (MB Grade), 500ml pack size | 75 nos | | |
| 9 | Isoamyl alcohol (MB Grade), 500ml pack size | 10 nos | | |
| 10 | Sodium Acetate(MB Grade), 500gm pack size | 10 nos | | |
| 11 | 2-Propanol (MB Grade), 1lit pack size | 10 nos | | |
| 12 | Hydrochloric acid, ultrapure, 500ml pack size | 10 nos | | |
| 13 | Hand dis-infectent rub with 75% Ethyl alcohol, skin Softner and moisturizer, 500 ml pack size | 350 nos | | |
| 14 | Sodium Hypochlorite, 1 litre pack size | 10 nos | | |
| 15 | Sodium Hydroxide molecular biology grade, 500gm pack size | 20 nos | | |
| 16 | Surface Sanitizer with 20% benzalkonium chloride, 0.5% cetrimide and 5% isopropyl alcohol, 5 litre pack size | 25 nos | | |
| 17 | Liquid hand cleaner Soap, 500ml pack size | 400 nos | | |
| 18 | Acetic Acid Glacial, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 50 nos | | |
| 19 | Acetone, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 61 nos | | |
| 20 | Ammonium Sulphate, AR grade, 500gm pack size | 110 nos | | |
| 21 | Ammonia, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 38 nos | | |
| 22 | Benzene, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 45 nos | | |
| 23 | Chloroform, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 100 nos | | |
| 24 | Diethyl Ether, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 175 nos | | |
| 25 | n-Hexane, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 250 nos | | |
| 26 | n-Heptane, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 10 nos | | |
| 27 | Methanol, AR grade, 2.5 Ltr pack size | 60 nos | | |
| 28 | Nesslers Reagent AR grade, 100ml pack size | 89 nos | | |
| 29 | Palladium chloride, AR grade, 1gm pack size | 28 nos | | |
| 30 | Petroleum Ether (60-80C), AR grade, 2.5 Ltr pack size | 37 nos | | |
| 31 | Petroleum Ether (40-60OC), AR grade, 2.5 Ltr pack size | 37 nos | | |
| 32 | Silica Gel AR grade, 1 kg pack size | 81 nos | | |
| 33 | Silica Gel G 60 F254 Pre coated TLC plate Aluminium sheets (20 x 20 CM), 25 pcs per pack | 1400 nos | | |
| 34 | Silica Gel G Glass Plate (20 x 20 CM) | 650 nos | | |
| 35 | Schiff's Reagent AR grade, 500 ml pack size | 72 nos | | |
| 36 | Bromoform 98%, 250 ml pack size | 25 nos | | |
| | Benzidine, 100 gm pack size | 35 nos | | |
| 37 | 30% Hydrogen Peroxide, AR Grade, 500 ml, pack size | 275 nos | | |
| 38 | Eosin prepared reagent For staining of cellular component, pack Size 125ml | 500 nos | | |
| | Haemotoxilin prepared reagent For nuclear staining, pack Size 125ml | 500 nos | | |
| 39 | Glacial Acetic Acid, AR grade,500ml pack size | 40 | | |
| 40 | Filter Paper 46x 57 cm or more, Whatman Grade | 5000 Sheets | | |
| 41 | Filter Paper Size 18 X 22 inch or more, Normal absorbent of Good quality | 10000 Sheets | | |
| 42 | Sanitizer/Hand Disinfectant Should contain 75%ethyl alcohol Skin Softner+moisturizer, 500ml pack size | 100 | | |
| 43 | Dropper/ Pasteur pipette, 12 inch | 1500 | | |
| 44 | Surface Sterilizer, Should contain 20 % Benzalkonium Chloride+0.5% centrimide+ isopropyl alcohol or better for surface cleaning, 5 Ltr Size | 50 nos | | |
| 45 | DPx Mount, 100ml pack size | 20 nos | | |
| 46 | Glycerin, 250 ml pack size | 25 nos | | |
| 47 | Agarose electrophoresis grade,200 gm pack size | 20 nos | | |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर जमा किये जाऐंगे।
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
4. समय सारणी :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 12/12/2023 के 14:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 13/12/2023 के 12:00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 19/12/2023 के 12:00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 23/12/2023 के 12:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 02/01/2024 के 14:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक | 03/02/2024 के 16:00 बजे |

5. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि बेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अतः बेबसाईट पर अद्यतन रहें।
6. निविदा में दर्शाए दिनांक/समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी बेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

(डी.आर.तेनीवार)
उप पुलिस महानिरीक्षक (प्रबंध)
हेतु-पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश

जी-22135/23

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन हो

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ और अधिक मुखर होने की जरूरत है। पुंछ और राजौरी सेक्टर में इन दिनों आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से आतंकी वारदात में तेजी आई है। भारत सरकार लंबे समय से कश्मीर में 'ऑपरेशन क्लीन' चला रही है, जिसके चलते सैकड़ों आतंकी मारे भी गए हैं, आतंकी घटनाओं में भी कमी आई, इसके बावजूद कश्मीर अभी तक आतंकमुक्त नहीं हो सका है। इसके पीछे कारण पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट है। पाकिस्तान की फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई लगातार कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। ठंड के मौसम में पाक एस्टाब्लिशमेंट की कोशिश भारत में आतंकी घुसपैठ कराने की रहती है। वह हर बार ऐसा करती है। दिसंबर के महीने में एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ बढ़ जाती है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह मस्जिद में अजान पढ़ रहे थे। वह एक स्थानीय 'मुअज्जिन' थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। मस्जिद में आतंकी वारदात चिंता पैदा करती है। भारतीय खुफिया विभाग ने रिपोर्ट जारी कर सुरक्षा बलों को अलर्ट भी कर दिया है कि घाटी में पाक की ओर से आतंकियों की घुसपैठ बढ़ी है। 60 से 70 प्रशिक्षित आतंकी के घुसने का अनुमान है। भारतीय सुरक्षा बल सीमा पर हमेशा अलर्ट रहते हैं, लेकिन भौगोलिक स्थिति की वजह से आतंकी वारदात करने में सफल हो जाते हैं। आतंकी गुटों का एक पैटर्न है कि कश्मीर में जब हालात सामान्य होने लगते हैं, वे आतंकी हमले करने लगते हैं। हाल के वर्षों में आतंकियों ने जवानों व गैर कश्मीरियों को अधिक निशाना बनाया है, इसे रोकने की जरूरत है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। पाकिस्तान की माली हालत जैसी भी है, पर भारत के खिलाफ आतंकवाद उसकी नीति कभी बदलने वाली नहीं है, वह कश्मीर में आतंकवाद को शह देता रहेगा। भारत को इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाना होगा। कश्मीर में अगर तमाम कोशिशों के बावजूद आतंकवाद का खात्मा नहीं हो पा रहा है, तो आखिर जड़ का काटना ही होगा। भारत को कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ कठोर एक्शन लेते रहना होगा। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख व पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने बेशक कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब भी जीवित है और सेना या पुलिस के इस्तेमाल से इसका खात्मा नहीं किया जा सकता, बल्कि आतंकवाद के मूल कारण को समझने की जरूरत है। यह बात सुनने में सही लगती है, लेकिन आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र ने कूटनीति से लेकर सैन्य एक्शन तक कदम उठाए हैं। टेरर फंडिंग पर चाबुक चलाया गया है। दरअसल, जब तक सीमा पार से आतंकवाद प्रायोजित किया जाता रहेगा, कश्मीर में आतंकवाद को शह मिलता रहेगा। भारत को चाहिए कि कश्मीर में सर्च ऑपरेशन तेज करने के साथ ऑपरेशन क्लीन को भी तेज करे। इसी के साथ प्रायोजित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश देना होगा। भारत को कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए कूटनीति और विशेष सैन्य अभियान का संयुक्त प्रयास लगातार करते रहना होगा। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी है।

## जयंती

प्रभात झा



# युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी

25 दिसंबर 2023 है, यह अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती है। 25 दिसंबर 2024 को उनकी जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष होगा। हमें पूरा विश्वास है कि अटल जी के आदर्शों पर चलने वाले और वर्षों की जनसंघ और भाजपा के घोषणापत्र में लिखे वचनों को साकार करने वाले वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी जन्म शताब्दी की अद्भुत तैयारी की योजना बना चुके होंगे या बना रहे होंगे। यह अटल का सौभाग्य है कि आज उनके द्वारा प्रारंभ की गई विचारधारा को, चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो, एकात्म मानववाद के रूप में हो, या अंत्योदय के रूप में, इसे भारत की जमीन पर जूनून से उतारने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। जनता पार्टी की सरकार के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में अटल जी पहले भारतीय विदेश मंत्री थे जिन्होंने हिंदी में भाषण देकर पूरे विश्व को जहां चौंका दिया था, वहीं अपनी राष्ट्रभाषा को सम्मान प्रदान किया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक विश्व में 66 राष्ट्रों में गए और भारत की, भारत माता की और वहां बसे भारतीयों के बीच अपनी संस्कृति और राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण जिस तरह से किया उसे अटल को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि कहेंगे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की पहली सरकार 13 दिन की थी, दूसरी बार 13 महीने की थी। जब 13 महीने की सरकार गिर रही थी तब विपक्ष में बैठे लोगों ने ताने मारे थे कि अटल ने सत्ता के लिए धारा 370, राममंदिर निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, समान नागरिक संहिता जैसे अपने विचारधारा के विषय को भूलकर एनडीए से समझौता किया। प्रधानमंत्री के नाते अटलजी ने सदन में जवाब दिया था कि राष्ट्रपति द्वारा सबसे बड़े दल होने के नाते हमें सरकार बनाने के लिए बुलाया गया, तो हमने न्यूतम साझा कार्यक्रम बनाया था जिससे देश पर पुनः चुनाव का भार न पड़े और अच्छी सरकार दे सकें, लेकिन विपक्ष की ओर अटल ने कहा की एक बात समझ लीजिये, जिस दिन हम बहुमत में आएंगे, उस दिन न धारा 370, न राममंदिर, न तीन तलाक और न समान नागरिक संहिता को छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में भाजपा की अकेले दम पर केंद्र में बहुमत की सरकार बनवाई। 2019 में इतिहास रचा गया और दोबारा सरकार बनी। प्रधानमंत्री मोदी के कानों में अटल के वे वाक्य जो उनके द्वारा सदन में कहे गए थे और जनसंघ से लेकर भाजपा के घोषणापत्र में लगातार लिखे जा रहे थे, को पूरा करने का अवसर आया, उन्होंने तनिक भी देर नहीं की और अपने राजनीतिक पुरखों की लिखी और कही विचाराधारा की बातों को 140 करोड़ जनता के चरणों में समर्पित किया। अटलजी ने मुंबई में संपन्न हुए भाजपा के प्रथम सम्मेलन में कहा था 'अंधेरा हटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' आज उनके इस वाक्य को मोदी शब्दशः साकार करने में अनवरत देश के एक सेवक एवं कार्यकर्ता के रूप में सक्षमता से साकार कर रहे हैं। अटलजी को उनके राजनीतिक जीवन की यात्रा में किये गए अनथक प्रयत्न, उनकी उदारता, उनकी आत्मीयता और उनके द्वारा एक नहीं अनेक बार की कई भारत यात्रा में अपनी वाणी से जनसंघ के दीये के प्रकाश में और कमल पुष्प के सुगंध से पूरे भारतवर्ष में जनता को भाजपा को आकर्षित करने का प्रयास किया। अटलजी ग्वालियर स्थित शिंदे की छावनी के कमल सिंह बाग स्थित अपने पैतृक निवास के एक छोटे से पाटोर में पैदा हुए। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी आजादी से पूर्व उत्तर प्रदेश के बटेश्वर से ग्वालियर आकर सिंधिया स्टेट के दौरान एक स्कूल में शिक्षक की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अटल चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका संपर्क बाल्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक तीजारेजी से हुआ। वहीं से वे संघ के स्वयंसेवक बने। अंग्रेजों के जमाने में ग्वालियर में विक्टोरिया कॉलेज जिसका नाम आज महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय है, में वे पढ़ते थे। अटल जी को जिन शिक्षकों ने पढ़ाया था उनमें एक बहुत बड़े साहित्यकार डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी थे। अटल बिहारी वाजपेयी आज भले ही काया से हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन छाया से वे हम सबके बीच सदैव रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर और 25 दिसंबर उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस घोषित कर एक आदर्श जीवनशैली के राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सेवा का जहां सम्मान किया, वहीं राजघाट पर उनकी समाधि 'सदैव अटल' बनाकर हर भारतवासी की ओर से जो श्रद्धांजलि अर्पित की वह इतिहास में अमर हो गया। आज जो भी नागरिक व कार्यकर्ता दिल्ली आता है 'सदैव अटल' पर जरूर श्रद्धांजलि अर्पित करता है और अपनी विचारधारा के पुरोधा को प्रणाम करते हुए अभिभूत हो जाता है।

(लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



# 'अटल सपने' साकार कर रहे मोदी

जयंती पर विशेष

कैप्टन अभिमन्यु

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है।

राजनीति में शुचिता और संकल्प के साथ सामान्य वस्त्रों में संत स्वरूप स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को याद किया जाता है। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आज 25 दिसंबर को जन्म जयंती पर विकसित भारत के सपने और अंत्योदय के संकल्प के साथ देश सेवक के रूप में सेवा कर रहे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में सुशासन को लेकर दूरगामी कदम उठा रहे हैं। देश के नागरिकों का विश्वास उनमें किस कदर है, हर बार होने वाले चुनाव और उसमें आने वाले परिणाम हर बार इस बात को साबित कर रहे हैं।

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। मात्र वादे और दावे नहीं, बल्कि 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायत में ब्रॉडबैंड और इंटरनेट की सुविधा साकार हो चुकी है। वित्तीय समावेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेएएम (जनधन, आधार व मोबाइल) की त्रिमूर्ति लागू की है, 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाएं तेज गति से लाभार्थियों को निर्बाध पहुंच रही हैं। आजादी के बाद पहली बार वाजपेई जी की सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए अलग से जनजातीय मामलों का मंत्रालय स्थापित किया, आयोग के गठन के बाद जनजाति समुदाय के लोगों में एक उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण आया है। नॉर्थ ईस्ट को गति देने के लिए विकास का इंजन बनाने को राष्ट्रीय बांस मिशन, एकलव्य विद्यालयों की संख्या में वृद्धि और आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाना तमाम अहम कदम सरकार उठा रही है। 'वोकल फॉर लोकल' जैसे स्लोगन नागरिकों के जीवन को बदलने में बेहद कारगर साबित हुए हैं। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अटल बिहारी वाजपेई ने सुरक्षा चक्र को और ज्यादा मजबूत करते हुए साफ कर दिया था कि भारत किसी भी दबाव में पीछे हटने वाला नहीं है। आज अटल जी के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सुरक्षा को लेकर ऐसे कदम उठाए हैं कि आतंकियों के हौसले पस्त हो गए हैं, आज भारत की तरफ नजर उठाने की हिम्मत किसी की नहीं है। अटल बिहारी वाजपेई एक दूरदर्शी नेता और भविष्य की जरूरत की पहचान करने वाले व्यक्ति थे, वर्ष 2001 में पूर्वी रूस में तेल और गैस क्षेत्र में 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करके 20% हिस्सेदारी हासिल कर ली थी, यह उस समय भारत का सबसे बड़ा विदेशी निवेश था, विदेशी निवेश के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षित करने के लिए



अटल जी ने जो कदम उठाए, आज प्रधानमंत्री मोदी भी भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में सड़क, रेल व हवाई यातायात के लिए मूलभूत ढांचा मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में भारतमाला जैसे प्रोजेक्ट के साथ पीएम गति शक्ति योजना और देश को बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में मजबूत करने की पहल अटल जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी वाजपेई जी के दृढ़संकल्प और इरादों को लेकर आज भी उनके बनाए विजन पर अमल कर रहे हैं। वर्ष 2003 का 91 संशोधन अधिनियम, जिसमें निर्धारित किया था कि मंत्री परिषद में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या कुल सदस्यों की संख्या के 15 फ़ीसदी से अधिक नहीं होगी, यह भी सुशासन की नींव मजबूत करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वाजपेई ने किसी भी वर्ग और क्षेत्र को छोड़ा नहीं, किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड 1998 में शुरू की थी। किसानों की जरूरत और चुनौतियों को समझते हुए बैंक ऋण, खेती, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, ईंधन तमाम बिंदुओं पर वाजपेई जी ने दूरदर्शी सोच के साथ ठोस नीति बनाई, यही कारण है कि आज केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाएं शुरू कर किसानों के जीवन को बदल दिया है। वाजपेई जी पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के महत्व को समझा और वहां बदलाव की बयार शुरू की, वे असल में श्रमिकों, किसानों और देश के सबसे पिछली पंक्ति के लोगों को आगे लाने के पक्षधर थे, यही कारण है कि मोदी सरकार ने 2020 में चार श्रम कोड की शुरुआत की, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आगे लाने के लिए यह अहम बदलाव है। वाजपेई अपने सरकार के दौरान भी गरीबों के कल्याण पर फोकस किया था, उन्होंने भविष्य के लिए एक लाइन तैयार की, जिसके आधार पर वर्तमान सरकार ने 'श्रमेव जयते' का नारा दिया। वाजपेई जी द्वारा दिखाए सपने को पूरा करने के लिए मोदी भारत को एक मजबूत दिशा की ओर लेकर जा रहे हैं।

पर्यावरण और जल संकट से निपटने को विवादों को समाप्त करने के लिए नदियों को जोड़ने की वकालत वाजपेई जी ने की थी, उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखने और तेल को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने की नीति को देखते हुए तेल भंडार निर्माण, स्वदेशी जैव ईंधन को बढ़ावा देने की शुरुआत की थी। मोदी सरकार इस दिशा में कई ठोस कदम उठाकर राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 लागू कर चुकी है, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत प्रदान की है। मोदी सरकार अटल जी की प्रेरणा से स्वच्छता की मुहिम और खुले में शौच की समस्या को देश से समाप्त करने में कामयाब हुई है, भारत की बदलती तस्वीर से पूरा विश्व प्रभावित है।

अटल जी ने 14 लाख स्वयं सहायता समूह के गठन की घोषणा की थी, महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कई नीतियां लागू करने की पहल की थी। वर्तमान मोदी सरकार भी नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लागू कर कर साफ कर दिया है कि वह अटल जी के दिखाए रास्तों पर ही आगे बढ़ रहे हैं। डेयरी सेक्टर को डीलाइसेंसिंग करने का श्रेय भी अटल बिहारी वाजपेई को जाता है, इससे दूध उत्पादक कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ी है, भारत 2018 तक विश्व का शीर्ष दूध उत्पादक देश बन गया और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता भी बढ़ी है। मोदी सरकार ने इस देश को वन नेशन वन राशन कार्ड की सुविधा प्रदान की है। वाजपेई जी भारतीय भाषाओं के प्रबल समर्थक थे, यही कारण है कि नरेंद्र मोदी सरकार नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दे रही है। इस प्रकार से मोदी सरकार अटल जी के सपनों को सच करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। उस पुण्य आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए रास्तों पर चलना ही है। आज अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता बन गए हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में लगे हैं।

(लेखक पूर्व वित्त मंत्री हरियाणा सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जानिए आत्मा की अस्वस्थता के कारण



संकलित

## दर्शन

हम लोगों के लिए पांच तरह का स्वास्थ्य जरूरी है। ये हैं शरीर, परिवार, समाज, मन और आत्मा का स्वास्थ्य। इनके अस्वस्थ रहने के कारण हैं- मोह, संशय, संदेह, शंका और भ्रम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उसे बहुत भोग न दिए जाएं। शरीर का महत्व समझ लेना चाहिए। ये बड़ा वरदान है ईश्वर का। बहुत बड़ा उपहार है। वह स्थूल रूप में स्वस्थ रहे, यह आवश्यक है। तथागत बुद्ध कहते हैं अष्टांग योग से शरीर स्वस्थ्य रहेगा। तन तंदुरुस्त रखने के लिए सम्यक आहार जरूरी है। बुद्ध कहते हैं सम्यक व्यायाम भी जरूरी है। तीसरा बुद्ध का नहीं, महर्षि रमण का सूत्र है और वह है कम बोलना। आदमी जितना बोलता है, उतना शरीर दुर्बल होता है। जितना जरूरी है, उतना ही बोलना चाहिए। यानी, सम्यक बोला जाए, वरना शरीर अस्वस्थ होगा। असीम विहार, असीम व्यवहार, असीम आहार.. इससे शरीर बिगड़ता है। इनके अलावा जिन पांच से शरीर बिगड़ता है, वे हैं- दूसरों पर शंका, संदेह, संशय, मोह और भ्रम। ये सबके समापन की व्यवस्था मानस ने दी है- सदगुर मिलें जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ। आप कथा सुनते हैं, सत्संग करते हैं, मैं गाता हूं, ये सब अच्छा लगता है। हम सुख पा रहे हैं। यह सबका अनुभव है, लेकिन हम केवल इसी में गिरफ्तार न हो जाएं। हमारा परिवार के प्रति भी उत्तरदायित्व है। हम सुख पा रहे हैं तो उन्हें भी सुख दीजिए।

# श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं अपने काम पूरे मन से करना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### खेलेगा इंडिया तो आगे बढ़ेगा देश

हमारे देश में एक कहावत है कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो होंगे खराब। लेकिन आज बच्चों पर जिस तरह पढ़ाई का भार है और बच्चे जिस तरह मोबाइल, टीवी के मोह में फंसकर या कुछ लोग अपने बच्चों को मोबाइल और टीवी के जाल में फंसाकर बच्चों की सेहत के दुश्मन बन रहे हैं, उसके लिए जरूरी हो गया है कि बच्चों को खेल खेलने के लिए मैदान में भेजा जाए। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी जरूर भाग लेना चाहिए। हमें बच्चों को खेल के मैदान में उतारने की शपथ लेनी चाहिए।

*- सुरेश साहू, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### हमारी लड़कियों पर गर्व

हमारी लड़कियों पर गर्व है! ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट क्रिकेट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। आपने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचा है। आपको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। जीत हमेशा आपकी हो।

-अमित शाह, गृह मंत्री



### राहत की सांस

मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम लागत को कम करने जा रहा है, उन लोगों के लिए जीवन बचाएगा जो नशीली दवाओं को छोड़ देते हैं क्योंकि वे उन्हें वहन नहीं कर सकते हैं, और लोगों को थोड़ी राहत की सांस लेने की जगह देता है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति



### जीवन विचार से बड़ा

जीवन विचार से कहीं अधिक बड़ी घटना है। दुर्भाग्य से, मनुष्य अपने ही विचारों में बहुत अधिक उलझ गया है। इंसान को व्यर्थ के विचारों में न उलझकर जीवन को सफल बनाने के बारे में सोचना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### बच्चों को तैयार करें

अपने बच्चों को एक ऐसी यात्रा के लिए तैयार करें जिसमें न केवल सफलता बल्कि असफलताएँ भी शामिल हों। उन्हें न केवल उपलब्धि को संभालना सिखाएं, बल्कि असफलताओं से कैसे निपटें और अपनी गलतियों से सार्थक सबक कैसे प्राप्त करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# फारस की खाड़ी पर बयान को लेकर रूसी दूत तलब




फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर बयान को लेकर ईरान ने रूसी दूतावास के प्रभारी को तलब कर विरोध दर्ज कराया है। ईरान की मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस और अरब देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक संयुक्त बयान जारी कर फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर ईरान के दावे को चुनौती दी थी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि रूसी दूत को शनिवार को तलब कर मॉस्को को देने के लिए एक नोट सौंपा गया। इसमें तेहरान ने मोरक्को में जारी छठे अरब-रूसी सहयोग मंच के बयान का विरोध किया, जिसमें द्वीपों पर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया गया था। इरना ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि शनिवार को, ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने अपने रूसी समकक्ष से फोन पर बात की और कहा, 'अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करना बुनियादी सिद्धांतों में से एक है।' इस साल यह दूसरी बार है जब ईरान ने विवादित द्वीपों पर टिप्पणियों के विरोध में रूसी दूत को तलब किया है। तेहरान ने इसी तरह के एक बयान पर जुलाई में रूसी राजदूत को तलब किया था।

## ऑफ बीट

# आपकी बाधाओं को दूर कर सकती है एआई

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कई प्रणालियों में निहित मानवीय सीमाओं को दूर करते हुए, समाज के अधिकांश हिस्से को बेहतर बनाने के लिए तैयार है।



निर्णय लेने में सूचना और तार्किक बाधाएँ ऐसी ही एक सीमा है। परंपरागत रूप से, लोगों को जटिल विकल्पों को कुछ मुट्ठी भर विकल्पों में बदलने के लिए मजबूर किया जाता है जो उनकी वास्तविक इच्छाओं के अनुरूप नहीं होते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में उस सीमा को दूर करने की क्षमता है। और इसमें लोकतंत्र के कामकाज के तरीके में भारी बदलाव लाने की क्षमता है। एआई शोधकर्ता टैंटम कोलिन्स और एक सार्वजनिक-हित प्रौद्योगिकी विद्वान के तौर पर मैं, इसे एआई की 'हानिकारक बाधाओं' पर काबू पाने की क्षमता कहते हैं। हानिकारक सूचना सिद्धांत से लिया गया एक शब्द है जो अकुशल संचार चैनलों को संदर्भित करता है - यानी, ऐसे चैनल जो पूर्ण जानकारी नहीं रखते हैं। बहुविकल्पीय व्यावहारिकता अपने अगले रात्रिभोज की कल्पना करें और अपने भोजन के बारे में शेफ के साथ लंबी बातचीत करें। आप अपनी इच्छाओं, शेफ की क्षमताओं और उपलब्ध सामग्री के आधार पर एक विशेष रात्रिभोज का आनंद ले सकते हैं। यह तभी संभव है जब आप घर पर खाना बना रहे हों या दोस्तों के सहयोग से खाना बना रहे हों।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक

# 'प्रधानमंत्री मोदी के रूप में देश को मिला एक सशक्त नेतृत्व'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमें गर्व होना चाहिए कि देश को एक सशक्त नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिला है। प्रधानमंत्री मोदी सच्चे अर्थों में गरीबों के मसीहा हैं। हमारा देश आज जिस तेजी के साथ हर क्षेत्र में अग्रसर हो रहा है। विकास के स्वर्णिम अध्याय लिखे जा रहे हैं और गरीबों का उत्थान हो रहा है। विदेशों में भी भारत की गूंज हो रही है। यह सब महत्वपूर्ण कार्य युवाओं के बीच में अधिक से अधिक पहुंचे, इसकी तैयारी सभी कार्यकर्ताओं को करनी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने बैठक को संबोधित किया।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल ने मंडल सशक्तिकरण अभियान, विकसित भारत संकल्प यात्रा और आगामी युवा सम्मेलन




में युवा मोर्चा की कार्य योजना को विस्तार से बताया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की योजना हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता यात्रा में सहभागिता कर लोगों को लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। क्रिएटिव यूथ, इनोवेटिव यूथ और क्षमतावान युवाओं से मोर्चा कार्यकर्ता और अधिक संपर्क और समन्वय स्थापित करें।

## नए साल में युवाओं को जोड़ने के लिए चलेगा अभियानः पंवार

*भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने मोर्चा के आगामी कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा सरकार की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को हर नव मतदाता तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इसी उद्देश्य से 1 से 4 जनवरी 2024 तक यूथ ऑर्गनाइजेशन आउटरीच अभियान के माध्यम से युवाओं से संपर्क करेंगे। 5 से 7 जनवरी तक नव मतदाता घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से युवाओं से मोर्चा कार्यकर्ता संपर्क करेंगे। 8 से 11 जनवरी तक शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं से संपर्क किया जाएगा। 12 जनवरी को सभी जिलों में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता-मतदान की महत्वता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 13-16 जनवरी तक विभिन्न विधाओं के खिलाड़ियों से स्टेडियम, क्लब और जिम में युवाओं से संपर्क करेंगे। वहीं 17-19 जनवरी तक कोचिंग सेंटर के युवाओं से संपर्क करेंगे। 20-21 को पुनः नव मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। 24 जनवरी को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में 2-2 नवमतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। इस तरह कुल 460 नवमतदाता सम्मेलन युवा मोर्चा संपन्न करेगा।*

### पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दी बधाई

*प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस साल मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बड़ी भूमिका निभाई है। विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के लिए युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। कुछ माह बाद ही लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं, आप सभी कार्यकर्ता दोगुनी ताकत के साथ फिर एक बार भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करेंगे, ऐसा हमें पूरा विश्वास है।*

## भाजपा विचारों के साथ आगे बढ़ने वाला दलः हितानंद

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने विचारों के साथ आगे बढ़ने वाला दल है। मप्र भाजपा संगठन अपने कार्यों से एक आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। छोटे-छोटे नवाचारों से भाजपा ने एक ऐतिहासिक विजयश्री प्राप्त की है, जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ता भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। नमो ऐप विकसित भारत एंबेसडर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ें।

---

## खबर संक्षेप

### प्रत्येक बूथ स्तर पर मनेगा सुशासन दिवस

**भोपाल।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनायी जाएगी। प्रत्येक बूथ पर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सुबह 11.45 बजे एमपी नगर थाना चौराहा स्थित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

### प्रकरणों को नहीं हो रहा निराकरणः अशोक

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव के कारण अचार संहिता लगने से 75 दिन से लगी सरकारी रोक अब तक नहीं हटाई गई है। रोक नहीं हटने के कारण अधिकारी कर्मचारियों के प्रकरणों का निराकरण होना तो दूर देयकों का भुगतान तक नहीं हो रहा है। मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रोक को तत्काल हटाने की मांग की है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि कर्मचारियों अफसरों के हित में शासन निर्णय लें।

---

हजारों मजदूरों का 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित था प्रकरण

# सीएम डॉ. यादव की ठोस प्रशासनिक पहल से हुकुमचंद मिल विवाद का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के 15 दिनों में ही ठोस सकारात्मक पहल करते हुए जिस प्रकार हुकुमचंद मिल इंदौर के मजदूरों को उनका हक दिलाया है वह मप्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। हुकुमचंद मिल के विवाद से संबंधित 15 बिंदुओं से मुख्यमंत्री की इस पहल के महत्व को समझा जा सकता है कि कैसे 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित इस प्रकरण का समाधान हुआ। लगभग 5 हजार मजदूरों को हक़ की राशि मिलेगी।

कपड़ा मिल के लिए सेठ हुकुमचंद को 1923 में 17.52 हे. भूमि लीज पर आवंटित की थी, हुकुमचंद मिल में उच्च गुणवत्ता का कॉटन कपड़ा उत्पादित होता था, जिसका विदेशों में भी निर्यात किया जाता था।

### खास बातें

- वर्ष 1992 के बाद कई कारणों से मिल बंद हो गई
- वित्तीय संस्थानों एवं मजदूरों ने लगाए थे वाद




### उच्च न्यायालय ने 2001 में शासकीय परिसमापक नियुक्त किया

*मिल में लगभग 7000 मजदूर एवं कर्मचारी अधिकारी कार्यरत थे। मिल का संचालन वर्ष 1991 तक चलता रहा, परन्तु वर्ष 1992 के बाद विभिन्न कारणों से मिल प्रबंधन को मिल बंद करना पड़ा। मिल प्रबंधन द्वारा मिल लगाने के लिए एवं मिल संचालन के लिए लिया गया ऋण चुकता न होने के कारण एवं मजदूरों को वेतन एवं अन्य देनदारियों का भुगतान न होने के कारण, मिल प्रबंधन के विरूद्ध कई न्यायालयीन वाद वित्तीय संस्थानों एवं मजदूरों ने लगाए। शासन को भी पक्षकार बनाया गया। उच्च न्यायालय ने 2001 में शासकीय परिसमापक नियुक्त किया एवं ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) को नीलामी के आदेश दिए गए एवं देनदारियों का निपटान करने के निर्देश दिए गए।*

### कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव का किया अनुमोदन

*उच्च न्यायालय इंदौर 2017 एवं 2017 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 2017 के पालन में उद्योग विभाग मप्र शासन की ओर से 50 करोड़ का भुगतान शासकीय परिसमापक को इस शर्त पर किया गया कि सम्पत्ति के निपटान के समय इस राशि की प्रतिपूर्ति शासन को की जाएगी। शासन उच्च न्यायालय इंदौर के आदेशानुसार वर्ष 2019 में मिल की भूमि का भूमि-उपयोग वाणिज्यिक (60 प्रतिशत) एवं आवासीय (40 प्रतिशत) निर्धारित किया गया। भूमि-उपयोग उपांतरण के बाद भी शासकीय परिसमापक से नीलामी के प्रयास किए गए। कैबिनेट की बैठक 2023 में इस समझौता प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया एवं उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मण्डल से उच्च न्यायालय में समझौता प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को प्रस्ताव स्वीकार किया गया एवं समझौता राशि 435.89 करोड़ दो सप्ताह में भुगतान करने के निर्देश दिए गए।*

### कई बार नीलामी के प्रयास, सफलता नहीं मिली

भूमि के स्वामित्व को लेकर शासन एवं नगर पालिका निगम इंदौर के मध्य न्यायालयीन विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा। नगर निगम इंदौर ने दावा हटाने का आवेदन दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय नही दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में प्रकरण पुनः उच्च न्यायालय, इंदौर को नए सिरे से सुनवाई कर निर्णय करने के लिए भेजा। उच्च न्यायालय ने आदेश 2018 से भूमि स्वामित्व नगर निगम इंदौर का घोषित किया। शासन ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के सामने आवेदन 2016 में लगाया कि भूमि पर परियोजना की अनुमति दी जाती है तो शासन सभी देनदारियों का निपटान करेगा।

---

# महिला और युवाओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

## नए प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखने के बाद कांग्रेस ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को महिला और युवा कांग्रेस की अलग-अलग बैठक ली। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहले सुबह 11 बजे से शुरू



महिला कांग्रेस की बैठक दो घंटे चली। इसके बाद पटवारी ने दो बजे से युवा कांग्रेस की बैठक ली। बैठक में पटवारी ने महिला और युवा कांग्रेस से न सिर्फ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उनका रोडमेप मांगा, बल्कि पिछले कामों का भी हिसाब लिया। इसके पहले पटवारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी से भी मुलाकात की। बता दें कि पटवारी लगातार चार दिनों तक कांग्रेस के सभी विभाग, विंग और पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### जिला और ब्लॉक स्तर पर योजना की करें मॉनिटरिंग

महिला कांग्रेस की बैठक में पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि महिला कांग्रेस भाजपा की महिलाओं से जुड़ी हर एक योजना पर कड़ी नजर रखे। जिला और ब्लॉक स्तर पर योजना की मॉनिटरिंग करें।

### यूथ कांग्रेस को दी जिम्मेदारी

युवा कांग्रेस की बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यूथ वोटर्स पर फोकस करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले युवा वोटर्स के बीच पकड़ बनानी होगी।

---

500 से अधिक आंगनबाड़ियों के निर्माण में गुणवत्ताहीन और अधूरा काम के बाद किया भुगतान

# ईओडब्ल्यू ने 4.56 करोड़ के घोटाले में 42 अधिकारियों-कर्मचारियों पर की एफआईआर

## आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के रुपए हुए थे मंजूर, वेरिफिकेशन में खुली अफसरों की निगरानी की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) इंदौर ने लोक निर्माण और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के 42 अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ठेकेदारों पर केस दर्ज किया है। यह केस बड़वानी जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत, रिनोवेशन के लिए आई 4.56 करोड़ की राशि में घोटाले में दर्ज हुआ है। खास बात है कि गुणवत्ताहीन और अधूरा काम होने के बाद भी अफसरों ने भुगतान किया। डीएसपी पवन सिंघल ने बताया कि लोक निर्माण और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ ठेकादरों सहित 42 पर भ्रष्टाचार एक्ट, धोखाधड़ी, गबन व कूटरचना की धाराओं में केस हुआ है। संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा द्वारा बड़वानी जिले को आईसीडीएस मिशन तहत 2013-14 में आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण काम के लिए 4.56 करोड़ रुपए मंजूर हुए। साथ ही अन्य शासकीय 105 भवनों के लिए भी 39 लाख से ज्यादा राशि मंजूर हुई, लेकिन मरम्मत काम कागजों पर ही दिखा दिए गए। हैरत की बात है कि कई अफसरों ने फील्ड विजिट किए ही बिल पास करने की सिफारिश भी की। शिकायत पर विकासकार्यों का वेरिफिकेशन कराया तो वर्कआर्डर के आधार पर काम पूरा नहीं हुआ।

### इन अधिकारी-कर्मचारी और ठेकेदारों पर केस दर्ज

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एके टूटेजा, कार्यपालन यांत्रिक जीपी पटेल, अनुविभागीय अधिकारी विजयसिंह पंवार, उपयंत्री बीबी खरे, आरके बंदूके, सिमाब कुरैशी, अनिल मंडलोई, दिनेशचंद्र गंगराड़े, वरिष्ठ लेखा लिपिक मालसिंह चौहान, तकनीकी शाखा प्रभारी जामसिंह चौहान, अंकेक्षक जितेंद्र पटेल, अंकेक्षक दीपक अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण एसएस डाबर, कार्यपालन यंत्री केपी भालसे, सहायक यंत्री प्रभारी कार्यपालन यांत्री ग्रामीण यांत्रिकी सुनील बोदड़े, सहायक यंत्री सोमदत्त वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी अमर सिंह सिसोदिया, अनुविभागीय अधिकारी सुनील खानबिलकर, उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकी तिलक अलावा, उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकी अनिल मंडलोई, उपयंत्री सुनील मंडलोई, उपयंत्री रेमसिंह परमार, उपयंत्री सतीश राणे, सहायक ग्रेड टू कासीराम संवेदी, मानत्रिकार एसके बहेलिया, सहायक मानचित्रकार तुलसीराम लारिया, सहायाक मानचित्रकार राधेशयाम बडोले, साहयक ग्रेड 3 कमल कुमार, डाटा एंट्री योगेश चुतवेर्दी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रत्ना शर्मा, मेसर्स कर्नल कंस्ट्रक्शन के कर्नल शेख, अशोक शर्णा, प्रवीण सिसोदिया, जितेंद्र जमरे, शरद सिंह, राहुल सगर, नवल सिंह किराडे व अन्य आरोपी बनाए गए।

---

5 विधानसभा सीटों के प्रत्याशी भी मौजूद रहे

# छिंदवाड़ा से भोपाल पहुंचा जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री का विवाद, कांग्रेस से गठजोड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा के भाजपा जिला अध्यक्ष बंटी साहू और पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह के बीच का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। छिंदवाड़ा से शुरू हुआ ये विवाद अब भोपाल पहुंच गया है। चंद्रभान से नाराज भाजपा कार्यकर्ता रविवार को बड़ी संख्या में भोपाल स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। इनमें छिंदवाड़ा जिले की पांच विधानसभा सीटों के प्रत्याशी भी मौजूद थे। जिला अध्यक्ष बंटी साहू के नेतृत्व में आए प्रत्याशी व 200 से अधिक संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं ने चंद्रभान के खिलाफ नारेबाजी की और कांग्रेस से गठजोड़कर चुनाव हरवाने का आरोप लगाया। साहू ने शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर अपनी बात रखी।

दरअसल, कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू को लेकर एक पोस्ट सामने आई थी। इसके बाद से ही साहू और चंद्रभान के बीच विवाद शुरू हो गया था। साहू ने पोस्ट को लेकर एक दिन पहले ही छिंदवाड़ा के कोतवाली में पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ नामजद शिकायती आवेदन दिया है। ये सभी पूर्व केबिनेट मंत्री चंद्रभान के समर्थक बताए जा रहे हैं। इतना ही नहीं साहू ने चंद्रभान पर इस तरह के षड्यंत्र का आरोप लगाया था।

### साहू का कहना, पुलिस करे निष्पक्ष जांच

*इधर साहू का का कहना है कि चंद्रभान के समर्थक मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ मिलकर मुझे हराने के लिए षड़्यंत्र रचा। विवेक बंटी साहू ने कहा कि मेरे चरित्र हनन करने से कुछ नहीं होगा। आप मुझे गोली मार दो। वहीं विवेक बंटी साहू की पत्नी भी इस दौरान मौजूद रहीं। उन्होंने सारे मामले की निष्पक्ष जांच करने की बात कही। पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह का कहना है कि किसी का चरित्र हनन करना गलत बात है। इस सारे मामले में उनका नाम जोड़ना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि हम पुलिस से मांग करते हैं कि सारे मामले की निष्पक्षता से जांच की जाए, जो भी दोषी हो उसे पर कार्रवाई हो।*

---




### यह नाथ-दिग्विजय के युग के अंत का संकेत तो नहीं?

कांग्रेस आलाकमान वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह से नाराज दिखता है। उसने मान लिया है कि प्रदेश विधानसभा के चुनाव में पार्टी की बुरी हार इन दोनों नेताओं के अति आत्मविश्वास और सभी नेताओं को साथ लेकर न चलने के कारण हुई है। संभवतः इसीलिए प्रदेश को लेकर लिए जा रहे किसी निर्णय में उनकी राय नहीं ली जा रही है। पहले जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष और उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाने में ऐसा हुआ। अब लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गठित केंद्रीय चुनाव घोषणा पत्र समिति में भी इन दोनों वरिष्ठों को नजरअंदाज कर दिया गया। पी चिदंबरम की अध्यक्षता में गठित इस समिति में इनके स्थान पर आदिवासी विधायक ओंकार सिंह मरकाम को जगह दी गई है। गौर करने लायक यह भी है कि जीतू पटवारी को कमलनाथ पसंद नहीं करते थे और उमंग सिंघार ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। फिर भी इन दोनों को महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी गई।

### क्या 'चौहत्तर' के बजाए 'तेहत्तर बंगले' होगा नाम

राजधानी के '45 बंगला' और '74 बंगले' नाम, संभवतः वहां बने सरकारी बंगलों की संख्या के कारण ही रखे गए होंगे। '74 बंगले' से अब एक बंगला कम हो गया है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो बंगलों को मिलाकर एक कर दिया है। एक बंगला उन्हें आवंटित था। दूसरे पड़ोस के बंगले की बाउंड्रीवाल तुड़वाकर उन्होंने उसे भी अपने बंगले में मिला लिया। इस दूसरे बंगले में पहले पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व जमुना देवी और इसके बाद भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्व नंदकुमार सिंह चौहान रहते थे। अब चूंकि दोनों बंगले एक हो गए, इसलिए एक बंगला घट गया। तो, क्या अब 'चौहत्तर' की बजाए 'तेहत्तर बंगले' होगा यहां का नाम?

### कांग्रेस में कलह के कैक्टस कमलनाथ ने तोड़ी परंपरा

प्रदेश में करारी हार और नेतृत्व परिवर्तन के बाद कांग्रेस में एक बार फिर कलह के कैक्टस दिखाई देने लगे हैं। इसकी वजह बन रहे हैं पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जीतू पटवारी भोपाल चार्ज लेने पहुंचे तो कमलनाथ ने पुरानी परंपरा ही तोड़ दी। प्रदेश में होने के बावजूद उन्होंने कार्यक्रम से दूरी बनाई। पार्टी की परंपरा है कि जब नया अध्यक्ष कार्यभार ग्रहण करने आए तो निवृत्तमान होने वाले को मौजूद रहना चाहिए। जब अरुण यादव अध्यक्ष बने तब कांतिलाल भूरिया मौजूद थे और कमलनाथ बने तो अरुण यादव। नाथ ने नाराजगी के संकेत जीतू पटवारी के अध्यक्ष बनने से पहले ही दे दिए थे, जब पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और राष्ट्रीय संगठन प्रभारी महामंत्री वेणुगोपाल भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की बैठक लेने आए थे और कमलनाथ ने इसमें भी हिस्सा नहीं लिया था।

### इस वरिष्ठ नेता को क्यों पड़ रही यह कहने की जरूरत?

भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के विधायक बनने के बाद उनकी जवाबदारी को लेकर खासी चर्चा हो रही है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्हें कहना पड़ा कि मैं अब भी भाजपा का राष्ट्रीय महामंत्री हूं। यह बड़ी जवाबदारी ही है, लेकिन जाने क्यों आप मानने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे पहले प्रचार के दौरान उन्हें कहना पड़ा था कि मैं सिर्फ विधायक बनने के लिए चुनाव नहीं लड़ रहा। मुझे कोई बड़ी जवाबदारी मिलेगी। जीत के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभियान भी चला। लेकिन, यह भी नहीं हो सका। इस बड़ी जवाबदारी से जुड़ा सवाल करने पर ही उन्हें कहना पड़ा कि वे राष्ट्रीय महामंत्री हैं और यह बड़ी जवाबदारी ही है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

# ग्वालियर समेत कई रेंज के डीआईजी-आईजी बदले जाएंगे, 10 से अधिक एसपी के भी होंगे तबादले

## पुलिस मुख्यालय की कई शाखाओं के मुखिया के भी कामकाज में होगा बदलाव

*"पुलिस मुख्यालय से लेकर गृह विभाग तबादलों और पदोन्नति को लेकर जुट गया है पुलिस के लगभग दो दर्जन आईपीएस अफसरों के नए साल में प्रमोशन होना है।"*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस साल के अंत में आईपीएस अफसरों के बड़े पैमाने पर तबादले की कवायद शुरू हो गई हैं। चार रेंज के डीआईजी-आईजी के साथ ही पुलिस मुख्यालय की कई शाखाओं के मुखिया के भी कामकाज में बदलाव होने जा रहा है। जिलों से भी एक दर्जन के लगभग पुलिस अधीक्षकों की बदली होने वाली है। डीआईजी रेंज में भी नए साल की शुरूआत में ही फेरबदल होने वाला है।

पुलिस मुख्यालय से लेकर गृह विभाग तबादलों और पदोन्नति को लेकर अपने काम को अंतिम रूप देने में जुट गया है। पुलिस के लगभग दो दर्जन आईपीएस अफसरों के नए साल में प्रमोशन होना है। इनमें से तीन अफसर अभी जिलों में पदस्थ हैं। अमित सांघी छतरपुर में पुलिस अधीक्षक हैं, वहीं वीरेंद्र सिंह खंडवा और मनीष अग्रवाल इंदौर में डीसीपी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं 2010 बैच के मोहम्मद युसूफ कुरैशी सिंगरौली में पुलिस अधीक्षक हैं और निमिष अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह इंदौर में डीसीपी हैं। इन 6 अफसरों की एक जनवरी को डीआईजी के पद पदोन्नति होना है, ऐसे में अब अफसरों को पदोन्नति के बाद नई पोस्टिंग दी जाएगी। प्रदेश की सात रेंज में पदस्थ अफसर एक जनवरी को आईजी के पद पर पदोन्नत होने जा रहे हैं। इनमें से कितनों को रेंज में आईजी बनाया जाएगा और कितनों को पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा, यह अभी तय नहीं हैं।

### इन अधिकारियों को मिलेगा आईजी का पद


चंद्रशेखर सोलंकी खरगौन, अनिल कुशवाह उज्जैन, आरआरएस परिहार जबलपुर, राजेश कुमार हिंगणकर इंदौर ग्रामीण, मनीष कपूरिया एडिश्नल कमिश्नर ऑफ पुलिस इंदौर, मिथलेष शुक्ला डीआईजी रीवा, अनुराग शर्मा एडिश्नल कमिश्नर ऑफ पुलिस भोपाल, ये सभी अफसर आईजी होने जा रहे हैं।

### ग्वालियर में नए आईजी की तलाश

ग्वालियर रेंज के एडीजी श्रीनिवास वर्मा प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई जा रहे हैं। उनके प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद यहां पर नए एडीजी या आईजी को पदस्थ किया जाएगा। यहां पर राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अफसर की पोस्टिंग होगी। वहीं पुलिस मुख्यालय में पदस्थ स्पेशल डीजी, एडीजी की शाखाओं में बदलाव हो सकता है।

### एसीएस स्वास्थ्य सुलेमान बने तबादला बोर्ड के सदस्य

राज्य शासन ने एसीएस स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान को तबादला बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। सुलेमान को बोर्ड का सदस्य तबादला बोर्ड में पद रिक्त होने के चलते बनाया गया है। मुख्य सचिव तबादला बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं। पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के 30 नवम्बर को रिटायर होने के बाद प्रभारी मुख्य सचिव वीरा राणा अब इसकी अध्यक्ष हो गई हैं। बैंस के अध्यक्ष रहने के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहीं वीरा राणा तबादला बोर्ड की सदस्य थीं, लेकिन अब उनके अध्यक्ष बन जाने के बाद सदस्य का पद रिक्त था। इसलिए राज्य शासन ने एसीएस मोहम्मद सुलेमान को तबादला बोर्ड का सदस्य बनाया है। इस समिति के अध्यक्ष सदस्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव होते हैं। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को इस नियम के बनने के बाद राज्य सरकार की ओर से हर साल प्रदेश में किए गए आईएएस अफसरों के तबादलों की जानकारी भेजना होती है। तबादला बोर्ड अफसरों के तबादले को लेकर शासन द्वारा तय मापदंडों के आधार पर तबादले की सिफारिश करता ह। इसके अलावा सुलेमान आईएएस के मामलों में पक्ष भी डीओपीटी में रखेंगे।



# मकानों और गुमटियों से ताले तोड़ने वाले बदमाश गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

## गौतम नगर और चूनाभट्टी पुलिस की कार्रवाई

**खास बातें**

- करीब एक साल बाद पुलिस ने आरोपी को लालघाटी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया
- मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, 16 सोने के मोती व चांदी की पायजेब मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की गौतम नगर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से दो लाख रुपए का माल बरामद किया है। इसी प्रकार चूनाभट्टी पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से भी हजारों रुपए का माल बरामद किया है।

गौतम नगर पुलिस ने बताया कि आरिफ नगर ब्रिज के नीचे बस्ती निवासी अफसाना पत्नी आसिफ (30) 2 अक्टूबर की सुबह 5 बजे अपने परिवार के साथ डैम घूमने गई थीं। शाम करीब 6 बजे लौटे तो घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। सूने मकान में घुसे अज्ञात चोर अलमारी में रखे लेडीज पर्स सोने के जेवरात व 17 हजार रुपए नगद चुरा ले गए। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर जांच की। करीब एक साल बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को लालघाटी चौराहा के पास से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अफसाना के घर नकबजनी की वारदात स्वीकार ली। उसकी पहचान आरोपी का नाम आबिद खान (30) निवासी ग्राम बडबेली थाना कालापीपल जिला शाजापुर बताया गया है। इन दिनों वह रेलवे फाटक के पास बैरागढ़ में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो सोने के मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, 16 सोने के मोती व चांदी की पायजेब समेत दो लाख रुपए का माल बरामद किया गया।

### वारदात के वक्त बालाघाट गया था परिवार

चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक, शाहपुरा निवासी परमानंद भोएकर विगत एक नवंबर को परिवार सहित अपने गांव बालाघाट गए थे। छह नवंबर को लौटने पर दरवाजे का ताला टूटा मिला। भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर सूने मकान में सेंध लगाकर एक सेट सोने के कान के लटकन व गुल्लक में रखी नगदी चुरा ले गया। इसी प्रकार कोलार कॉलोनी चूनाभट्टी निवासी सलीम खान ने 16 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई कि कोलार तिराहे पर उनकी पान की गुमठी से अज्ञात चोर ताला तोड़कर बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला समेत 50 हजार का माल चुरा ले गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में नकबजनी के प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू की और दोनों स्थानों के घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटे खंगाल डाले। प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना पर विगत 21 दिसंबर को संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त दोनों वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के नाम अरुण बालू (19) निवासी राहुल नगर व पंकज दायमा (24) निवासी पंचशील नगर बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है।

### पीटीआरआई में मंच के स्तंभ से तांबे के स्तंभ चुराने वाला नाबालिग और खरीदार गिरफ्तार



पीटीआरआई में मंच के स्तंभ से तांबे के चार स्तंभ चुराने वाले एक नाबालिग और चोरी के स्तंभ खरीदने वाले कबाड़ी को जहांगीराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्तंभ चुराने के बाद नाबालिग ने उक्त स्तंभ कबाड़ी को बेच दिए थे। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को पीटीआरआई जहांगीराबाद भोपाल में मंच के स्तंभ चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक संदिग्ध बोरे में कुछ ले जाता हुआ नजर आया। पुलिस ने संदिग्ध के बारे में जानकारी जुटाई तो वह नाबालिग निकला। उससे पूछताछ की गई तो उसने चोरी की घटना को स्वीकार लिया। नाबालिग के बताए ठिकाने पर पुलिस कबाड़ी नसीम खान पिता (42) दुर्गा नगर, एमपीनगर के पास पहुंची, वहां से चोरी के स्तंभ बरामद कर लिए गए।

**खबर संक्षेप**



### रैन बसेरा में लोगों का किया मेडिकल चेकअप

**मंडीदीप।** रविवार को मंगल बाजार स्थित रैन बसेरे में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यहा लोगों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि सरकारी अस्पताल के डॉ. शलभ तिवारी रैन बसेरा पहुंचे और सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार आदि से मरीजों का इलाज किया।

### सरकार को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुश



**औबेदुल्लागंज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को ग्राम हर्रई एवं बैरसिया पहुंची। हर्रई में हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान ग्रामीणों ने योजनाओं के प्रति खुशी जताई। यात्रा में जनपद अध्यक्ष प्रीति चौकसे, उपयंत्री नीतेश भारके, पंकज नागर, भानूप्रात सिंह, जनसेवा मित्र खंड प्रभारी, जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी, सुनील सेरिया, वीर सिंह चौहान, समिति सचिव बैरसिया, तखत सिंह राजपूत, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग सहित ग्रामीण उपस्थित थे। सोमवार को यात्रा मगरपूंछ एवं खसरोद में आएगी।

### भजन प्रतियोगिता में भजनों पर झूमे लोग



**औबेदुल्लागंज।** राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता दशहरा मैदान में जारी है। संजय सिंह चौहान, पर्वत सिंह राजपूत, संतोष पटेल, अशोक पचौरी, राजाराम यादव, रवि यादव, राजेंद्र नगर ने बताया कि भजन मंडल प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह रहे हैं।

### यादव ने लोकसभा चुनाव तैयारियों पर की चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव, औबेदुल्लागंज में प्रतिपक्ष नेता हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक के कार्यालय में बैठकर कांग्रेस नेताओं से चर्चा की। इस अवसर पर संजय सिंह चौहान, आशीष गौड़, उत्तम यादव, विक्रांत राय आदि ने यादव का स्वागत किया। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी करें।

### भाजपा नेता मनजीत का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को औबेदुल्लागंज गुरुद्वारा कमेटी के वरिष्ठ एवं भाजपा नेता मनजीत



सिंह का जन्मदिन मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, पवन जोत सिंह, मनोज चौरसिया, लखविंदर सिंह लक्की, देवेंद्र डैनी, देवेंद्र सिंह राजू, जगमीत सिंह, हरेंद्र काके, सुरजीत सिंह बिल्ले आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### बूथ स्तर पर मनेगी अटलजी की जयंती

**मंडीदीप।** नगर में भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बूथ स्तर मनाएगी। मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को 47 बूथों पर कई कार्यक्रम होंगे।

## बैरागढ़ स्थित संत हिरदाराम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में हुए विवाद में युवक की निर्मम हत्या

# कमीशन के लिए शॉप के नौकर आपस में लड़े, सीने में घोंपा नुकीला हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित संत हिरदाराम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में रविवार दोपहर अलग-अलग दुकान में काम करने वाले युवकों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर दोनों में मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे युवक के सीने पर किसी नुकेले हथियार से हमला कर दिया। सीने में हमला होने से युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी कमलजीत रंधावा ने बताया कि अंकित सिंह राजपूत मनोज सिंह राजपूत (22) बूढ़ाखेड़ा बैरागढ़ में रहता था। वह संत हिरदाराम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित श्रीमाया कलेक्शन में काम करता था। उसकी दुकान के बगल वाली दुकान में भरत सिंह काम करता है। दोनों दुकान के बाहर खड़े होकर ग्राहकों को बुलाते थे। इसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था। रविवार को भी दोनों अपनी अपनी दुकान मालिकों की दुकान के सामने खड़े थे और ग्राहकों को बुला रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद लात-घूंसों में तब्दील हो गया और देखते ही देखते दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। दुकान के बाहर रखा सामान जो भी हाथ में आता गया वह एक-दूसरे पर फेंकते रहे और लात घूंसे चलते रहे। इसी बीच भरत सिंह के हाथ में कोई नुकीली चीज लग गई और उसने अंकित पर नुकीली चीज से हमला कर दिया। उसके सीने में नुकीली चीज लगने से वह बेसुध होकर गिर गया था।

### अस्पताल में हुई मौत

दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास हुए इस विवाद के बाद अंकित को अस्पताल ले जाया गया, वहां सीने में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी रंधावा ने बताया कि घटना के बाद से भरत सिंह फरार है। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है।

### पति ने खुद पेट में मारा चाकू, मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गांव पिपलिया कुंजनगढ़ सादूभाई के घर पहुंचे युवक ने खुद के पेट में चाकू मार लिया। दरअसल, वह सादूभाई के घर पत्नी और बच्चों को लेने पहुंचा था, लेकिन पत्नी ने उसे साथ चलने से इंकार कर दिया। इसी बात से दुखी होकर उसने खुद के पेट में चाकू मार लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एएसआई जीपी जोशी ने बताया कि 27 साल का संजय सहरिया पिता हरभजन सहरिया, नूरगंज, जिला रायसेन का था। वह मंडीदीप की एक फैक्ट्री में काम करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा 12 साल की बेटी, 7 और 4 साल का बेटा है। शराब पीने का आदी संजय की अक्सर पत्नी से कहासुनी होती थी। संजय शराब पीने का आदी था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पत्नी ने बताया कि शराब पीने रोकने पर वह मारपीट करता था।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत, साथी घायल

### गोविंदपुरा स्थित भेल गेट नंबर आठ के पास हुआ हादसा



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित भेल गेट नंबर 8 के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आयुष दांगी पिता फूलसिंह दांगी (19) मूलतः विदिशा का था। इन दिनों वह पुष्पा नगर, ऐशबाग में रह रहा था। आयुष ठेकेदार के पास इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहा था। ठेकेदार को नगर निगम के बस स्टॉप पर लाइटिंग और सुधार का ठेका मिला है। आयुष बस स्टॉप पर लाइट सुधारने के लिए शनिवार अपने साथी 40 साल के वाहिद खान के साथ निकला था। दोनों नूपूर कुंज कालोनी से आईटीआई के पास बस स्टाप पर काम लाइटिंग सुधारने के लिए जा रहे थे। बाइक आयुष चला रहा था। वह बाइक को लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। वाहिद खान ने उसे कहा था कि बाइक आराम से चलाओं, लेकिन वह नहीं माना। शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास बाइक गेट नंबर आठ के पास पहुंची थी, तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार आयुष को सिर और सीने में गंभीर चोट आई थी। इसी प्रकार वाहिद खान को भी सिर में चोट आई थी। दोनों को एंबुलेंस जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही आयुष को मृत घोषित कर दिया।

# पत्नी को दोस्त के पास छोड़ा, दोस्त ने बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में रहने वाले युवक ने पत्नी को राजगढ़ में रहने वाले दोस्त के पास छोड़ दिया। इस दौरान दोस्त बंधक बनाकर उसकी पत्नी से दुष्कर्म कर रहा था। घर से रहस्यमय तरीके लापता होने पर पत्नी के परिजन ने पति से पूछा तो वह कहने लगा कि उसे नहीं पता कि वह कहां गई। बाद में ससुराल पक्ष के दबाव में आकर आरोपी ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने पीड़िता को राजगढ़ से दस्तयाब किया तो उसने बताया कि पति ने उसे झूठ बोलकर राजगढ़ ले गया था और अपने दोस्त के साथ छोड़ आया।

▸ ससुराल पक्ष के दबाव में आकर दर्ज करा दी गुमशुदगी, पुलिस ने किया दस्तयाब तो हुआ खुलासा

पुलिस के अनुसार 23 साल की महिला की शादी नजीराबाद स्थित एक कस्बे में हुई थी। उसकी पति से नहीं बनती थी। गत 7 दिसंबर को पति ने उससे कहा कि अब हम राजगढ़ में रहेंगे। राजगढ़ में एक खेत बटाई पर मिला है। पति की बातों में आकर पत्नी अपना सामान लेकर राजगढ़ चली गई। पति ने राजगढ़ में अपनी पत्नी को दोस्त रमेश अहिवार के पास छोड़ दिया और नजीराबाद लौट आया। इधर, रमेश अहिरवार पीड़िता को बंधक बनाकर उससे शारीरिक संबंध बना रहा था। परिजन को पता चला कि उनकी बेटी पति के साथ नहीं है तो उन्होंने दामाद से पूछताछ की। इस दौरान वह कहने लगा कि मुझे नहीं पता वह बिना बताए घर से निकली है। 11 दिसंबर को पति थाने पहुंचा और पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करा दी। 23 दिसंबर को पुलिस ने महिला को राजगढ़ से दस्तयाब कर लिया। इस दौरान वहां से रमेश अहिरवार को भी हिरासत में पुलिस लेकर आई थी।

### पत्नी से दुष्कर्म पति को अश्लील वीडियो भेजा

*इधर, अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में 25 साल की महिला से पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर पति को भेजा तो थाने में शिकायत हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी उसके पड़ोस में रहता है और महिला के घर दूध देने आता था। इस दौरान उसकी दोस्ती महिला से हो गई। करीब 10 दिन पहले आरोपी ने उसे वाट्सऐप से वीडियो कॉलिंग की। वीडियो कॉलिंग में उसने एप्प के माध्यम से वीडियो रिकार्ड कर लिया। 20 दिसंबर को आरोपी उसके घर पहुंचा। उसने फोटो-वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर महिला से शारीरिक संबंध बनाए। इसका भी आरोपी ने वीडियो बना लिया। बाद में उसके पति के मोबाइल में उक्त वीडियो भेज दिया। पति ने जब पत्नी से वीडियो के बारे में पूछताछ की तो उसने आपबीती सुनाई। पति उसे थाने लेकर पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।*

### प्लेजर ग्रुप व जगदीश वेलफेयर का आयोजन

# मंडीदीप में बल्ड डोनेशन कैंप में 70 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप




प्लेजर ग्रुप व जगदीश लौवंशी वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को रक्तदान शिविर लगाया। सामुदयिक भवन में रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लगे शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान किया।

शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष विपीन भार्गव व बद्रीसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रेमशंकर साहू ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के संरक्षक जीवन चौकसे, समाजसेवी जगदी सोनी, विनोद जैन, आनंद परिहर, घनश्याम गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### महिला से बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल छीना

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित पत्रकार कॉलोनी एनएचएम ऑफिस के सामने बाइक सवार लुटेरों ने महिला का मोबाइल झपट लिया। घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास की है। महिला ने शनिवार दोपहर पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रेखा बाग पति कपिल बाग (32) पंचशील नगर में रहती हैं और प्राइवेट काम करती है, जबकि उनके पति कपिल एंबुलेंस चलाते हैं। गत शुक्रवार रात वह आटो से घर जाने के लिए निकली थी। आटो पत्रकार कॉलोनी के पास रुका और वह पैदल पंचशील नगर की तरफ जाने लगे। इसी दौरान उनके पति का कॉल आया। वह पूछने लगे कि घर पहुंची की नहीं, तभी पीछे से आ रही बाइक पर सवार दो लुटेरो में पीछे बैठे लुटेरे ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

किसान दिवस पर किसान सम्मेलन का आयोजन

# संतुलित उर्वरक के उपयोग, जैविक व प्राकृतिक खेती की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

किसान दिवस पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि (पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष) मोहन पटेल, मंडुआ वाले पूर्व सरपंच खूबी लाल परमार, माखन सिंह परमार, सरपंच अवतार सिंह, जनपद प्रतिनिधि जगदीश मालवीय, बाबूलाल नागर ग्राम पटेल मुकदम, सेंस्ड संस्था के ब्लॉक समन्वयक राहुल नागर, रोशन नागर, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी पीपीएल कम्पनी एसके सिंह, मार्केट आधिकारी मनीष शर्मा, फील्ड मैनेजर राहुल तिवारी, ग्राम कृषि विस्तारक अधिकारी एसी गुप्ता, पटवारी मोहन साहू, ग्राम पंचायत सचिव शैलेंद्र पुरी, फॉरेस्ट विभाग से रामजीवन किर, वार्हतकार सेवा सहकारिता संस्था मर्यादित नूरगंज से जितेंद्र नागर, राजेश नागर (राजू भाई) तथा अन्य किसान उपस्थित रहे।

### किसान का शॉल और श्रीफल से सम्मान

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी एसी गुप्ता ने संतुलित उर्वरक के प्रयोग, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती करने के बारे में जानकारी दी। ग्राम पटेल मुकदम ने कहा कि किसानों को अपनी नरवाई नहीं जलाना चाहिए एवं उसे खेत में ही मिला देना चाहिए। राहुल नागर ने बताया कि सेंस्ड संस्था में सभी महत्वपूर्ण दिवस मनाये जाते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ किसानों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

### एक्टिवा सवार से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त

**भोपाल।** मैनिट चौराहा पर एक्टिवा सवार से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त हुई। टीम ने आरोपी से 53 बल्क लीटर से ज्यादा शराब जब्त की। टीम ने आरोपा से एक्टिवा समेत डेढ़ लाख रुपए का माल जब्त किया। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा ने बताया कि रविवार को मैनिट चौराहा से शराब की तस्करी की सूचना मिली थी। टीम को चेकिंग के लिए लगाया गया। टीम ने घेराबंदी की। दोपहर में मैनिट चौराहा के पास पंचशील रोड पर एक्टिवा सवार को रोकने का प्रयास किया। आरोपी ने मौके से एक्टिवा लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे घेर लिया। उसके बाद तस्कर ने गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास किया, हालांकि टीम ने उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान रमेश कुमार पटेल के रूप में हुई है।

## गरीबों की बजाय बाजार में पहुंच रहा अनाज, शिकायतों पर नहीं हो रही कार्रवाई

# राशन का गेहूं, चावल, शक्कर गायब होने की शिकायतें, सहकारी समितियों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सहकारी समितियों में भ्रष्टाचार की जांच की मांग रविवार को किसान नेताओं ने की। सहकारी बैंक पूर्व डायरेक्टर खेत सिंह, भारत सिंह, अंत्योदय कमेटी अध्यक्ष रामकिशोर चौहान, युवा नेता जीतू नंदवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष कमलेश चौहान, संजय शर्मा ने बताया कि औबेदुल्लागंज, गौहरगंज, उमरावगंज, चिकलोद खुर्द, मूंडला, मंडीदीप, चांदला खेड़ी सहकारी समितियां से गरीबों का फ्री गेहूं 15 किलो में व्यापारियों के मैदा मिलों पर बिकता है।

**खास बातें**

- किसान नेताओं ने की सहकारी समितियों में भ्रष्टाचार की जांच की मांग
- जिला प्रशासन एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारी जवाब तक नहीं दे पा रहे
- अब शिकायतों की होगी जांच

### 30 सहकारी समितियां में लेनदेन का हिसाब गायब

राशन का चावल बाजार में बेचा जाता है। शक्कर गरीबों तक नहीं पहुंचती है। धान, चना, गेहूं, मूंग खरीदी में भारी अंतर है। भोजपुर क्षेत्र के औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, सुल्तानपुर एवं बाड़ी की 30 सहकारी समितियां एवं 95 उपभोक्ता भंडार में भ्रष्टाचार के आरोप लोगों ने लगाए हैं। 30 सहकारी समितियां में लेनदेन का हिसाब गायब है। औबेदुल्लागंज सहकारी समिति से तो 400 क्विंटल चना 3 साल पहले गायब हुए थे। इस चने कांड की जांच में सत्यता प्रमाणित हुई। इस पर जिला प्रशासन एवं जिला सहकारी बैंक अधिकारी जवाब तक नहीं दे पा रहे हैं। मामला दबाने के प्रयास जारी हैं। सहकारी समिति के जिम्मेदार मालामाल हो गए हैं।

**जांच चल रही धीमी**

गत वर्ष रायसेन जिला दफ्तर, औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, सुल्तानपुर, बाड़ी बैंक की सहकारी समितियो के पास लोकायुक्त और आर्थिक अपराध शाखा के नोटिस आए। जांच धीमी चल रही है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सहकारी समितियां का हर साल फरवरी या मार्च में ऑडिट होता है। यह ऑडिट रिपोर्ट की सत्यता की जांच लोकायुक्त किसी दूसरे विभाग के सीए एवं वरिष्ठ ऑडिटरों से कराएंगे तो फर्जीवाड़ा सामने आएगा। मार्केटिंग समिति औबेदुल्लागंज में 1980 से लेकर 2023 तक का रिकॉर्ड का ऑडिट हो। किसानों ने मार्केटिंग सोसाइटी की उच्च स्तर पर जांच करने की मांग हो रही है।

### समितियों के हिसाब में गड़बड़ी

कई सहकारी समितियों के हिसाब में गड़बड़ी सामने आई है। औबेदुल्लागंज बैंक के अधीन 8 सहकारी समिति, मंडीदीप बैंक के अधीन 7 सहकारी समिति, सुल्तानपुर के तहत 6 सहकारी समिति और बाड़ी के तहत 9 सहकारी समिति है। इन समितियों का ऑडिट करने पर अनियमितता सामने आएगी। मोहन पटेल पूर्व डायरेक्टर संतोष एवं हर प्रसाद डॉ. देवेंद्र आदि ने आरोप लगाया कि इन बैंकों की सहकारी समितियों का पूरा रिकॉर्ड जब्त कर सीए, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध शाखा एवं कलेक्टर रैंक के अधिकारी के सामने ऑडिट जांच होगी तो सहकारी विभाग के ऑडिटरों की ऑडिट की पोल खुल जाएगी। 30 सहकारी समितियों से कंट्रोल का गेहूं, चावल शक्कर वितरण होता है। पिछले वर्ष आयुक्त एवं पंजीयन सहकारिता बैंक ने जांच के लिए कलेक्टर रायसेन को पत्र लिखा है। जिला सहकारी बैंक के जीएम को जानकारी नहीं है कि उनके आयुक्त ने जांच के लिए पत्र लिखा है।

### शिकायत आती है

मेरे पास भी शिकायत आती है। मैं वरिष्ठ अधिकारियों को लिखता हूं। उसे पर कार्रवाई क्या हुई, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। यह चिंता का विषय है।

**प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री**

सहकारी समितियों की शिकायत आने पर मैं खुद निरीक्षण करने जाता हूं। उनकी शिकायतें मिलती रहती है।

**सुरेंद्र पटवा, विधायक**

**इस मामले की जांच होना चाहिए।**

तेज सिंह नागर, उपाध्यक्ष सहकारी बैंक

सहकारी समितियों की शिकायतें उपभोक्ता करते हैं। इसकी जांच के लिए मैं कार्रवाई करता हूं।

**संदीप भार्गव, वरिष्ठ खाद्य अधिकारी**

शिकायतें आती है। मैं वरिष्ठ कार्यालय को लिख देता हूं।

चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीएम



## पीएम मोदी ने कार्यक्रम की सराहना की

एजेंसी ⏭ कोलकाता

यहां के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को 'लोक्खो कंठे' कार्यक्रम में एक लाख लोगों द्वारा गीता का पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस कदम को सराहनीय बताया।

गीता पाठ करने 'लोक्खो कंठे' गीतापाठ समिति, सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। भगवद गीता के छंदों का पाठ एक लाख लोगों के द्वारा एक साथ किया जाएगा। पीएम ने कोलकाता के परेड ग्राउंड में आयोजित 'लोक्खो कंठे गीता पाठ पर खुशी जाहिर की।

**सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देती है गीता:** पीएम ने कहा गीता हमारी सांस्कृतिक विरासत परंपराओं, गहन ज्ञान और दार्शनिक आध्यात्मिक ज्ञान का एक मिश्रण है, जिसमें सबको साथ लेकर चलने,सांस्कृतिक विविधता और सद्भाव अंतर्निहित है। स्वतंत्रता आंदोलन और अभी तक गीता एक सार्थक जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित करती है।

# यह सामाजिक सद्भाव और देश के विकास में भरेगा ऊर्जा

## कोलकाता के परेड ग्राउंड में 'लोक्खो कंठे' में करीब एक लाख लोगों का गीतापाठ का आयोजन

गीतापाठ समिति, सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद शामिल



### आधुनिक समय में भी गीता का ज्ञान प्रासंगिक

पीएम ने कहा गीता जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रेरक के रूप में भी कार्य करती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा,गीता द्वारा बताए मार्ग भारतीय विचार और संस्कृति के लिए सर्वोत्कृष्ट है। चाहे वह ज्ञान, भक्ति, कर्म या कोई अन्य मार्ग हो, गीता प्रगति प्राप्त करने कई अलग-अलग लेकिन अंततः जुड़े हुए मार्ग प्रदान करती है। दुनिया की वास्तविक प्रकृति, स्वयं और संपूर्ण ब्रह्मांड में अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। इससे सामाजिक सद्भाव बढ़ता है।



**पीएम ने खास संदेश भेजकर तारीफ की**

बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि 'भगवद गीता दुनिया को भारत का सबसे बड़ा तोहफा है। जो इस कार्यक्रम का मजाक बना रहे हैं, वे सम्मान नहीं करते। पीएम ने खास संदेश देकर तारीफ की है।

**300 से अधिक संत कार्यक्रम में शामिल**

कार्यक्रम में हिस्सा लेने दुनियाभर से 300 से अधिक संत पहुंचे। कार्यक्रम में लोगों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किया था।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान में जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार

**जयपुर।** राजस्थान में एक-दो दिनों के भीतर पहला मंत्रिमंडल विस्तार होने की संभावना है। भजनलाल



कैबिनेट में युवा और अनुभवी दोनों नेताओं को शामिल किया जाएगा। पहली बार विधायक बने शर्मा राजस्थान की सत्ता में काबिज हैं। इस माह की शुरुआत में भजनलाल ने मुख्यमंत्री पद और दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब कैबिनेट विस्तार की चर्चा चल रही है।

### रामपुर में यार्ड के पास उतरे मालगाड़ी के डिब्बे

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रेल मंडल के रामपुर स्टेशन पर मालगाड़ी ट्रेन



दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। हादसे के कारण अब तक 7 गाड़ियों के परिचालन प्रभावित होने की सूचना सामने आई है। मालगाड़ी के पहिए ट्रैक से उतरने की घटना रामपुर स्टेशन के यार्ड के पास हुई। अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### विजयन सरकार के 2 मंत्रियों का इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के परिवहन मंत्री एंटनी राजू और बंदरगाह मंत्री अहमद देवरकोविल ने मुख्यमंत्री



पिनरई विजयन को अपना इस्तीफा सौंपा। उनकी जगह अब केबी गणेश और कडन्नप्पल्ली रामाचंद्रन नए मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस इस्तीफे से मुख्यमंत्री विजयन पसोपेश में पड़ गए हैं।

### कांग्रेस विधायक सुनील विधानसभा से अयोग्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल ने शनिवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुनील केदार को



विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया। नागपुर की एक स्थानीय अदालत ने नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में वित्तीय अनियमितताओं मामले में सुनील केदार को दोषी ठहराया है। विधानसभा सचिवालय ने कहा कि केदार की दोषसिद्धि के कारण अयोग्य घोषित किया जाता है।

### मराठा आरक्षण: शीर्ष कोर्ट ने क्यूरेटिव पिटीशन स्वीकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर



क्यूरेटिव पिटीशन को स्वीकार कर लिया। सीएम एकनाथ शिंदे ने इसे एक बड़ी राहत बताया और कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेगी। मराठा समुदाय ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की।

## डीएमके सांसद दयानिधि ने फिर दिया विवादित बयान, सियासी बवाल मचा

# हिंदी बोलने वाले तमिलनाडु में टॉयलेट साफ कर रहे, भाजपा ने गठबंधन पर उठाए सवाल



एजेंसी ⏭ चेन्नई

डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग तमिलनाडु में आते हैं और यहां कंस्ट्रक्शन मजदूर या सड़कों और शौचालयों की सफाई का काम करते हैं। डीएमके सांसद की इस विवादित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसी पर बवाल मचा है

- बयान का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है
- भाजपा ने गठबंधन के सहयोगियों से उनका रुख जानना चाहा

डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने हिंदी बोलने वाले लोगों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग तमिलनाडु में आते हैं और यहां कंस्ट्रक्शन मजदूर या सड़कों और शौचालयों की सफाई का काम करते हैं।

डीएमके सांसद की इस विवादित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस क्लिप को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शेयर भी किया है। पूनावाला ने डीएमके सांसद दयानिधि के खिलाफ नहीं बोलने के लिए बिहार और यूपी के इंडिया गठबंधन नेताओं की आलोचना की है। वीडियो में दयानिधि को कहते हुए सुना जा सकता है कि जो लोग अंग्रेजी सीखकर यहां आते हैं, वो आईटी कंपनियों में अच्छी सैलरी पर काम करते हैं जबकि यूपी-बिहार से हिंदी बोलने वाले लोग जब यहां आते हैं, तो तमिल सीखकर कंस्ट्रक्शन मजदूर के तौर पर काम करते हैं। वे सड़कों और शौचालयों की सफाई करते हैं।

### भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा पार्टी उन पर कब लेगी एक्शन?

**भाजपा प्रवक्ता शहजाद ने कहा** | आईएनडीआईए गठबंधन जाति, भाषा और धर्म के नाम पर देश को बांट रहा

पूनावाला ने इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया है कि वह जाति, भाषा और धर्म के नाम



पर देश के लोगों को बांटने का काम कर रहा है। उन्होंने डीएमके सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए गठबंधन की आलोचना भी की है। पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक बार फिर से बांटो और राज करो कार्ड को खेलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मारन के लिए इस्तेमाल की गई भाषा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

### गठबंधन में शामिल दलों को भी जवाब देना होगा

पूनावाला ने दयानिधि मारन की टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार के इंडिया गठबंधन की आलोचना की है और पूछा है कि आखिर वे इस मुद्दे पर शांत क्यों हैं? पूनावाला ने कहा कि क्या नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, लालू यादव, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और सभी नेता ये दिखावा करेंगे कि कुछ हो नहीं रहा है? ये लोग कब अपना स्टैंड लेंगे?' डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। उन्होंने उन सभी नेताओं का भी जिक्र किया है, जिन्होंने पहले हिंदी भाषा को लेकर बयान दिए हैं।



**तेजस्वी ने कहा- यह निंदनीय है, इससे हम सहमत नहीं**

मारन के बयान पर बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि करुणानिधि की पार्टी डीएमके है। डीएमके सामाजिक न्याय में विश्वास रखती है। अगर उस पार्टी के किसी नेता ने यूपी और बिहार के लोगों के बारे में कुछ कहा है तो वो निंदनीय है। हम इससे सहमत नहीं हैं। पूरे देश में यूपी और बिहार के मजदूरों की मांग हो रही है।

### गठबंधन में फिर पड़ी दरार

#### सपा में असमंजस

इंडिया गठबंधन पर एक बार फिर से भाजपा हमलावर है। इस बार दयानिधि मारन के एक बयान के कारण इंडिया गठबंधन निशाने पर है। दयानिधि ने यूपी और बिहारियों के लेकर एक बड़ा बयान दे दिया, जिससे आरजेडी और समाजवादी पार्टी भी असमंजस में है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दयानिधि कहते हैं कि जो लोग बिहार में केवल हिंदी पढ़ते हैं वे तमिलनाडु में घर बनाते हैं और शौचालय साफ़ करते हैं।

#### आरजेडी ने भी की आलोचना

इस बयान पर मारन ने कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन डीएमके के सूत्रों ने दावा किया है कि यह एक पुराना वीडियो था जिसे भाजपा ने दोबारा प्रसारित किया है। डीएमके सूत्रों ने कहा कि बाढ़ राहत कोष की मांग को लेकर तमिलनाडु सरकार के साथ टकराव के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आलोचना से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने वीडियो को दोबारा प्रसारित किया है। तमिलनाडु में हिंदी थोपना एक भावनात्मक मुद्दा है और डीएमके दक्षिणी राज्य में हिंदी थोपने के कथित प्रयासों के खिलाफ आंदोलन में सबसे आगे रही है। मारन के वीडियो ने फिर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है, जिसकी बिहार में भाजपा और इंडिया गठबंधन की सहयोगी आरजेडी दोनों के नेताओं ने आलोचना की है।

## पूर्व एम्स निदेशक डॉ. गुलेरिया ने कहा

# नया वैरिएंट जेएन.1 ज्यादा खतरनाक और संक्रामक

### सभी वायरस को कवर करने वाली वैक्सीन जरूरी



**नई दिल्ली।** कोरोना ने एक बार फिर से दुनियाभर में दहशत पैदा कर दी है। लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों से लोगों की चिंता बढ़ गई है। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट जेएन .1 ने दस्तक दी है, जिसके मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत में सबसे ज्यादा बुरा हाल केरल का है, जहां सबसे ज्यादा केस सामने आ रहे हैं।

कोविड-19 के नए वैरिएंट जेएन.1 पर एम्स के पूर्व निदेशक और वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रणदीप गुलेरिया का बयान सामने आया है। हमें एक ऐसी वैक्सीन की जरूरत है, जो कोरोना वायरस के सभी वैरिएंट को कवर करे। यह ओमीक्रॉन का ही अंश है और शी से उत्पन्न हुआ है। ऐसे में जो टीका ओमीक्रॉन के लिए बनाया गया था वह नए वैरिएंट 1 के लिए भी प्रभावी होगा।

### इसमें संक्रमित करने की क्षमता काफी ज्यादा

डॉ. गुलेरिया ने कहा कि पहले हुए टीकाकरण से लोगों को सुरक्षा मिली है, ऐसे में हमें ये तय करना होगा कि क्या हमें नए टीके की जरूरत है, जो मौजूदा समय में फैल रहे वायरस को कवर कर उसे रोक सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वैरिएंट के रूप बदलते रहेंगे। इससे पहले डॉ. गुलेरिया ने कहा था कि जेएन.1 वैरिएंट को लेकर बताया था कि जेएन.1 में संक्रमित करने की क्षमता काफी ज्यादा है, साथ ही ये और भी नए संक्रमण को पैदा कर रहा है।

### केरल में फिर गई एक जान,महाराष्ट्र में भी अलर्ट

देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार कम नहीं हो रही है। देश में रविवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 656 नए मामले सामने आने




के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या अब 3742 पहुंच गई है। नए केस में 128 तो अकेले केरल में पाए गए हैं। केरल में संक्रमण की वजह से एक मरीज की मौत भी हुई है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार भी अलर्ट हो गई है। केरल में कोरोना से एक और मौत के बाद राज्य में कोरोना से होने वाली कुल मौत का आंकड़ा 72063 पहुंच गया है। राज्य में 24 घंटे में 296 लोग ठीक भी हुए हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया था कि डरें, नहीं सतर्क रहें।

## पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना

# 18 क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को रियायती ब्याज पर मिलेगी राशि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार की तरफ से 5 फीसदी रियायती ब्याज की दर से 3 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

पहले चरण में एक लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपए का प्रावधान है। कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 का दैनिक भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण से जुड़े उपकरणों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपए का अनुदान देने की सुविधा है।

### योजना के लाभ के लिए पंजीकरण जरूरी

इस योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, ताला



बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, शूज बनाने वाले कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

**18 वर्ष अधिक आयु वाले व्यक्ति ही योजना के पात्र**

इस योजना का लाभ लेने के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार या व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना के अंतर्गत ऋण न लिया हो। योजना के तहत परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा।

## अब तक का सबसे बड़ा उपहार

### आईआईटी-मुंबई को 1998 के बैच ने '57 करोड़' रुपए दिए




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मुंबई की 1998 की कक्षा के विद्यार्थियों ने रजत जयंती पुनर्मिलन समारोह पर अपनी मातृ संस्था को 57 करोड़ रु. उपहार में दिए। यह एक कक्षा द्वारा दिया गया सर्वाधिक संयुक्त योगदान है। दान देने वालों में निजी इक्विटी फर्म सिल्वर लेक के एमडी अपूर्व सक्सेना, पीक-एक्सवी के एमडी शैलेंद्र सिंह जैसे लोग शामिल हैं।

## श्री राममंदिर की नवीन तस्वीर



अयोध्या। अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम जन्मभूमि मंदिर की नवीन तस्वीर सामने आई।

## चंपत राय ने राम मंदिर के निर्माण की जानकारी साझा की

# 1000 साल होगी 'गुणवत्तापूर्ण' राम मंदिर की आयु

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं, फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा और साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे,अयोध्या श्रीराम का जन्म स्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती।

अयोध्या महोत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है। हिंदुस्तान के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आयु 1000 साल की होगी।

इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है।अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं। फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा और साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे क्योंकि अयोध्या भगवान श्रीराम का जन्म स्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने इसे हिंदुस्तान का सम्मान बताया

**खास बातें**

- राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है
- करीब 10 करोड़ लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए दान किया है



#### राम मंदिर राष्ट्र का और सम्मान का मंदिर है

उन्होंने कहा कि राम मंदिर राष्ट्र का मंदिर है। राष्ट्र के सम्मान का मंदिर है। 10 करोड़ लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए योगदान दिया है। राम मंदिर करोड़ो लोगों के परिश्रम से निर्मित हो रहा है। राम मंदिर की आयु 1000 साल बनाने की कोशिश की गई है।

#### जमीन में 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई

उन्होंने बताया कि जमीन में ऊपर कंक्रीट नहीं है। जमीन के नीचे लोहे का तार नहीं है। 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई गई है। सीमेंट का प्रयोग मात्र 2.5 प्रतिशत तक किया गया है। अब तक 21 लाख क्यूबिक पत्थर लग चुके हैं । हमने किसी विदेशी कंसल्टेंट की मदद नहीं ली है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर स्वतंत्र भारत की अद्भुत इंजीनियरिंग की रचना है।

## फिर बोले टीएमसी सांसद कल्याण

# मैं एक बार ही नहीं हजार बार करूंगा उपराष्ट्रपति की मिमिक्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर विवादों में घिरे टीएमसी के सांसद कल्याण बेनर्जी ने फिर से दोहराया कि एक बार नहीं, हजार बार मिमिक्री करूंगा।

उन्होंने कहा कि एक बार मैंने इसे किया है, यदि आवश्यक हो तो मैं इसे एक हजार बार करूंगा। आप मुझे जेल में डाल सकते हैं। मुझे मार सकते हैं, लेकिन लड़ाई नहीं रुकेगी। कल्याण ने नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ श्रीरामपुर में आयोजित जवाबी सभा में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि श्रीरामपुर में बहुत सारे पढ़े-लिखे लोग हैं। बहुत सारे लोग हैं, जो कला जानते हैं। वे जानते हैं कि क्या मजाक है और क्या मजाक नहीं है? विपक्षी नेता के पास यह समझने की क्षमता नहीं है। हममें से कुछ लोग विरोध करते समय गाने



गाते हैं और चुटकुले बनाते हैं मैं राज्यसभा का सदस्य नहीं हूं। मुझे कैसे पता चलेगा कि सभापति क्या करते हैं? यह करने के बाद मिमिक्री का बोलबाला हो गया।

उन्होंने कहा कि क्या मिमिक्री सबसे पहले हमने देखी? पीएम ने मिमिक्री की? हमने इसका आनंद लिया। हमने इसे खेल की तरह लिया है। मिमिक्री कोई नई बात नहीं है। यह एक कला है।

## खबर संक्षेप

### ट्रूडो की शह पर संगठित अपराधों का गढ़ कनाडा



**टोरंटो।** कनाडा में लिबरल विचारधारा की सरकार है। इस विचारधारा ने कनाडा को बर्बाद करने की कसम खा ली है। पीएम ट्रूडो के कार्यकाल में कनाडा ने अशांति की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सीआईएससी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, कनाडा में कम से कम 3,000 गिरोह काम कर रहे हैं।

### दो मुस्लिम दोस्त देश आमने-सामने



**तेहरान।** दुनिया के दो ताकतवर मुस्लिम देश ईरान और रूस में बड़ा विवाद पैदा हो गया है। इन दो मुस्लिम देशों की दोस्ती से अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश भी घबराते हैं। इन दोनों देशों की दोस्ती में दरार आने की वजह फारस की खाड़ी है। फारस की खाड़ी के विवाद के चलते ईरान ने अपने दोस्त देश के दूत को तलब कर लिया है।

### राजदूत के निधन पर भारत ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पूर्व राजदूत हांस डैनेनबर्ग के निधन के बारे में जानकर दुखी हूं। वह भारत के एक असाधारण मित्र थे। डिप्लोमेटिक कोर्प्स के डीन के तौर पर उनके कार्यकाल को याद रखा जाएगा। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है। 2006 से लेकर 2021 तक वह भारत में राजदूत रहे।

### ताइवान सीमा में घुसे 8 चीनी फाइटर जेट्स



**ताइपे।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन के विमानों ने उनके हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। चीन के करीब 8 फाइटर जेट्स ताइवान की सीमा में घुस गए हैं। चीन के विमानों के साथ ही चीनी गुब्बारा भी ताइवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बता दें कि चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है।

# नौसेना के बेड़े को आज मिलेगा गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इंफाल'

**मुंबई का नौसेना डॉकयार्ड पूरी तरह से तैयार, राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय नौसेना मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में अपने नवीनतम स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इंफाल' को शामिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 26 दिसंबर को इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसे भारतीय नौसेना का इन-हाउस संगठन युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित गया है और मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित किया गया है। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

**खास बातें**

- भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने किया डिजाइन
- इंफाल का नाम उत्तर-पूर्वी शहर के नाम पर रखा गया
- 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी मिली थी

*नौसेना के बेड़े में इंफाल एक अत्याधुनिक अतिरिक्त युद्धपोत है, जिसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन और एमडीएल द्वारा निर्मित किया गया।*



### नौसेना के बेड़े में अत्याधुनिक युद्धपोत

*नौसेना के बेड़े में इंफाल एक अत्याधुनिक अतिरिक्त युद्धपोत है, जिसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और एमडीएल द्वारा निर्मित किया गया है, जिसमें एमएसएमई और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) सहित सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है।*

#### बंदरगाह और समुद्र में किया गया परीक्षण

इंफाल पहला ऐसा युद्धपोत है, जिसका नाम उत्तर-पूर्वी शहर के नाम पर रखा गया है। इसे 16 अप्रैल 2019 को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी और राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और समृद्धि के लिए इसके महत्व प्रकाश डाला था। 'इंफाल' का बंदरगाह और समुद्र में परीक्षण किया गया था, जिसके बाद इसे बीस अक्तूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इसके बाद, नवंबर 2023 में इस पर लंबी दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था।

### स्वदेशी नौवहन प्रणाली विकसित की

*__नई दिल्ली।__ भारत ने अपनी एक स्वदेशी नौवहन प्रणाली विकसित की है, जिसे नाविक कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित यह स्वायत्त, क्षेत्रीय, उपग्रह आधारित नौवहन प्रणाली है। आधुनिक युग में नौवहन प्रणाली का हमारे जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह प्रणाली हमें अपनी स्थिति और दिशा का पता लगाने में मदद करती है। नेविगेशन प्रणाली का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जैसे- वाहनों का नौवहन, सैन्य संचालन, खोज और बचाव, आपदा प्रबंधन, कृषि, निर्माण आदि में। दुनिया भर में चार प्रमुख वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणालियां (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) हैं। पहला जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम), जो संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा विकसित है। यह दुनिया का सबसे पुराना और सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला जीएनएसएस है।*

**भारत का झंडा लगा होने का दावा**

# लाल सागर में एक और जहाज पर ड्रोन से हमला



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने रविवार सुबह लाल सागर में एक और तेल ले जा रहे जहाज को निशाना बनाया। बताया गया है कि इस जहाज पर भारत के 25 क्रू सदस्य सवार थे, जो कि पूरी तरह सुरक्षित हैं। पहले दावा किया जा रहा था कि इस तेल टैंकर पर भारत का झंडा लगा था। हालांकि, भारतीय नौसेना ने इस बात से इनकार किया है।

जहाज पर ड्रोन से हमला किया गया, जिसके बाद इससे क्षेत्र में ही मौजूद एक अमेरिकी युद्धपोत को खतरे का सिग्नल भेजा गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के दावे को नकारते हुए भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा कि एमवी साईबाबा एक गैबॉन के झंडे वाला टैंकर है। हालांकि, इसे सर्टिफिकेशन भारत के रजिस्टर ऑफ शिपिंग से मिला है। दुनियाभर के पोत अलग-अलग देशों से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं।

#### नॉर्वे व भारत के झंडे वाले जहाजों पर हमला

अमेरिकी सेना के बयान के मुताबिक, गैबॉन का यह तेल टैंकर ड्रोन के निशाने पर आ गया। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अमेरिकी सैनिकों को एक साथ दो जहाजों की ओर से हमले से घिरे होने की सूचना मिली। इनमें एक नॉर्वे के झंडे वाला केमिकल टैंकर एमवी ब्लामानेन था। हूतियों का ड्रोन इसे निशाना बनाने से चूक गया। भारत के झंडे वाला एमवी साईबाबा ड्रोन हमले की जद में आ गया।

#### लाल सागर में अमेरिकी नौसेना तैनात

अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसके युद्धपोतों ने अब तक यमन से उड़ान भरने वाले हूतियों के चार ड्रोन्स को मार गिराया है। इससे पहले शनिवार को अरब सागर में इस्राइल से जुड़े एक टैंकर को निशाना बनाने का आरोप भी ईरान समर्थित इन्हीं हूती विद्रोहियों पर आया है। अमेरिकी सेना का कहना है कि अक्तूबर 17 के बाद शनिवार की घटनाएं हूतियों की तरफ से किसी वाणिज्यिक जहाज पर हमले की 14वीं और 15वीं घटना हैं।

**उद्यमियों के सवाल के एक जबाव में बोले विदेश मंत्री जयशंकर**

# दोहरी नागरिकता देने में कई आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां...बहस बरकरार

*विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बताया कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने में कई प्रकार की आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस पर अभी भी बहस जारी है।*

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा चेन्नई में आयोजित टेकप्राइड 2023 सम्मेलन में उद्यमियों से बातचीत के दौरान दोहरी नागरिकता के सवाल के एक जबाव में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बताया कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने में कई प्रकार की आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस पर अभी भी बहस जारी है। ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) अभियान इसी मांग को पूरा करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।

**खास बातें**

- भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा चेन्नई में आयोजित टेकप्राइड 2023 सम्मेलन
- ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया

**दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनो देशों में काम करने की अनुमति भी**

**कानूनी अधिकारों को प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान**

**कुछ देशों में दोहरे नागरिक के रूप में कुछ प्रतिबंध भी**



#### भारत में दोहरी नागरिकता

*भारतीय संविधान भारतीय नागरिकों को एक साथ दूसरे देश की नागरिकता रखने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, भारत सरकार ने भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के लिए ओसीआई कार्यक्रम चलाती है, जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के अलावा अन्य देशों में चले रह रहें हैं। एक ओसीआई कार्डधारक भारत में बहुउद्देश्यीय और बहु-प्रवेश का लाभ उठा सकता है। उन्हें भारत आने के लिए आजीवन वीजा सुविधा भी प्रदान है,और कुछ शर्तों को पूरा करने पर भारतीय नागरिक बनने का विशिष्ट अधिकार भी प्राप्त है। हालाँकि, ओसीआई कार्डधारकों को भारत में मतदान का अधिकार नहीं है और न ही उन्हें देश में किसी विधायी या संवैधानिक पद के लिए चुनाव लड़ने का अधिकार है।*

#### क्या है दोहरी या एकाधिक नागरिकता ?

दोहरी या एकाधिक नागरिकता एक ही समय में दो या दो से अधिक राष्ट्रीयताओं वाले व्यक्ति को कानूनी दर्जा प्रदान करती है। दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनों देशों के राजनीतिक कार्यों में भाग लेने और यात्रा करने के लिए वीजा से छूट प्रदान करती है। इसके साथ ही दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनो देशों में काम करने की अनुमति भी होती है। उन्हें दोनों देशों के पासपोर्ट भी रखने की तथा अन्य नागरिकों के समान सामाजिक और कानूनी अधिकारों को प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। कुछ देशों में दोहरे नागरिक के रूप में प्राप्त अधिकारों में कुछ प्रतिबंध भी हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, फ़िनलैंड, अल्बानिया, इज़राइल और पाकिस्तान जैसे देश दोहरी नागरिकता प्रदान करते हैं, हालाँकि, इस योजना पर उनके संबंधित कानून हैं, बशर्ते दोनों देश दोहरी राष्ट्रीयता रखने की अनुमति दें।

#### निखिल गुप्ता का यूएस प्रत्यर्पण नहीं रोक सकते...



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। निखिल गुप्ता के कानूनी सलाहकार पेट्र स्लेपिका ने बताया कि निखिल गुप्ता वो शख्स नहीं है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब पैसे का आदान-प्रदान हुआ था तब निखिल अमेरिका में नहीं थे। इतना ही नहीं, पेट्र स्लेपिका ने कहा कि निखिल गुप्ता को निश्चित रूप से अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। क्योंकि दोनों देशों के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। भारत और अमेरिका संधि पार्टनर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इस मामले में भारतीय मिशन ज्यादा मदद नहीं कर रहा है। वे इसके लिए आगे भी नहीं आ रहे हैं। साथ ही कहा कि सिर्फ एक अमेरिकी एजेंट का बयान ही उपलब्ध है। पेट्र स्लेपिका ने कहा कि निखिल गुप्ता को अमेरिका में प्रत्यर्पित नहीं किए जाने का कोई रास्ता नहीं है। प्रत्यर्पण रोकने के लिए इस मामले में सिर्फ राजनीतिक हस्तक्षेप ही हो सकता है। साथ ही कहा कि परिवार मेरे माध्यम से निखिल गुप्ता के संपर्क में है।

## मनाली से अटल टनल के बीच लगा 5 किमी लंबा जाम



घंटो फंसे रहे लोग

**मनाली।** क्रिसमस और न्यू ईयर के सेलिब्रेशन के लिए लोग ट्रिप पर निकल रहे हैं। भारत के फेमस टूरिस्ट स्पॉट्स में से एक, मनाली की ओर जाने वाले रास्ते में भारी जाम देखने को मिला। मनाली से अटल टनल तक वाहनों की लंबी कतार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, कुल्लू और मनाली में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। जिससे बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है। शनिवार को अटल टनल के पास के इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने एहतियात के तौर पर वाहनों की आवाजाही रोक दी। इससे मनाली से अटल टनल तक 5 किमी लंबा जाम लग गया। हिमाचल प्रदेश का मनाली लोगों के पसंदीदा पर्यटन स्थल में से है। हर साल, खासकर सर्दियों के मौसम के दौरान बर्फबारी का आनंद लेने और अपनी लंबी छुट्टियां बिताने के लिए देश-विदेश भर से लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं।

**13 लोगों की दर्दनाक मौत**

## चीनी स्वामित्व वाली इंडोनेशियाई भट्टी में हुआ भयंकर विस्फोट

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में चीन के स्वामित्व वाली एक भट्टी में भीषण विस्फोट हो जाने से 13 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र में रविवार को एक धातु गलाने वाली भट्टी में हुआ। भीषण विस्फोट के बाद कम से कम 13 कर्मचारियों की इस दौरान मौत हो गयी। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस और कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

#### विस्फोट स्थल के पास की इमारतें क्षतिग्रस्त



यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने भट्टी को ध्वस्त कर दिया और संयंत्र की इमारत की बगल की दीवारों के कुछ हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 38 श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**50 सालों के लिए लीज पर हुई डील**

## अपनी आर्थिक तंगी दूर करने पाक चीन को बेचेगा गिलगित-बाल्टिस्तान



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने गिलगित-बाल्टिस्तान को 50 साल के लिए सौंपने के लिए चीन के साथ एक नई डील की योजना बनाई है। इसका कारण देश की खराब आर्थिक स्थिति और अमेरिका के साथ तनाव है। हालांकि, पाकिस्तान की मौजूदा कार्यवाहक सरकार के कार्यवाहक संघीय सूचना, प्रसारण और संसदीय मामलों के मंत्री मुर्तजा ने इस समझौते से इनकार किया है। लेकिन, दूसरी ओर, उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान प्रांत और चीनी प्रांत गांसु ने 9 दिसंबर 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी कर लिए हैं। इस समझौता ज्ञापन में स्थानीय किसानों को विभिन्न फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने के लिए उच्च-पर्वतीय कृषि टेक्नोलॉजी और मशीनरी को पहाड़ी क्षेत्र में ट्रांसफर करने के लिए कहा गया है।

#### पीओके का हिस्सा कैसे सौंप सकता ?

गिलगित-बाल्टिस्तान आधिकारिक तौर पर पाक का हिस्सा नहीं है, बल्कि, ये विवादित कश्मीर के उस हिस्से का हिस्सा है, जिस पर पाक ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। यह क्षेत्र पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला एकमात्र जमीनी लिंक है और 65 अरब अमेरिकी डॉलर के चीन-पाक आर्थिक गलियारे बुनियादी ढांचे के विकास योजना के केंद्र में है। सीपीईसी की शुरुआत 2013 में हुई थी, जिसमें अब तक 62 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च हो चुके हैं। लेकिन अब कर्ज में डूबा पाकिस्तान, पुराने कर्ज को चुकाने के लिए नये कर्ज की तलाश कर रहा है। लिहाजा, चीन, कर्ज के बदले पाकिस्तान की जमीन पर कब्जा करने जा रहा है। चीन ने यही पैंतरा श्रीलंका में भी अपनाया था और कर्ज के जाल में फंसा श्रीलंका, चीन को हंबनटोटा बंदरगाह 99 सालों के लिए लीज पर देने के लिए मजबूर हो गया था।

#### पाक के कब्जे में कश्मीर का कितना हिस्सा ?

जम्मू और कश्मीर, जो अक्टूबर 1947 में भारत में शामिल हुआ था, वो 2 लाख 22 हजार 236 वर्ग किमी में फैला हुआ है। लेकिन आज, भारत के पास जम्मू-कश्मीर के मूल राज्य का सिर्फ एक लाख 6 हजार 566 वर्ग किमी ही है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) 72,935 वर्ग किमी है। जबकि, पाकिस्तान ने साल 1963 में अपनी सेना और टेक्नोलॉजी के बदले में शक्सगाम घाटी (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय क्षेत्र) को अवैध रूप से चीन को पट्टे पर दे दिया। तत्कालीन भारतीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे को विवादित घोषित कर दिया।

**मौसम ले रहा करवट, देशभर के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की पड़ रही सर्दी**

# गुलमर्ग में तापमान माइनस 1.5 डिग्री, हिमाचल में भी बर्फबारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में न्यूनतम तापमान 6 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। अगले दो-तीन दिन तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। कई राज्यों में घने कोहरे से विजिबिलिटी कम हो गई है। तमिलनाडु के नीलगिरी में तापमान 0 सेल्सियस पहुंच गया। इससे सड़कों पर बर्फ जम गई। मौसम विभाग ने तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में अगले 5 दिन तक हल्की बारिश की आशंका जताई है।



#### उप्र में शीतलहर बढ़ाएगी ठिठुरन, कई ट्रेनें लेट

*उत्तर प्रदेश के कई शहर भीषण ठंड और कोहरे की चपेट में है। रविवार (24 दिसंबर) की सुबह लखनऊ, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी और प्रयागराज में घना कोहरा छाया रहा। वाराणसी में विजिबिलिटी घटकर 200 मीटर पहुंच गई, जबकि आगरा-दिल्ली हाईवे पर विजिबिलिटी 20 मीटर तक पहुंच गई। घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें तय समय से देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने बताया कि यूपी में दो दिन बाद तापमान में गिरावट होगी। इससे कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।*

#### राजस्थानः घने कोहरे से 3 सड़क हादसे हुए

राजस्थान में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दौसा में तीन सड़क हादसे हो गए। इनमें कुल 6 लोग घायल हुए हैं। वहीं, सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 4.2 सेल्सियस रहा। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर तीन सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। घने कोहरे के कारण पहला हादसा सिकंदरा थाना इलाके में डाबर की ढाणी के पास हुआ। जयपुर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, जोधपुर, बीकानेर और सीकर जैसे इलाकों में विजिबिलिटी 200 से 400 मीटर रही।

#### अगले 24 घंटे में ओलावृष्टि की संभावना

आईएमडी के मुताबिक 24 दिसंबर को असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा और मिजोरम में आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका है। पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहेगा। 25 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में घना कोहरा छाया रहेगा।

#### बिहारः 2 दिन बढ़ेगा तापमान

बिहार में क्रिसमस से पहले तापमान लगातार बढ़ रहा है। इससे लोगों को ठंड से राहत मिली है। गया जिले में शनिवार को तापमान में 5.6 * की बढ़ोतरी हुई। गया का अधिकतम तापमान 12.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, 8.5 सेल्सियस के साथ भागलपुर का सबौर सबसे ठंडा रहा।

#### छत्तीसगढ़ में छाया कोहरा

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रविवार (24 दिसंबर) सुबह घना कोहरा छाया रहा। महासमुंद के लाफिनखुर्द में सुबह 9 बजे तक 5 फीट तक विजिबिलिटी रही। वाहनों को लाइट का सहारा लेना पड़ा। वहीं कोरबा में भी शीतलहर चल रही है। यहां सुबह तक कोहरा छाया रहा।



भारत की कुल 40 टेस्ट मैचों में सातवीं जीत

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, 28 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया, 8 विकेट से जीता टेस्ट मैच



सात विकेट लेकर स्नेह बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ। मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है।

भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है। टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही।

### 75 रन का मिला लक्ष्य

मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी।



### राणा के चार शिकार

*चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया। पूजा वस्त्राकर (एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा। राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया।*

### स्नेह ने किया आलराउंड प्रदर्शन


*भारत की अनुभवी खिलाड़ी स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्नेह ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में पहली पारी में नौ रन बनाए। इस दौरान 57 गेदों का सामना किया और स्मृति मंधाना का बखूबी साथ दिया। उन्होंने स्मृति के साथ पहली पारी में दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की थी।*



### दोनों टीमों के बीच रिकॉर्ड

| साल | नतीजा | जगह |
|---|---|---|
| 1977 | ऑस्ट्रेलिया जीता | पर्थ |
| 1984 | ड्रॉ | दिल्ली |
| 1984 | ड्रॉ | लखनऊ |
| 1984 | ड्रॉ | अहमदाबाद |
| 1984 | ड्रॉ | मुंबई |
| 1991 | ड्रॉ | नॉर्थ सिडनी |
| 1991 | ऑस्ट्रेलिया जीता | एडिलेड |
| 1991 | ऑस्ट्रेलिया जीता | मेलबर्न |
| 2006 | ऑस्ट्रेलिया जीता | एडिलेड |
| 2021 | ड्रॉ | कैरारा |
| 2023 | भारत जीता | मुंबई |

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 खेलेंगे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने कथित तौर पर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को आश्वासन दिया है कि उन्हें आगामी मुकाबलों से मनमाने ढंग से बाहर नहीं किया जाएगा। इन दोनों सीनियर क्रिकेटरों ने मीडिया में आई खबरों में चिंता व्यक्त की थी कि चयन पैनल अगले महीने न्यूजीलैंड में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए उन्हें आराम देने की योजना बना रहा है। बाबर और रिजवान फिलहाल तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं।

### कुरेन पर जारी रहेगा चार मैचों का बैन



**सिडनी।** इंग्लैंड के आल राउंडर टॉम कुरेन की हाल में बिग बैश लीग मैच के दौरान अंपायर के साथ गलत व्यवहार करने के लिए लगे चार मैचों के प्रतिबंध को बदलने की अपील खारिज कर दी गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कुरेन पर आचार संहिता के 2.17 अनुच्छेद के अंतर्गत तीसरे लेवल के उल्लघंन के लिए यह प्रतिबंध लगाया था। इस खिलाड़ी ने 11 दिसंबर को होबार्ट हरिकेन्स के खिलाफ मैच से पहले सिडनी सिक्सर्स टीम के अभ्यास के दौरान अंपायर से बदतमीजी की थी।

### रेबेका रैफरी बनने वाली पहली महिला



**लंदन।** रेबेका वेल्च शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनीं। रेबेका फुलहम के खिलाफ बर्नले की 2-0 की जीत के दौरान रैफरी की भूमिका निभा रहीं थी। बर्नले के मैनेजर विन्सेंट कोंपानी ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया।

# कोहली और रोहित ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना, कल से अफ्रीका टेस्ट

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

विश्व कप के निराशाजनक फाइनल को एक महीना बीत चुका है। इसकी टीस अब तक कायम है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रविवार को यहां टेस्ट श्रृंखला के अभ्यास के दौरान बिना बातचीत किए जमकर पसीना बहाया। क्योंकि वे जानते हैं कि आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है और अपने कॅरियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है।

- विश्व कप के निराशाजनक फाइनल हार की टीस अब तक कायम

कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग-अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच-बीच में छोटे ब्रेक भी लिए। यह सब विश्व कप के दौरान अभ्यास सत्र से काफी अलग था क्योंकि तब ध्यान अपने अभ्यास और हंसी मजाक पर भी लगा होता था।



### रोहित ने किया अश्विन का सामना

रोहित और जायसवाल सबसे पहले नेट पर पहुंचे, उन्होंने बारी बारी जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर की गेंदों का सामना किया। रोहित ने अश्विन की गेंद को स्वीप कर दिखाया कि जहां तक सलामी बल्लेबाजी का संबंध है तो उनमें कुछ नहीं बदला है। इसी दौरान कोहली भी आ गए और उन्होंने कोच द्रविड़ से थोड़ी बातचीत की जो रोहित को बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे।

### कोच की तरह संजीदा दिखी टीम

अगले दो हफ्ते तक काफी कुछ दाव पर लगा होगा जिससे टीम अपने मुख्य कोच की तरह संजीदा दिखी जो विश्व कप के दौरान माहौल से बिलकुल अलग था। कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और संभवतः गेराल्ड कोएत्जे के चार तेज गेंदबाजों के आक्रमण के खिलाफ भारत के बल्लेबाजी गहराई को कम करने की संभावना नहीं है जिससे यहां के तेज गेंदबाजों के मुफीद हालात में शार्दुल ठाकुर फिर से अश्विन को पछाड़ सकते हैं। पहले दिन बारिश का पूर्वानुमान है। मुकेश कुमार ने भी नेट पर अच्छी गेंदबाजी की, हालांकि उनकी रफ्तार प्रसिद्ध कृष्णा से थोड़ी कम है। प्रसिद्ध की गेंदों से हालांकि ज्यादातर बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई।

### खिलाड़ियों पर द्रविड़ की नजरें



कोच राहुल द्रविड़ की नजरें मध्य नेट पर गड़ी थीं जहां केएल राहुल पैड लगाए मौजूद थे। कोना भरत ने पहले घंटे में विकेटकीपिंग ग्लव्ज नहीं पहने जिससे कोई शक नहीं रह गया कि विकेटकीपिंग कौन करेगा। स्लिप में खिलाड़ियों के साथ जब राहुल ने विकेटकीपिंग तो यह साफ हो गया और उनके साथ युवा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल मौजूद थे। सुपरस्पोर्ट पार्क में सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया।

## सहरावत और सौरभ ने जीते एयर पिस्टल ट्रायल

**नई दिल्ली।** हरियाणा के करण सहरावत और कर्नाटक की दिव्या टीएस ने रविवार को यहां पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल (टी2) में जीत दर्ज की जिसके साथ राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के नए सत्र के शुरुआती दो चयन ट्रायल संपन्न हुए। ओलंपियन सौरभ चौधरी पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष पर रहे।



सीनियर ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने भी 586 अंक जुटाए लेकिन अंदरुनी 10 अंक के करीब कम शॉट मारने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के तीन निशानेबाजों आदित्य मार्ला, सहरावत और स्पर्धा के उप विजेता रहे शिव नरवाल ने अंतिम तीन क्वालीफाइंग स्थान हासिल किए। सहरावत ने हालांकि 24 निशाने के फाइनल में 243.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शिव 242.6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से खेल में मदद मिली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए अतीत में इंडियन प्रीमियर लीग की लुभावनी पेशकश ठुकराईं जिससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली।



वह 2015 के बाद पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। स्टार्क ने कहा कि आईपीएल के दौरान ब्रेक से उन्हें तरोताजा होने और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए फिट रहने में मदद मिली। आईपीएल में स्टार्क पिछली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के साथ थे।

5-0 के समान स्कोर से आगे बढ़ीं मुक्केबाज

## जैसमीन, अरुंधती की राष्ट्रीय मुक्केबाजी में शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन (60 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अरुंधती चौधरी (66 किग्रा) ने रविवार को यहां 5-0 के समान स्कोर से जीत हासिल कर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

जैसमीन ने राउंड 16 मुकाबले में मणिपुर की थोंगाम कुंजारानी देवी पर 5-0 की जीत से अंतिम आठ में जगह बनायी जिसमें उनकी भिड़ंत महाराष्ट्र की पूनम कैथवास से होगी। अरुंधती का सामना क्वार्टरफाइनल में पंजाब की कमलप्रीत कौर से होगा। अरुंधती ने राउंड 16 में अमिता को 5-0 से पराजित किया। अन्य



महत्वपूर्ण मुकाबलों में साक्षी (57 किग्रा) ने दिल्ली की ज्योति पर रैफरी द्वारा मैच रोके जाने से राउंड 16 में प्रवेश किया जिसमें वह तेलंगाना की रेफा मोहिद के सामने होंगी। हरियाणा की स्वीटी बूरा (81 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की साई देवखर के सामने होंगी।

### अभ्यास सत्र...



**सेंचुरियन।** रविवार को सेंचुरियन, दक्षिण अफ्रीका में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी।

लगातार दूसरे साल आर्सेनल ने क्रिसमस पर बनाई बढ़त

# आर्सेनल और लिवरपूल का ईपीएल मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने शनिवार को यहां एनफील्ड में लिवरपूल से 1-1 से ड्रॉ खेलकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल क्रिसमस पर बढ़त बनाई। मैनेजर माइकल आर्टेटा को उम्मीद है कि इस बार उनकी टीम पिछले सत्र की तरह गलती नहीं करेगी और अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब जीतेगी।

पिछले सत्र में भी आर्सेनल की टीम 248 दिन तक शीर्ष पर थी लेकिन अप्रैल में लिवरपूल से 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद टीम लगातार खराब प्रदर्शन करते हुए खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। आर्सेनल के 18 मैच में 40 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद लिवरपूल से एक अंक आगे है। एस्टन विला के



भी 39 अंक हैं लेकिन लिवरपूल से खराब गोल अंतर के कारण वह तीसरे स्थान पर है। गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को खुशी होगी कि इस सप्ताहांत उसके शीर्ष तीन प्रतिद्वंद्वी जीत दर्ज करने में नाकाम रहे। एस्टन विला ने शुक्रवार को शेफील्ड यूनाईटेड से 1-1 से ड्रॉ खेला था।

### 5वें स्थान पर सिटी

*शुक्रवार को सऊदी अरब में क्लब विश्व कप जीतने वाला मैनचेस्टर सिटी ईपीएल में टोटेनहैम की एवर्टन पर 2-1 की जीत के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया है। शीर्ष पांच टीम के बीच सिर्फ छह अंक का अंतर है जबकि मैचेस्टर सिटी ने एक मैच कम खेला है।*

### 2-0 से जीता वेस्टहैम


मैनचेस्टर यूनाईटेड को वेस्टहैम के खिलाफ 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी जो मौजूदा सत्र में ईपीएल में उसकी आठवीं और सभी प्रतियोगिताओं में 13वीं हार है। यह यूनाईटेड का 1930 के बाद सबसे खराब प्रदर्शन है। टीम ने 1930 में क्रिसमस से पहले सभी प्रतियोगिताओं में 16 मुकाबले गंवाए थे।

## एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में सेविला को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

एटलेटिको मैड्रिड ने शनिवार को यहां दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए सेविला को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में 1-0 से हराया और शीतकालीन ब्रेक से पहले जीत दर्ज की। यह मुकाबला स्पेन की राजधानी में शुरुआत में सितंबर में होना था लेकिन खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण इसे स्थगित किया गया।

मैच का एकमात्र गोल मार्कोस लोरेंटे ने दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में दागा। वह मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे थे। केगलार सोयुन्सु को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद अंतिम 20 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ



खेलने के बावजूद एटलेटिको ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। एटलेटिको की टीम 18 मैच में 38 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। रीयाल मैड्रिड और गिरोना के समान 45 अंक हैं। रियल मैड्रिड की टीम हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष है।



# विश्वरंग-2023 का समापन

# समानांतर सत्रों में कला व साहित्य के कई पहलुओं पर विमर्श

▶ फिर मिलेंगे का किया वादा ▶ सांस्कृतिक सत्र में साधौ बैंड की लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति

*भोपाल। चार दिनों तक चले साहित्य, कला और संस्कृति के संगम का रविवार को रंगारंग व आतिशी समापन हुआ। इस अवसर पर शाम के सांस्कृतिक सत्र के साथ समापन सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे, सह निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, मुकेश वर्मा, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।*

चित्रकला प्रतियोगिता के 100 से अधिक छात्रों को सम्मान एवं 20 पुरस्कार प्रदान किए

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय का आयोजन विश्वरंग-2023






### साधौ बैंड के कलाकारों ने बांधा समां और लूटी श्रोताओं की तारीफ

रविवार को विश्वरंग समारोह में साधौ बैंड के कलाकार शिवांग और मयंक ने खूब समां बांधा। इसमें शिवांग ने दमा दम मस्त कलंदर... से शुरुआत की। उसके बाद मयंक और शिवांग ने मंच से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीतों को पेश करना शुरू किया जिन पर बड़ी संख्या में युवा जमकर झूमे। इसी बीच माहौल में विदेशी भाषा का रंग घोलते हुए मयंक ने स्पेनिश सॉन्ग सेनोरिटा... और "बेलाचाउ... से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान ड्रम पर जतिन, ढोलक पर विशाल, तबला पर दीपांशु, लीड जीटीआर जतिन, बेस जीटीआर मुकुल, कीबोर्ड पर प्रिंस, फ्लूट पर विशाल और वायलिन पर फिज रहे।

**पूर्व रंग में नाट्य संगीत व रंग-संगीत:** पूनम तिवारी एवं साथियों द्वारा हबीब तनवीर के रंग संगीत की प्रस्तुति दी। समूह ने सदगुरु ज्ञान दिखाई दे..., ऐसी सुंदर कलारिन..., बेला सांझ... की आदि गीतों को रंगारंग प्रस्तुति दी। पूनम जी के लोक संगीत पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। उनकी संस्था रंग छत्तीसा लोक नाट्य संस्था है।

**मंगलाचारण में बाल सभा और बांसुरी वादन:** दिन की शुरुआत मंगलाचारण में आकाशवाणी के वरिष्ठ कलाकार वीरेंद्र कोरे के द्वारा बांसुरी वादन से हुई, जिसमें उन्होंने प्रकृति का संगीत सुनाया जिनमें कहीं कोयल की धुन, कहीं बुंदेलखंडी, राजस्थानी, पंजाबी इत्यादि लोक धुनों को पेश किया गया।

**गीत गोविंदम के चित्रों पर वक्ताओं ने रखे विचार:** भारतीय चित्रकला का सच विषय पर विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता अशोक भौमिक उपस्थित रहे। वहीं गीत गोविंदम के चित्रों पर वक्ताओं ने विचार रखे। साहित्य और कला-आपसदारी के अर्थ विषय पर आयोजित सत्र में अध्यक्षता कर रहे नर्मदा प्रसाद उपाध्याय ने गीत गोविंदम के प्रजेंटेशन में गीत गोविंदम की गहराई को सरल करके सबके सामने रखा।

---

*संगीत मनीषियों ने एक स्वर में कहा... परहित से बढ़कर कोई धर्म नहीं...*

# हरिकथा, मिलाद और चादरपोशी के साथ हुई "तानसेन समारोह" की पारंपरिक शुरुआत

## सांध्य बेला में औपचारिक शुभारंभ और अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठापूर्ण महोत्सव "तानसेन समारोह'' की रविवार की सुबह पारंपरिक ढंग से शुरुआत हुई। यहां हजीरा स्थित तानसेन समाधि स्थल पर शहनाई वादन, हरिकथा, मिलाद, चादरपोशी और कव्वाली गायन हुआ। सुर सम्राट तानसेन की स्मृति में आयोजित होने वाले तानसेन समारोह का इस साल 99वां वर्ष है।

तानसेन समारोह का औपचारिक शुभारंभ रविवार सायंकाल हजीरा स्थित तानसेन समाधि परिसर में ऐतिहासिक मानसिंह तोमर महल की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर हुआ। इसी मंच पर बैठकर देश और दुनिया के ब्रम्हनाद के शीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित करेंगे। रविवार की प्रातः बेला में तानसेन समाधि स्थल पर परंपरागत ढंग से उस्ताद मजीद खां एवं साथियों ने रागमय शहनाई वादन किया। इसके बाद ढोलीबुआ महाराज नाथपंथी संत श्री सच्चिदानंद नाथ जी ने संगीतमय आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए ईश्वर और मनुष्य के रिश्तो को उजागर किया।





### तुलसीदास के भजन की प्रस्तुति

उन्होंने कहा सुर ही धर्म है। जो निर्विकार भाव से गाता है वही भक्त है। ढोली बुआ महाराज ने राग " बैरागी" में तुलसीदास जी द्वारा रचित भजन प्रस्तुत किया। भजन के बोल थे "भजन बिन तीनों पन बिगड़े"। उन्होंने प्रिय भजन "रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम" का गायन भी किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न रागों में पिरोकर अन्य भजन भी गए। ढोलीबुआ महाराज की हरिकथद मुस्लिम समुदाय से मौलाना इकबाल लश्कर कादिरी ने इस्लामी कायदे के अनुसार मिलाद शरीफ की तकरीर सुनाई।

### सभी मतों का एक ही संदेश...

उनके प्रवचन का सार था कि परहित से बढ़कर कोई धर्म नहीं। अल्लाह और ईश्वर, राम और रहीम, कृष्ण और करीम, खुदा और देव सब एक हैं। हर मनुष्य में ईश्वर विद्यमान है। हम सब ईश्वर की सन्तान है तथा ईश्वर के अंश भी हैं। सभी मतों का एक ही है संदेश है कि सभी नेकी के मार्ग पर चलें।

### ग्वालियर दुर्ग के ऐतिहासिक मानसिंह महल की थीम पर बने भव्य मंच पर सज रही संगीत सभाएं

संगीतधानी ग्वालियर में रविवार की सांध्यबेला में विश्व संगीत समागम "तानसेन समारोह'' की मुख्य सभाओं का शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत की अध्यक्ष दुर्गेश कुंअर सिंह जाटव, राज्य शासन के संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला, संचालक संस्कृति विभाग अदिति कुमार त्रिपाठी, निदेशक उस्ताद अलाउद्दीन खां कला एवं संगीत अकादमी जयंत माधव भिसे एवं राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस साल के तानसेन समारोह का शुभारंभ किया।



### आचार्यों व छात्रों ने ध्रुपद गायन से की शुरुआत

यहां हजीरा स्थित सुर सम्राट तानसेन की समाधि के समीप ग्वालियर दुर्ग के ऐतिहासिक मानसिंह महल की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर शास्त्रीय संगीत के देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह की संगीत सभाएं सज रही हैं। इस साल के तानसेन समारोह की पहली संगीत सभा की शुरूआत पारंपरिक रूप से स्थानीय माधव संगीत महाविद्यालय ग्वालियर के आचार्यों व विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रशस्ति एवं ध्रुपद गायन के साथ हुई।

---

## भोजपुरी नाइट का आयोजन

# गोरी फूल झारी बानू, पापा की पारी बानू... की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपाल महोत्सव मेले के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को भोजपुरी नाईट में भोजपुरी सिंगर अनुपमा यादव ने राम आएंगे राम आएंगे, मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे से शुरुआत की। इसके बाद मेरे भारत का बच्चा बच्चा, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, हम हिन्दू हैं बब्बर शेर के साथ अपने सुपरहिट भोजपुरी सांग्स पियर फिराक वाली से जमकर धमाल मचाया।

अनुपमा ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी गाने और भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल, अशोक पोरवाल वरिष्ठ प्रचारक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, आलोक शर्मा के साथ भोजपाल महोत्सव मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी के साथ मेला समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित कर की।

» मेला देखने बड़ी संख्या में राजधानीवासी पहुंचे



### मेले में उमड़ रही भारी भीड़

भोजपाल महोत्सव मेले में भारी भीड़ उमड़ रही है। रोजाना लाखों की संख्या में शहरवासी परिवार के साथ मेला देखने पहुंच रहे हैं। रविवार को डेढ़ लाख से ज्यादा लोग मेला देखने पहुंचे। बता दें कि मेले में आने वाले लोगों के लिए ट्रेडिशनल सेल्फी जोन, फूड जोन, क्राकरी, गर्म कपड़ों के स्टाल के साथ विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं। यहां 180 फीट लम्बे मछली टनल के साथ लोगों को चांद से चंद्रयान और चांद पर भारत की उपब्धि देखने को मिल रही है।




---

# यंग थिंकर्स फोरम की पुस्तक परिचर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम के रीडिंग क्लब द्वारा 84वीं पुस्तक परिचर्चा का आयोजन लेक व्यू स्थित विंड एंड वेव्स पर किया गया। इस पुस्तक परिचर्चा में सीताराम गोयल की पुस्तक जीसस क्राइस्ट - एन आर्टिफेस फॉर अग्रेशन की समीक्षा वैभव चतुर्वेदी ने की और जस्टिस एस एन अग्रवाल की पुस्तक भारत इज ए विश्व गुरु की समीक्षा पहल टेवरे ने की।

### जीसस और ईसाइयत का पर्दाफाश करती है सीताराम

जीसस क्राइस्टः एन आर्टिफेस फॉर एग्रेशन की समीक्षा करते हुए वैभव ने बताया कि ईसाइयत के सबसे प्रसिद्ध मिथकों का सिलसिलेवार खंडन करती है। यह ईसाइयत के गॉस्पेल जो कि मैथ्यू, मार्क, ल्यूक और जॉन द्वारा जीसस के जीवन के आंखों देखे वृतांत हैं, उनमें जीसस के जन्म से लेकर यहूदियों द्वारा उनके ऊपर चलाए ईशनिंदा के अभियोग और रोमन साम्राज्य द्वारा उन्हें क्रॉस पर लटकाए जाने और उनके दोबारा जीवित हो उठने के मिथकों का खंडन प्राथमिक ईसाई स्त्रोतों के संदर्भों से करती है। इसके अलावा नाजी और फासिस्ट विचारों के मूल में भी ईसाई मत का प्रभाव साफ देखने को मिलता है जो अंत में नाजी जर्मनी में हिटलर द्वारा यहूदियों पर किए गए होलोकॉस्ट से सिद्ध होता है।

---

हर वर्ग के लोगों ने किया उत्साह के साथ ब्लड डोनेशन

# जसवंत दांगी वेलफेयर सोसाइटी ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रिसमस की पूर्व संध्या में एक अनोखा वातावरण था, लोगों की जिंदगी बचाने के लिए सांता क्लाउस बनकर आगे आये भोपालवासी, मौका था जसवंत दांगी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को अरेरा कॉलोनी स्थित 10 नंबर फुलवारी मार्किट में ब्लड डोनेशन कैंप का। यह चौदहवा साल था इस कैंप का जिसमे 1000 से भी ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया जिसमे शाम होने तक 201 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया जिसमे महिलाओ ने भी बढ़-चढ़ कर रक्त दान किया।

---

## 263 करोड़ के गोल्ड लोन में सीबीआई को लगी चपत

# तीन बैंक मैनेजर और ज्वेलर्स ने मिलकर लगाया चूना मिलीभगत कर नकली सोना गिरवी कर लिया ऋण

*बैंक अधिकारियों सहित 50 से अधिक लोगों के खिलाफ ईओडब्ल्यू में केस दर्ज*

*70 से अधिक ग्राहकों के जरिए लिया लोन, लॉकर इंचार्ज व जांच करता भी आरोपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में फर्जीबाड़े और धोखाधड़ी के कई मामले सामने उजागर हुए हैं। ईओडब्ल्यू ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। 263 करोड रुपए की गोल्ड लोन के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को चूना लगाया है। शाजापुर जिले के तीन बैंक मैनेजर की मिली भगत से ज्वेलर और फर्जी ग्राहक बनकर गोल्ड लोन लिया गया। असली सोने की जगह नकली सोना रखा और बैंक अधिकारियों की मिली भगत से रकम हड़प ली। मामले का खुलासा रीजनल ऑफिसर ने किया। इसके बाद ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कर दी। शिकायत की जांच के आधार पर ईओडब्ल्यू ने ग्राहक बैंक अधिकारी सहित 50 से अधिक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ईओडब्ल्यू की अधिकारी ने बताया कि रीजनल मैनेजर अरविंद मिश्रा ने अपने बयान में बताया कि 5 लाख से अधिक गोल्ड लोन स्वीकृत। करने के लिए सुनार से आभूषण का मूल्यांकन करना जरूरी है गिरवी रखे गए सोने को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित ब्रांच के ऑफिसर पर जांच करते हैं।

### कोरोना का डर, ग्राहकों की जरूरत

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि आरोपियों ने बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर कोरोना के डर का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को पैसे की जरूरत है। इसलिए लोन लेना चाहते हैं बैंक अधिकारियों ने मुनाफे की लालच में ज्वेलर के साथ मिलकर असली की जगह नकली सोना रखना दिया। इससे बैंक को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।

### एसबीआई मगरिया शाखा - 1 करोड़ 25 लाख

जानकारी के मुताबिक एसबीआई की मगरिया शाखा में करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपए का नकली सोना रखकर लोन लिया गया। खुलासा होने के बाद आभूषण की शुद्धता और कीमत शून्य पाई गई, जिससे बैंक को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि इस बात की जांच की गई कि आखिर लोन जारी करते समय क्या बैंक अधिकारियों की जगह किसी और व्यक्ति ने हस्ताक्षर किए हैं। जांच पर पाया कि बैंक अधिकारियों ने ही अपने साइन करते हुए लोन जारी किया है।

### एसबीआई मेन ब्रांच शाजापुर - 96 लाख, 96 हजार

शाजापुर एसबीआई मेन ब्रांच में 96 लाख 96 लाख रुपए से अधिक का लोन जारी किया है। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों में धोखाधड़ी में एक तरह का पैटर्न अपनाया गया। नकली सोना रखा गया और अधिकारियों की मिली भगत से लोन जारी कर लिया गया। साल 2020 से लेकर 21 के बीच में 24 लोन गोल्ड सेंशन किए गए।

### एसबीआई चौक बाजार शाजापुर - 41 लाख

एसबीआई चौक बाजार शाजापुर में बैंक अधिकारी प्रदीप गुप्ता ने जांच में बताया नियमों का पालन नहीं हुआ। साल 2020 से 21 के बीच में 11 गोल्ड लोन स्वीकृत किए गए। इसमें कैश ऑफिसर, प्रोसेसिंग ऑफिसर, और कई और बैंक के अधिकारियों ने मल्टीपरपज एग्री गोल्ड लोन स्कीम में अपने पदों का दुरुपयोग किया।

### जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी

ईओडब्ल्यू उज्जैन के अधिकारियों का कहना है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी जांच रिपोर्ट पेश कर दी है। जिसके आधार पर अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी जालशाजी और गबन की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930